e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
वर्ष 11, अंक 193

सुविचार
अच्छे लोगों से हमेशा मित्रता बनाए रखें।

हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
मंगलवार
16.07.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

## क्विक न्यूज

### बिजली के तार में सटा बाराती बस, तीन की मौत

**रांची :** रांची के तमाड़ प्रखंड अंतर्गत चोंगागाटू गांव में एक बाराती बस बिजली के तार की चपेट में आने से बस में सवार एक नाबालिग समेत तीन की मौत हो गई। 5 घायल बूरी तरह से झुलस गए । घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बता दें कि घटना रविवार देर रात की है। जानकारी के अनुसार बाराती बस सरायकेला जिले के कुचई थाना क्षेत्र के बारूहातु गांव से तमाड़ थाना क्षेत्र के चोगागुटू आ रही थी। गांव में प्रवेश करने से पहले ही बस बिजली के तार के संपर्क में आ गई। जिससे बस की छत पर बैठे 3 लोगों की वहीं पर मौत हो गई। जिनकी पहचान दिनेश सिंह मुंडा (36), मुंडा मुंडा (25) और जितेन सिंह मुंडा (12) के रूप में हुई है। गांव में मातम पसर गया।

### पाकिस्तान में सैन्य प्रतिष्ठान के पास हुआ सुसाइड अटैक, 8 नागरिकों समेत कई जवान हुए घायल

**पेशावर :** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र में एक सैन्य प्रतिष्ठान की बाहरी दीवार के पास सोमवार तड़के एक आत्मघाती हमलावर ने विस्फोटकों से लदे वाहन में धमाका कर उड़ा दिया। साथ ही उसके एक साथी ने अपनी जैकेट में विस्फोट कर दिया, जिससे आठ नागरिक घायल हो गए और आसपास के घरों को नुकसान पहुंचा। एक स्थानीय पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारी ताहिर खान ने बताया कि हमलावरों ने बन्नू शहर स्थित सेना के कार्यालय और सुरक्षाबलों के आवास में घुसने के प्रयास में यह हमला किया था,हालांकि सुरक्षाबलों ने इस हमले में तुरंत कार्रवाई करते हुए हमलावरों के प्रयास को विफल कर दिया।

### असम में बाढ़ से अब तक 109 लोगों की गई जान

**नई दिल्ली:** देश के अधिकतर राज्यों में बारिश हो रही है। उत्तर प्रदेश, बिहार, राजस्थान और गुजरात के कई जिलो में पिछले कई दिनों से बारिश का दौर चल रहा है। उत्तर प्रदेश, बिहार और असम की कई नदियां उफान पर हैं। यूपी और असम के कई जिलो में बाढ़ जैसे हालात बने हुए हैं। असम में आई बाढ़ से 1,342 गांव जलमग्न हैं। 25,367.61 हेक्टेयर फसल क्षेत्र क्षतिग्रस्त हो गई है। राज्य की ब्रह्मपुत्र नदी निमाटीघाट, तेजपुर और धुबरी में खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। असम में आई बाढ़ से 109 लोगों की जान भी जा चुकी है।

### कांवड़ यात्रा को लेकर पुलिस ने कसी कमर, रूट डायवर्जन को लेकर खाका तैयार

**लखनऊ:** सावन मास की कांवड़ यात्रा की तैयारियों का सिलसिला शुरू हो गया है। इस क्रम में अमरोहा, मुरादाबाद व हापुड़ जिले के पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों की एक समन्वय बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें शिव भक्तों को किसी भी प्रकार की दिक्कत न हो इसको लेकर व्यवस्थाओं पर चर्चा हुई। इसको लेकर रूट डायवर्जन का खाका भी तैयार किया गया। इस बार 19 जुलाई की शाम से 19 अगस्त तक यानी एक महीने तक भारी वाहनों का रूट डायवर्जन रहेगा। यूं तो 22 जुलाई से सावन मास का शुभारंभ हो जाएगा।

### महाराष्ट्र की राजनीति में हलचल तेज: अजित गुट के नेता ने की शरद पवार से मुलाकात

**मुंबई :** महाराष्ट्र के मंत्री छगन भुजबल ने सोमवार को यहां राकांपा प्रमुख शरद पवार से उनके आवास पर मुलाकात की। भुजबल ने अभी तक मुलाकात का कोई कारण नहीं बताया है।महाराष्ट्र मेंआरक्षण के मुद्दे को लेकर सियासी माहौल काफी गर्म है। वहीं, दूसरी ओर, यह देखा जा सकता है कि छगन भुजबल महागठबंधन में नाखुश हैं। इसलिए कहा जा रहा है कि छगन भुजबल इन्हीं दोनों मुद्दों पर चर्चा के लिए शरद पवार से मिलने पहुंचे हैं, लेकिन इस दौरे की वजह अभी तक सामने नहीं आई है। कांग्रेस, एनसीपी और उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (यूबीटी) वाले महा विकास अघाड़ी (एमवीए) के नेता 9 जुलाई को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे द्वारा बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में शामिल नहीं हुए, उनका दावा था कि मराठा आरक्षण के मुद्दे पर विपक्ष को विश्वास में नहीं लिया गया।भुजबल ने रविवार को दावा किया कि विपक्षी नेता 9 जुलाई को शाम 5 बजे बारामती से आए एक फोन कॉल के बाद बैठक से दूर रहे।गौरतलब है कि पुणे जिले का बारामती लोकसभा क्षेत्र 83 वर्षीय शरद पवार का गढ़ है। एनसीपी के सूत्रों ने बताया कि भुजबल को लग रहा है कि पार्टी में उनकी बात नहीं सुनी जा रही है। उन्होंने कहा कि वह अजित पवार की पार्टी के साथ हैं, लेकिन पार्टी के भीतर राजनीतिक रूप से अलग-थलग हैं।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 38⁰ |
| न्युनतम | 27⁰ |

# पीएम मोदी से मिले सीएम हेमंत सोरेन

**प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दिल्ली में पीएम आवास पर पीएम मोदी से मुलाकात की है। हेमंत सोरेन ने पीएम मोदी को गुलदस्ता भी भेंट किया है। दूसरी ओर सीएम हेमंत सोरेन ने इस मुलाकात को शिष्टाचार भेंट बताया है। उन्होंने एक्स पर लिखा- माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी से शिष्टाचार मुलाकात हुई। झारखंड में विधानसभा के चुनाव निर्धारित समय से दो महीने पहले अक्टूबर में कराए जा सकते हैं।**



एजेंसी

**नई दिल्ली :** हाल ही में झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता हेमंत सोरेन जेल से जमानत पर बाहर आए हैं। जेल से बाहर आते ही उन्होंने एक बार फिर से झारखंड के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली है। आपको बता दें कि इसी साल के आखिर में झारखंड में विधानसभा चुनाव का आयोजन संभव है। अब इस चुनावी सीजन के बीच झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दिल्ली जाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की है। दोनों नेताओं की मुलाकात अब चर्चा का विषय बन गई है। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दिल्ली में पीएम आवास पर पीएम मोदी से मुलाकात की है। हेमंत सोरेन ने पीएम मोदी को गुलदस्ता भी भेंट किया है। दूसरी ओर सीएम हेमंत सोरेन ने इस मुलाकात को शिष्टाचार भेंट बताया है। उन्होंने एक्स पर लिखा- माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी से शिष्टाचार मुलाकात हुई। झारखंड में विधानसभा के चुनाव निर्धारित समय से दो महीने पहले अक्टूबर में कराए जा सकते हैं। हरियाणा और महाराष्ट्र विधानसभा के चुनाव इसी समय होने हैं। इन दोनों राज्यों में चुनाव पूर्व वोटर लिस्ट को अपडेट और रिवाइज करने की प्रक्रिया जिस शेड्यूल के तहत चल रही है, झारखंड में भी वही शेड्यूल फॉलो किया जा रहा है। इसी आधार पर झारखंड के चुनाव इन दोनों राज्यों के साथ कराए जाने के संकेत मिल रहे हैं। भारत निर्वाचन आयोग की उच्चस्तरीय टीम ने 10 और 11 जुलाई को झारखंड का दौरा किया। वरीय उप निर्वाचन आयुक्त धर्मेंद्र शर्मा और नितेश व्यास ने राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार और सभी 24 जिलों के निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ रिव्यू मीटिंग कर वोटर लिस्ट रिवीजन और मतदान केंद्रों की तैयारियों का जायजा लिया।

### हेमंत सोरेन की याचिका पर जवाब देने के लिए ईडी ने मांगा समय

रांची- प्रवर्तन निदेशालय के समन से जुड़े शिकायतवाद मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने एमपी,एमएलए की विशेष अदालत से राहत की मांग की है. इस मामले में ईडी की विशेष अदालत में सुनवाई होनी थी. लेकिन ईडी की ओर से जवाब दाखिल करने के लिए समय की मांग की गई है. कोर्ट अब सुनवाई की अगली तारीख निर्धारित करेगा. दरअसल, ईडी के समन की अवहेलना से जुड़े शिकायतवाद पर हेमंत सोरेन छठी बार विशेष न्यायिक दंडाधिकारी सार्थक शर्मा की अदालत में पेश नहीं हुए. 5 जुलाई को उनकी ओर से याचिका दाखिल कर सशरीर उपस्थिति से छूट का आग्रह किया गया था. इसपर जवाब देने के लिए ईडी ने समय मांगा था. फिर 15 जुलाई को सुनवाई की तारीख तय हुई थी. सोमवार को फिर ईडी की ओर से जवाब दाखिल करने के लिए समय की मांग की गई है.

### तिहाड़ ने भी माना केजरीवाल का जेल में कम हुआ वजन : आप



**नई दिल्ली :** आम आदमी पार्टी की ओर से मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की तिहाड़ जेल प्रशासन की मेडिकल रिपोर्ट पर जवाब आया है। सांसद संजय सिंह ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि तिहाड़ जेल न आखिरकार मान लिया है कि शुगर लेवल कम हुआ। केजरीवाल कोमा में जा सकते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक उनका वजन भी कम हुआ है।जेल प्रशासन ने कहा कि अरविंद केजरीवाल का जेल में 8.5 किलोग्राम वजन कम नहीं हुआ है। जैसा कि आप के मंत्री, सांसद और अन्य लोग दावा कर रहे हैं। एक अप्रैल को जब केजरीवाल पहली बार तिहाड़ आए थे, तब उनका वजन 65 किलोग्राम था। इसके बाद आठ और 29 अप्रैल को उनका वजन 66 किलोग्राम था। वे चुनाव प्रचार के लिए नौ अप्रैल को जेल से बाहर आए और दो जून को वापस जेल आ गए। उस दिन यानी दो जून को उनका वजन 63.5 किलोग्राम था। इसके बाद 14 जुलाई को उनका वजन 61.5 किलोग्राम था। इस तरह उन्होंने दो किलो वजन कम हुआ।तिहाड़ जेल प्रशासन ने आगे बताया कि यह वजन घटाना भी उन्होंने जानबूझ कर किया है। जिसके पीछे स्पष्ट कारण थे। वे तीन जून से नियमित रूप से अपने घर से भेजा गया खाना वापस कर रहे हैं। यानी चुनाव प्रचार के बाद जेल वापस आने के अगले ही दिन से। ऐसे में ध्यान देने वाली बात है कि जेल में अपने पिछले कार्यकाल में वे जानबूझकर ऐसा खाना खा रहे थे। जिससे उनका शुगर लेवल बढ़ जाता था।

### मुस्लिम राष्ट्रीय मंच झारखंड प्रदेश द्वारा हुआ एक दिवसीय गोष्ठी का आयोजन

## किसी भी विवाद का हल नफरत नहीं मोहब्बत है : इंद्रेश कुमार




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** विकसित भारत अभियान के तहत मुस्लिम राष्ट्रीय मंच झारखंड प्रदेश द्वारा एक दिवसीय गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसका विषय था ÷संवाद से विश्वास, राष्ट्रीय एकता एवं विकास÷। इस मौके पर राष्ट्रीय मुस्लिम मंच के संरक्षक एवं अखिल भारतीय मार्गदर्शन एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य वरिष्ठ प्रचारक डॉक्टर इंद्रेश कुमार बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित हुए और सभा को संबोधित किया। डा इंद्रेश ने इस्लाम धर्म के 14 सौ साल पर प्रकाश डालते हुए इसकी तुलना करीब 5000 वर्ष पुराना महाभारत से की है। उन्होंने कहा कि 1400 साल पहले रसूल ने अच्छे रास्ते पर चलने और मां की पैरों तले जन्नत बताया है। उन्होंने मोहब्बत करने और नफरत से बचने को कहा है। उन्होंने कहा कि किसी भी विवाद, समस्या का हल नफरत नहीं मोहब्बत है जो सुलह,समझौता के साथ होता है। विशिष्ट अतिथि झारखंड टेक्निकल यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रोफेसर डीके सिंह ने कहा कि हमें मिसाइल मैन अब्दुल कलाम आजाद को अपना रोल मॉडल बनाकर उन्हीं के रास्ते पर चलकर उस स्तर तक शिक्षित होना है। क्योंकि शिक्षा से ही उन्नति होती है। मंच संचालन अधिवक्ता तनवीर अब्बास ने की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि एसएन सिन्हा इंस्टिट्यूट के चेयरमैन सुबोध कुमार सिंह ने मंच के सिफ़ारिश पर घोषणा किया कि अपने संस्थान में पाँच अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों को मुफ़्त में सिक्षा प्रदान करेंगे। श्री सिंह ने इंद्रेश कुमार को मोमेंटो भेंट किया।

#### सांस्कृतिक विरासत से ही देश की तरक्की संभव है : डॉ. शाहिद अख्तर

विशिष्ट अतिथि डॉक्टर शाहिद अख्तर राष्ट्रीय संयोजक मुस्लिम राष्ट्रीय मंच सदस्य राष्ट्रीय शैक्षणिक अल्पसंख्यक शिक्षण संस्थान आयोग ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि संवाद से विश्वास एवं विकास भारत की संस्कृति में है।सांस्कृतिक विरासत से ही देश की तरक्की संभव है। उन्होंने कहा कि मंच ने अपने स्थापना काल से नारा दिया की तालीम जिंदगी के लिए और जिंदगी वतन के लिए है। जब हम शिक्षित होंगे तो संवाद करेंगे। इससे विवादों का समाधान होगा और राष्ट्रीय एकता स्थापित होगी।

#### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

स्वागत भाषण प्रोफेसर शूजाउद्दीन मलिक डीन फकैल्टी ऑफ़ फॉरेस्ट्री बिरसा एग्रीकल्चर रांची ने की। मंच की ओर से उपस्थित हाजी एजाज प्रदेश संयोजक, प्रोफेसर अशफाक, डॉक्टर नाजिश हसन,मौलाना जिया उल हक अशरफी,फरहाना खातून, मौलाना अब्दुल रकीब, वारिस खान, टीपू खान, जाली खान, सोना खान, राफिया नाज, आरिफ नासिर बट्ट सहित कई गणमान्य लोग मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### कर्नाटक के डिप्टी सीएम शिवकुमार को सुप्रीम झटका

## सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई जांच रद्द करने की याचिका खारिज



एजेंसी

**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार को झटका दिया है। कोर्ट ने शिवकुमार की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने अपने ऊपर आय से अधिक संपत्ति के कथित मामले में सीबीआई की ओर से दर्ज केस को रद्द करने की मांग की थी। बताया गया है कि शिवकुमार ने मामले के भ्रष्टाचार रोकथाम अधिनियम के तहत दर्ज किए जाने पर आपत्ति जताई थी और सुप्रीम कोर्ट से जांच को खत्म करने की मांग की थी। हालांकि, सर्वोच्च न्यायालय से उनकी याचिका खारिज कर दी। सुप्रीम कोर्ट की जज जस्टिस बेला त्रिवेदी और जस्टिस एससी शर्मा की बेंच ने कहा कि वह कर्नाटक हाईकोर्ट के आदेश में हस्तक्षेप के लिए तैयार नहीं हैं, इसलिए शिवकुमार की याचिका को खारिज किया जाता है।गौरतलब है कि शिवकुमार ने इससे पहले सीबीआई केस रद्द करवाने के लिए कर्नाटक हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। तब उन्हें उच्च न्यायालय से भी राहत नहीं मिली थी। हाईकोर्ट ने मामले में सीबीआई से तीन महीने के अंदर जांच पूरी कर रिपोर्ट सौंपने के लिए कहा था।सीबीआई ने आरोप लगाया है कि डीके शिवकुमार ने 2013 से 2018 के बीच कांग्रेस सरकार में मंत्री रहते हुए अपने ज्ञात आय के स्रोतों से इतर बेतहाशा संपत्ति हासिल कर ली। सीबीआई ने मामले में 3 सितंबर 2020 को केस दर्ज किया था। वहीं, डीके शिवकुमार ने इस मामले को 2021 में चुनौती दी थी।

### महुआडांड में मजाक बना आजादी का अमृत महोत्सव

## ईलाज के लिए खटीया पर ला रहे बीमार आदिवासी महिला की मौत

**सोमवार की सुबह जब उसकी हालत गंभीर हुई तो परिवार के लोग उसे खटीया पर ढोकर ला रहे थे। जहां रास्ते में उसकी मौत हो गई।**



प्रभात मंत्र संवाददाता

**महुआडांड :** लातेहार जिला के महुआडांड प्रखंड स्थित बसेरिया गांव में सड़क नही होने के कारण इलाज के अभाव में एक 45 वर्षीय आदिवासी महिला की मौत हो गई। सोमवार की सुबह बसेरिया निवासी रेमिश मिंज की पत्नी शांति कुजूर बिमार थी। सोमवार की सुबह जब उसकी हालत गंभीर हुई तो परिवार के लोग उसे खटीया पर ढोकर ला रहे थे। जहां रास्ते में उसकी मौत हो गई। इस संबंध में दुरूप पंचायत के पूर्व पंचायत समिती सदस्य धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि कई दशको से गांव के लोग सड़क की मांग कर रहे है। लेकिन सरकार एवं जिला प्रशासन का इसमे कोई ध्यान नही दिया, आज अगर सड़क बनी होती तो महिला की मौत इलाज के अभाव में नही होता।गांव के अमित कुजूर पीटर तिर्की, संजय सिंह, बिगन नागेसिया, रविन्द्र सिंह,जोसेफ तिर्की, विनोद सिंह कहते है, कोई गंभीर मरीज को इलाज के लिए जब गांव से मेन तक लाना पड़े तो कंधे पर ठोकर ले जाते हैं, ग्राम सभा में हमेशा सड़क की मांग होती है. कई आवेदन भी दिया गया है, मुखिया को आवेदन देते रहते है, फिर भी सड़क नही मिल पा रही है।बता दें कि महुआडांड में आजादी का अमृत महोत्सव मजाक बन कर रह गया है। आजादी के 75 वर्ष बीत जाने के बाद भी यहां के लोग बुनियादी समस्याओं के लिए तरस रहे हैं।

## 24 राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट



एजेंसी

**नई दिल्ली :** देश के अधिकांश राज्यों में मानसून एक्टिव हो गया है। महाराष्ट्र में कई जगह तेज बरसात से जलजमाव हो गया, तो बिहार और उत्तर प्रदेश के भी कई शहरों में बाढ़ जैसे हालत बन गए हैं। हालांकि उत्तराखंड में बारिश में थोड़ी कमी आई है। पहले के मुकाबले असम में भी हालात काबू हैं।

इसी बीच मौसम विभाग ने कई राज्यों में फिर तेज बारिश का अनुमान जताया है। मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले पांच दिनों तक केरल, गोवा, कर्नाटक, महाराष्ट्र, एमपी, गुजरात, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, उत्तराखंड, पूर्वी उत्तर प्रदेश, पूर्वी राजस्थान, छत्तीसगढ़, उप हिमालयी पश्चिम बंगाल, सिक्किम, बिहार, ओडिशा, अरुणाचल प्रदेश, ओडिशा, असम, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा के अलावा तमिलनाडु के कई क्षेत्रों में भारी बारिश देखने को मिल सकती है। विज्ञान विभाग ने आने वाले पांच दिनों के दौरान पूर्वी राजस्थान, अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर मिजोरम और त्रिपुरा में तेज हवाएं चलने का अनुमान लगाया है। वहीं पश्चिमी राजस्थान में आंधी और वज्रपात के साथ तेज हवाएं चलने की संभावना जताई गई है।आईएमडी के अनुसार 18 जुलाई तक देश के कई राज्यों में भारी से अत्यधिक बारिश और कई राज्यों में भारी बारिश का दौर देखने के लिए मिल सकता है।

### केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 20 को आएंगे रांची

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता)।** झारखंड भाजपा की एक दिवसीय विस्तारित प्रदेश कार्यसमिति बैठक 20 जुलाई को धुर्वा स्थित जगन्नाथ मैदान में होगी। प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी शामिल होंगे। बैठक में मंडल से लेकर प्रदेश स्तर के पार्टी पदाधिकारी, कार्यसमिति सदस्य, सभी सात मोर्चो के पदाधिकारी, कार्यसमिति सहित विभाग और प्रकोष्ठ के सूचीबद्ध कार्यकर्ता शामिल होंगे।

असर्फी कैंसर संस्थान
असर्फी हॉस्पीटल
वही तरीका वही इलाज
संभव है कैंसर को हराना, सही समय पर जाँच कराना
PET CT Scan
की सुविधा उपलब्ध
9297970030
Asarfi Health Educity, Ranguni Road, Bhuli, Dhanbad - 828105

# पूर्व के जनप्रतिनिधियों ने जनता को सिर्फ ठगने का काम किया है : मिथिलेश ठाकुर

## भाजपा व आजसू छोड़कर 300 से अधिक लोगों ने थामा झामुमो का दामन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** भाजपा एवं आजसू पार्टी छोड़ कर 300 से अधिक लोगों ने मुक्ति मोर्चा का दामन थाम लिया है। सोमवार को मेराल प्रखंड के हासनदाग पंचायत भवन के समीप आयोजित मिलन समारोह में सभी ने झारखंड मुक्ति मोर्चा की सदस्यता ग्रहण की। मौके पर गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने सभी को माला पहना कर व पार्टी का पट्टा पहना कर पार्टी में शामिल किया। इस दौरान पार्टी में पंचायत समिति सदस्य,वार्ड सदस्य सहित भाजपा और आजसू के कई पदाधिकारी अपने समर्थकों के साथ शामिल हुए हैं। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि पहली बार गढ़वा की जनता ने मुझे आशीर्वाद देकर सेवा का मौका दिया। तब से अब तक पूरे गढ़वा की तस्वीर बदल चुकी है। फिर समय आ चुका है। गढ़वा की पूरी जनता तैयार बैठी है कि मिथिलेश ठाकुर को पुनः अपार मतों से विजयी बनाकर विधानसभा भेजना है एवं फिर से सेवा का मौका देना है। उन्होंने कहा कि पूर्व के जनप्रतिनिधियों ने जनता को सिर्फ ठगने का काम किया है। इस बार आप सभी मिलकर ऐसे लोगों का जमानत जप्त करा दें। तभी वैसे लोगों को महसूस होगा कि जनता के साथ झूठ, फरेब, मसखरी नहीं चलेगा। क्षेत्र को विकास चाहिए और विकास करने वाला जनप्रतिनिधि चाहिए। झूठ बोलने के लिए वे अपने विरोधियों को खुला छोड़ दिये हैं। मौके पर मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष तनवीर खान, प्रखंड प्रमुख दीपमाला कुमारी, प्रखंड कार्यकारी अध्यक्ष सूर्य प्रकाश, मुन्ना सिंह, बब्लू सिंह, राजेश बैठा, रेयाज अंसारी, राजू पासवान, सुनील बैठा, मुनर साव, सुदेश्वर चौधरी, कुंदन चौधरी, सुरेंद्र चौधरी, देवकुमार चौधरी, परशुराम चौबे, अखिलेश चौधरी, रमेशी चौधरी, गुलाब चौधरी, कपिल चौधरी सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में बच्चे के इलाज में हुआ लापरवाही



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** अनुमंडलीय अस्पताल इन दिनों कुव्यवस्था का शिकार है। यहां की चिकित्सा सेवाओं की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। गत 12 जुलाई को एक 10 वर्षीय बच्चा अंकुश शर्मा, पिता नंदलाल शर्मा, विश्वकर्मा नगर, जपला निवासी, एक गंभीर हादसे का शिकार हुआ। अंकुश अपने मामा और भाई के साथ डिज्नीलैंड मेले में मिक्की माउस झूले पर मस्ती कर रहा था, तभी उसका हाथ टूट गया। अंकुश को तुरंत हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक चिकित्सा के बाद उसे मेदिनीनगर रेफर कर दिया गया। लापरवाही का आलम यह है कि अस्पताल के डॉक्टरों ने अंकुश के हाथ को कार्टून के मोटे पेपर के सपोर्ट से बांधकर रेफर कर दिया, जो चिकित्सा मानकों के अनुसार उचित नहीं था। ऐसी स्थिति में प्लास्टर या स्प्लिंट का उपयोग किया जाना चाहिए था, लेकिन अस्पताल की अव्यवस्था और संसाधनों की कमी के कारण यह संभव नहीं हो सका। इससे बच्चे और उसके परिवार को अतिरिक्त परेशानियों का सामना करना पड़ा।

## केतार में मां अदरी मेडिकल एजेंसी का हुआ शुभारंभ



**केतार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत केतार बाजार के मुख्य गेट के समीप नीरज कंपलेक्स मे सोमवार को मां अदरी मेडिकल एजेंसी का शुभारंभ फीता काट कर प्रोपराइटर के अभिभावक जय साह ने किया। इस दौरान उक्त मेडिकल एजेंसी के प्रोपराइटर परशुराम गुप्ता ने बताया कि मेरे यहां अंग्रेजी,आयुर्वेदिक एवं वेटरनरी सभी प्रकार की दवा थोक एवं खुदरा उचित मूल्य पर उपलब्ध हैं। जिसे स्थानीय चिकित्सकों एवं ग्रामीणों को दवा खरीदने में काफी सहूलियत होगी। इस मौके पर किशोर कुमार मंगलम, कुमार रामचंद्रम, दानिश शू केतार के प्रोपराइटर इम्तेयाज आलम, महेंद्र पाल, सुरेश साह, राम भजन गुप्ता, विश्वनाथ प्रसाद साह, जय साह, नीरज कमलापुरी, धीरज कमलापुरी, जयंतविश्वकर्मा, मनीष कुमार गुप्ता, इंदल प्रसाद गुप्ता, जोखू राम, सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## नगर उंटारी सीओ को केतार बीडीओ व सीओ का अतिरिक्त प्रभार



**केतार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कार्यालय केतार में सोमवार को श्री बंशीधर नगर में पदस्थापित सीओ विकास कुमार ने अतिरिक्त प्रभार के रूप में केतार बीडीओ व सीओ का पद भार ग्रहण तत्कालीन बीडीओ व सीओ सावित्री कुमारी से किया। इस दौरान केतार मुखिया प्रमोद कुमार ने अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। नवनियुक्त प्रभारी बीडीओ विकास कुमार ने बताया कि प्रखंड क्षेत्र की जनता अपनी समस्या व विकास को लेकर डायरेक्ट हमसे मिले उनका समस्या का समाधान किया जाएगा साथ ही मेरे द्वारा कर्तव्यों का नियम संगत निर्वाहन ससमय कर दिया जाएगा।

## आजसू सुप्रिमो सुदेश महतो 20 को आयेंगे गढ़वा

**गढ़वा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आजसू पार्टी जिला समिति की बैठक नवादा मोड़ स्थित उमंग वाटिका के सभागार में जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा के अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि पार्टी केंद्रीय महासचिव संजय रंजन एवं पलामू जिला के जिला अध्यक्ष दिलीप चौधरी उपस्थित हुए। आगामी 20 जुलाई को विधानसभा स्तरीय प्रमुख एवं ग्राम प्रभारी को शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम में पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष माननीय सुरेश कुमार महतो मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेंगे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि केंद्रीय महासचिव संजय रंजन ने कहा कि झारखंड विधानसभा चुनाव नजदीक है। ऐसे में राज्य के सभी विधानसभा सीटों पर आजसू पार्टी ने तैयारी शुरू कर दी है। गढ़वा विधानसभा भी टॉप 10 के लिस्ट में है। जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा के नेतृत्व में गढ़वा में काफी तेजी से संगठन का विस्तार हुआ है और संगठन मजबूत हुई है। केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो भी संगठन विस्तार से खुश हैं। इसी कड़ी में 20 जुलाई को कार्यकर्ताओं में जोश भरने सुदेश जी गढ़वा आ रहे हैं और 21 जुलाई को छतरपुर और हुसैनाबाद विधानसभा में कार्यक्रम को संबोधित करेंगे।इस अवसर पर पार्टी के केंद्रीय सचिव गुप्तेश्वर ठाकुर, शंकर प्रताप विश्वकर्मा, चंपा देवी, उमाकांत तिवारी सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# बिजली तार की चपेट में आने से वृद्ध की मौत

## ग्रमीणों ने तीन घंटे तक नगर उंटारी-धुरकी मुख्य मार्ग को किया जाम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** धुरकी थाना क्षेत्र के सगमा ग्राम में गिरे हुए बिजली तार की चपेट में आने से एक वृद्ध का मौत हो गया। इस घटना से गुस्साए ग्रामीणों ने मुआवजे को लेकर धुरकी-नगर उंटारी मुख्य सड़क को जाम कर दिया। जाम कर रहे लोग बिजली विभाग के प्रति आक्रोश व्यक्त करते हुए मुआवजे के साथ मृतक के आश्रित को नोकरी देने की मांग कर रहे थे।प्रशासन के पहल पर तीन घंटे बाद जाम को हटवाया गया।इस संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार धुरकी थाना क्षेत्र के सगमा गांव निवासी बाबूलाल प्रजापति अहले-सुबह अपने घर से कुछ दूर खेत की मेड़ बांधने घर से निकला था। मगर पूर्व से खेत में गिरे बिजली तार की चपेट में आ जाने से उसकी मौत घटना स्थल पर हो गया। मृतक बाबूलाल बुरी तरह बिजली की तार में लिपटा हुआ मृत हो चुका था। इसकी खबर गांव में फैलते ही लोगों ने सगमा धुरकी मुख्य पथ को जाम कर दिया। सूचना पर पहुंचे धुरकी थाना प्रभारी उपेन्द्र कुमार, बिजली विभाग के एसडीओ दीपक कुमार, पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव घटना स्थल पर पहुंच कर सरकार द्वारा मिलने वाले सुविधाए दिलाने के आश्वासन के बाद जाम हटाया गया। इस अवसर पर अन्य ग्रामीणों के साथ मुख्यरूप से राजेंद्र प्रसाद यादव, सगमा मुखिया तेज लाल राम, पूर्व मुखिया नारायण दास यादव, उप प्रमुख अर्जुन पासवान, विधायक प्रतिनिधि राजेश बैठा, प्रकाश प्रताप देव, ललन उराव, सखीचंद प्रजापति, मुख्तार आलम सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

# कुंदरी में भीषण सड़क हादसा, आक्रोशित लोगो ने बस को किया आग के हवाले



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नीलांबर पितांबरपुर :** लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के पांकी मेदिनीनगर मुख्य पथ स्थित कुंदरी में जेपीएस बस ने टेंपो को मारी जोरदार टक्कर टेम्पो पिकप से टकराई उसके बाद बस चालक ने बस को और तेज स्पीड कर दिया जिससे कि काशी विश्वकर्मा के भाई ओमप्रकाश विश्वकर्मा भी चपेट में आ गया और एक किलोमीटर घसीटकर चेकनाका तोड़ कर चेकनाका पर छोड़ दिया जिससे कि ओमप्रकाश विश्वकर्मा कि मौत हो गई आक्रोशित ग्रामीणों ने बस को बघौता मोड़ के समीप पकड़ कर आग के हवाले कर दिया और बस चालक को पीट कर अधमरा कर दिया जिसके बाद पुलिस घटना स्थल पर पहुंच बस चालक को आक्रोशित लोगो से छुड़ा कर इलाज के लिए मेदिनीनगर भेज दिया। वहीं आक्रोशित लोगो ने कुंदरी चेकनाका पर शव को सड़क पर रख जाम कर दिया। वहीं टेम्पो में सवार लोगो को कटर से काट कर निकाला गया। टेम्पो में सवार दो और लोगो कि मौत होने कि सुचना है। गुसाए लोगो ने पुलिस प्रशासन मुर्दाबाद लेस्लीगंज पुलिस वापस जाओ जैसे नारे लगाए और मौके पर पहुंचे पांकी थाना प्रभारी का गाड़ी और एम्बुलेंस को छती ग्रस्त कर दिया है वही आक्रोशित ग्रामीणों ने जेपीएस मालिक को बुलाने पर डटे रहे।पांकी विधायक डॉ. कुशवाहा शशि भूषण मेहता, लेस्लीगंज थाना प्रभारी राजू कुमार गुप्ता, एसडीपीओ मनोज झा, लेस्लीगंज एसआई प्रदीप कुमार, एएसआई अजय कुमार नीलांबर पितांबरपुर प्रखंड सह अंचल प्रभारी सेवाराम साहू अंचल निरीक्षक महेंद्र राम सहित सैकड़ो पुलिस कर्मी घटना स्थल पर मौजूद रहे। वहीं पांकी विधायक डॉ. मेहता के काफी देर समझाने के बाद जाम को हटा दिया गया।

## गांव के दबंगों ने जमीन पर किया कब्जा, दर-दर न्याय के लिए भटक रहा पीड़ित शिशुपाल

**विश्रामपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विश्रामपुर प्रखंड के जिंजरा गांव निवासी एक गरीब ब्राह्मण परिवार का जमीन तोलरा गांव के दबंग रामकृपाल तिवारी ने जबरन कब्जा कर लिया. दबंग तिवारी परिवार द्वारा दो दिन पूर्व शिशुपाल मिश्रा का लगभग दो एकड़ जमीन की जुताई कराते हुए फसल की बुआई करा दी गई.इसकी जानकारी मिलते ही जमीन मालिक शिशूपाल मिश्रा दौड़े गांव पहुंचे.ग्रामीणों से मदद की गुहार लगाई.लेकिन कोई भी रामकृपाल तिवारी के डर से शिशुपाल का सहयोग नहीं किया। ऐसे में न्याय के लिए पीड़ित शिशुपाल भटक रहा है। घटना की जानकारी देते हुए शिशुपाल मिश्रा ने बताया कि बचपन से भी पूरा परिवार गढ़वा जिला स्थित रंका प्रखंड के एक गांव में रहते हैं। जिंजरा उनका पैतृक गांव रहा है। जहा उनका लगभग छः एकड़ पैतृक जमीन है.जिसपर तोलरा गांव निवासी राम कृपाल तिवारी, जिंजरा गांव के अशोक मिश्रा व भगवत दंत मिश्रा के द्वारा अवैध कब्जा कर फर्जी कागजात भी तैयार करा लिया गया। जिसकी शिकायत विश्रामपुर अंचल कार्यालय व मेदिनीनगर जिला अपर समाहर्ता से की गई है। जिसे गंभीरता से लेते हुए जमीन की कागजात जांच कराते हुए सीमांकन कराया गया। साथ हीं जमीन शिशुपाल मिश्रा को सौंप दी गई थी। लेकिन एक बार फिर से दबंगई दिखाते हुए रामकृपाल तिवारी ने जबरन ट्रैक्टर लगाकर खेत की जुताई कराते हुए फसल बीज डाल कर अपने कब्जे में ले लिया।

## मिलजुल कर मानने से पर्व का महत्व और बढ़ जाता है : विकाश दुबे



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** झारखंड विकास पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष रजनीश रंजन उर्फ विकाश दुबे ने सोमवार को विश्रामपुर विस क्षेत्र के अल्पसंख्यक गांवों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने सभी मुहर्रम कमेटी के पदाधिकारियों और ताजिया कलाकारों को सम्मानित किया। इसके अलावा उन्होंने ताजिया सिप्पड़ निर्माण में आर्थिक सहयोग भी किया। इस क्रम में मुहर्रम इंतजामिया कमिटी ने भी विकाश दुबे का जोरदार स्वागत किया। विकाश दुबे ने कहा कि मुहर्रम बलिदान का पर्व है.मुहर्रम सत्य और न्याय के लिए अंतिम दम तक लड़ने की प्रेरणा भी देता है। उन्होंने कहा कि किसी भी धर्म का पर्व हो उसे आपसी भाईचारे के बीच मनाने की जरूरत है। मिलजुलकर मनाने से पर्व का महत्व बढ़ जाता है। मौके प्रो. फरीद खान, कॉलेज खान, अंजार खान, आलम अंसारी, तौफीक खलीफा, डब्लू चौबे सहित कई लोग मौजूद थे।

## बरांव में पुराने पुल को नए पुल से जोड़कर, नए पुल का कर दिया नव निर्माण

### पुलिया निर्माण के नाम पर 2.49 लाख का सरकारी पैसों का कर रहें दुरुपयोग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** चैनपुर प्रखंड क्षेत्र के बरांव पंचायत के टोला बरवाही के रामबांध पर पंचायत समिति के कोटे से पुलिया का न्यू निर्माण किया गया हैं। जहां पहले से पुलिया बना हुआ था वहीं दूसरे पुलिया का निर्माण किया गया जबकि पुलिया निर्माण में सीमेंट पाइप का पाइप लगाया जाना चाहिए था लेकिन सीमेंट पाइप भी नहीं लगाया गया हैं और उसके जगह पर फर्श भी पुलिया के नीचे नहीं बनाया गया हैं जो घोर अनियमितता को दर्शाता हैं जानकारी के अनुसार पंचायत समिति के कोटे से 2.49 लाख की लागत से पुलिया का निर्माण कराया गया है जो देखने से यह प्रतीत होता है कि सरकारी पैसा को दुरुपयोग कर हड़पने का काम किया गया हैं। प्रत्यक्ष दर्शियो के अनुसार पुराना पुलिया एक पाइप नुमा का बना हुआ था वहीं दूसरी तरफ़ पंचायत समिति के कोटे से उसी में एक पाइप नुमा पुराने पुलिया में जोड़ते हुए नए पुलिया का नवनिर्माण कर दिया गया।

## पूर्व प्रधानाध्यापक कामेश्वर सिंह के सेवानिवृत होने पर विदाई समारोह का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बिश्रामपुर :** प्रखंड क्षेत्र स्थित संचालित होने वाले उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय के पूर्व प्रधानाध्यापक कामेश्वर सिंह को सेवा निवृत होने पर, स्कूल प्रधानाध्यापक भीम कुमार दुबे व शिक्षकों के द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अध्यक्षता समाजसेवी अशोक पांडे एवं संचालन मंत्री प्रसाद ने किया, कार्यक्रम के दौरान उपस्थित मुख्य अतिथि श्री सिंह एवं वशिष्ठ अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती के चित्रों पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई, वहीं इस सामान समारोह में स्कूली छात्रों के द्वारा विदाई गीत प्रस्तुत की गई, उपहार स्वरूप में स्कूल शिक्षकों के द्वारा सेवानिवृत्ति शिक्षक को अंग वस्त्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान श्री सिंह ने अपनी सेवा काल की उपलब्धियां को गिनाते हुए सभी शिक्षक को विद्यालय संचालित करने में सहयोग की बात कही, एवं बच्चों को शिक्षा की क्षेत्र में आगे बढ़कर देश एवं समाज का एक भिन्न अंग बन कर कार्य करने की बात कही, कार्यक्रम में उपस्थित, B,P,O, मनी पांडे, बीआरपी मनोज पाठक, शिक्षक जय बहादुर पासवान, सीआरपी संजय दुबे, बसना हाई स्कूल प्रिंसिपल श्वेता पांडे, जैनेंद्र पांडे, रमेश दुबे, गोपाल पांडे, धीरज कुमार, सुनील कुमार, प्रभाकर पांडे, बिना जैसवाल, ज्ञानती कुमारी, अवध बिहारी पासवान, नरेंद्र पांडे, गणेश पांडे, अरविंद पांडे सहित काफी संख्या में स्कूली बच्चे शिक्षक उपस्थित थे।

## फसल प्रत्यक्षण के निमित्त क्लस्टर चयन हेतु हैदरनगर में बैठक आज

**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला कृषि पदाधिकारी, पलामू के पत्रांक 687 दिनांक 09 जुलाई के निर्देशानुसार खरीफ वर्ष 2024-25 में राज्य योजनान्तर्गत बिरसा बीज उत्पादन, विनिमय, वितरण एवं फसल विस्तार योजना के तहत बिरसा फसल बिस्तार योजनान्तर्गत मक्का, मूंगफली फसल का प्रत्यक्षण कराने हेतु आवश्यक बैठक 16 जुलाई को 12 बजे से प्रखंड सभागार में होगी। इस आशय की जानकारी देते हुए बीडीओ विश्व प्रताप मालवा ने बताया कि बैठक में बिरसा फसल विस्तार योजनान्तर्गत मक्का, मूंगफली फसल के प्रत्यक्षण हेतु कलस्टर चयन संबंधी विचार-विमर्श कर बीज वितरण का निर्णय लिया जाएगा। बैठक में प्रमुख, उप प्रमुख, जिप सदस्य, मुखिया, पंचायत समिति सदस्य सहित सभी पंचायत प्रतिनिधियों के अलावे सांसद-विधायक प्रतिनिधि एवं किसान मित्र को आमंत्रित किया गया है।

# रुआर कार्यशाला का आयोजन किया गया जमा दो उच्च विद्यालय में



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** प्लस टू उच्च विद्यालय के सभागार में सोमवार को रुआर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष शैलेश कुमार चौबे, प्रखंड साधन सेवी श्रीकांत चौबे, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी तहमीना परवीन, प्लस टू उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक बिरेन्द्र पांडेय तथा राजकीय मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक अनिल विश्कर्मा ने संयुक्तरूप से दीप प्रज्वलित कर किया।कार्यशाला को सम्बोधित करते हुये प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष शैलेश कुमार चौबे ने कहा कि शिक्षक समाज का दर्पण हैं। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में बच्चों का शतप्रतिशत नामांकन तथा ठहराव सुनिश्चित हो ये आप सबों की जबाबदेही है। उन्होंने कहा कि विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों व अभिभावकों के साथ समन्वय बनाकर काम करें तभी यह कार्यक्रम सफल होगा।बीआरपी श्रीकांत चौबे ने रुआर के बारे में विस्तृत चर्चा करते हुये कहा कि समग्र शिक्षा अभियान का मुख्य लक्ष्य 5-18 आयुवर्ग के सभी बच्चों का विद्यालीय शिक्षा पूर्ण कराना है। विद्यालयों में बच्चों का ठहराव एंव नामांकन वर्तमान में एक बड़ी चुनौती है। वर्तमान में सभी विद्यालयों का टोला टैगिंग कर, हाउस का निर्माण कर, शत प्रतिशत बच्चों का नामांकन कर उन्हें विद्यालयों से जोड़ना ही रुआर है।रुआर को बैक टू स्कूल कैम्पेनिंग कहते हैं। बच्चों को विद्यालय में वापस लाना एंव नियमित उपस्थिति बनाये रखना ही सबसे बड़ी प्राथमिकता है। इस जिम्मेवारी को समुचित रूप से निभाने के लिये सामुहिक प्रयास क्रमशः विद्यालय प्रबंधन समिति, शिक्षक, पंचायत प्रतिनिधि, समाजसेवी, जनप्रतिनिधि, शिक्षा से जुड़े कर्मी, अधिकारी की भागीदारी से ही यह अभियान सफल होगा। उन्होंने कहा कि यह अभियान प्रत्येक विद्यालय में 16 जुलाई से 31 जुलाई तक चलेगा। अभियान के क्रम में 5-18 आयुवर्ग के नामाकिंत सभी बच्चों का शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करना, विद्यालय से बाहर रह गये बच्चों का नामांकन एंव उपस्थिति सुनिश्चित करना, अप्रवासी, आनामकिंत एंव विशेष आवश्यकता वाले बच्चों का नामांकन एंव उपस्थिति सुनिश्चित करना, विगत वर्ष में कक्षा 1 से 11 तक के नामांकित सभी बच्चों का अगली कक्षाओं में शत प्रतिशत नामांकन एंव उपस्थित सुनिश्चित करना, सभी बच्चों का ई विद्या वाहिनी में दर्ज करना एंव नियमित अनुश्रवण करना, नव नामंकित बच्चों का शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करना हम सभी का कर्त्तव्य है।कार्यशाला में सीआरपी संजय कुमार सिंह, शक्तिदास सिन्हा, शोभा कुमारी, बिरेन्द्र प्रजापति, प्रधानाध्यापक अखिलेश प्रसाद, राजनाथ राम, सुधीर चौबे, रमेश प्रसाद, बिनोद ठाकुर, अलीम अंसारी, अनुप विश्कर्मा, अखौरी प्रवीण कुमार सिन्हा, निर्मल कुमार, उदय कुमार, मुनेश्वर मेहता, रूपेश कुमार, बैजनाथ उरांव, नित्यानंद तिवारी, रागिनी रवानी, संजीता कुमारी, बबिता सिंह, उदय कुमार, सुभाष राम सहित सभी प्रधानाध्यपक उपस्थित थे।

# शोहदा-ए-कर्बला कॉन्फ्रेंस का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** प्रखंड के बरडीहा ग्राम स्थित डॉ रिजवान अंसारी के आवास पर मुहर्रम इंतजामिया कमेटी के तत्वावधान में शोहदा -ए- कर्बला कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया था।मुहर्रम की चांद रात से लेकर सातवीं तारीख को शोहदा ए कर्बला कॉन्फ्रेंस का समापन किया गया। इस अवसर पर मौलाना अब्दुल कादिर साहब ने बताया कि इंसानियत से बड़ा कोई धर्म नहीं है। हजरत इमाम हसन हुसैन की ओर से परिवार सहित सच्चाई और हक के लिये दिये गये बलिदान का वाक्या सुनाया गया। उन्होंने कहा कि वाक्या सुनकर लोगों के आंखों से आंसू आ गया। उन्होंने कहा कि हजरत इमाम हसन हुसैन की शहादत इंसाफ त्याग और बलिदान का सबक देता है। मुहर्रम इंतजामिया कमेटी के पदाधिकारियों द्वारा मौलाना अब्दुल कादिर साहब को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया। मौके पर हाफ़िज अब्दुल हकीम अंसारी, सदर व पूर्व मुखिया मुश्ताक अहमद शेख,डॉ ताहिर हुसैन, मुहर्रम इंतजामिया कमेटी के सदर राकीब अनवर, वकील अहमद, शमीम अख्तर, फिरोज आलम, डॉ रिजवान अहमद, परवेज आलम, इमरान आलम, अमीर हसन, हाफिज मनउवर अंसारी, मौलवी रेयाज अंसारी, मसउवर अंसारी, साजिद, रईस, अफरोज, फुलमोहम्मद, तौहीद, अप्पू, इंतजार, समसिर, रागिब, खालिद, रागिब, असलम, नौशाद, सागिर, सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## पूर्व उप प्रमुख संजीव सिन्हा ने किया आर्यन क्वालिटी शॉप का उद्घाटन



**बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ मुरपा मोड़ स्थित सोमवार को आर्यन क्वालिटी शॉप नामक दुकान का उद्घाटन बालूमाथ पूर्व उप प्रमुख संजीव सिन्हा ने नारियल फोड़कर एव फीता काटकर किया। इसके पूर्व पुरोहित दीपक कुमार मिश्रा द्वारा बिधि विधान के साथ दुकान का पूजा कराया गया वही दुकान का संचालक मंटू केशरी ने कहा कि दुकान पहले के अपेक्षा अब नए रूप में खोला गया है यहाँ ग्राहकों को खाने पीने से लेकर दैनिक उपयोग में आने वाले राशन का क्वालिटी प्रोडक्ट एवं ड्राय फ़ूड के सभी सामग्री उचित मूल्य पर उपलब्ध है साथ ही ग्राहकों को होम डिलीवरी की सुविधा भी दी जाएगी। मौके पर प्रदीप केशरी, मिथलेश केशरी, उमेश केशरी, अनिल केशरी ज्योति सिन्हा, समेत कई लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### रांची पुलिस मुहर्रम के लिए चंदा वसूली में हो रही गुंडागर्दी पर लगाए रोक : बाबूलाल मरांडी

**रांची:** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मुहर्रम के लिए चंदा वसूली को लेकर रांची में गुंडागर्दी किये जाने का मामला उठाया है।उन्होंने सोमवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी करते हुए कहा है कि रांची में मुहर्रम के लिए चंदा वसूली के नाम पर गुंडों द्वारा दुकानदारों के साथ मारपीट और बदसलूकी की जा रही है। ऐसी घटनाओं से पूरे शहर का शांति-सौहार्द्र बिगड़ सकता है। मरांडी ने कहा कि रांची का मेन रोड अति संवेदनशील क्षेत्र है। पूर्व में भी ऐसे असामाजिक तत्वों द्वारा शहर को दंगों की आग में झोंकने का प्रयास किया जा चुका है।उन्होंने रांची पुलिस से इस घटना में संलिप्त आरोपितों को गिरफ्तार करने तथा मुहर्रम के लिए चंदा वसूली में हो रही गुंडागर्दी को तुरंत बंद करने को कहा है। साथ ही मेन रोड के सभी दुकानदारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की भी अपील की है।

### जमीन घोटाले के आरोपित संजीत की जमानत याचिका खारिज

**रांची :** पीएमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत ने सोमवार को जमीन घोटाले मामले में जेल में बंद आरोपित कोलकाता के रजिस्ट्रार ऑफ एश्योरेंस ऑफिस के चौकीदार संजीत कुमार की जमानत याचिका खारिज कर दी है। इससे पूर्व तीन जुलाई को दोनों पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने आदेश सुक्षित रख लिया था। संजीत कुमार ने जमानत की गुहार लगाते हुए 12 जून को याचिका दाखिल की थी। ईडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े बड़गाई अंचल के 8.86 एकड़ जमीन घोटाले के मामले में नौ मई को गिरफ्तार किया था। तब से वह जेल में है।

# मुहर्रम को लेकर विशेष सतर्कता बरतने की जरूरत है : डीजीपी




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** पुलिस मुख्यालय स्थित सभागार से पुलिस महानिदेशक, झारखण्ड की अध्यक्षता में राज्य के सभी प्रक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक, सभी क्षेत्रीय पुलिस उप-महानिरीक्षक, सभी वरीय पुलिस अधीक्षक एवं सभी पुलिस अधीक्षक, झारखण्ड से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मुहर्रम को लेकर राज्यभर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम हेतु समीक्षा बैठक की गई। बैठक के दौरान पुलिस महानिदेशक, झारखण्ड के द्वारा गुहर्रम को लेकर विस्तृत समीक्षा की गयी एवं राज्य के सभी संवेदनशील जिलों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती पर चर्चा की। वैसे जिलों में जहाँ पूर्व में सांप्रदायिक घटनाएं घटित हुई हैं। उन जिलों में पुलिस महानिदेशक झारखण्ड ने विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया। ज्ञात हो कि मुहर्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर राज्य के अलग-अलग जिलों में अतिरिक्त बलों की तैनाती की जा रही है। जुलूस के दौरान सभी पुलिस कर्मियों को बॉडी प्रोट्रेक्टर समेत अन्य दंगा नियंत्रण उपकरण साथ में लेकर चलने के निर्देश दिये गये हैं। सोशल मीडिया पर कड़ी निगरानी, अफवाह फैलाने वाले पर तत्काल कार्रवाई एवं मेडिकल टीम की पुख्ता व्यवस्था रहे। सभी जिलों के एसएसपी व एसपी को सोशल मीडिया पर कड़ी निगरानी का निर्देश दिया गया है, ताकि आसामाजिक तत्व अफवाह ना फैला सकें, किसी तरह की अफवाह फैले तो तत्काल उसका सत्यापन करते हुए अग्रतर आवश्यक कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। सभी थानों में स्थानीय शांति समिति की बैठकें आयोजित कर कोई भी फर्जी या भ्रामक खबर की सूचना मिलने पर उसकी तत्काल सूचना जिला प्रशासन या अपने नजदीकी पुलिस थाना में दें, ताकि इस पर संज्ञान लेकर आवश्यक कार्रवाई की जा सके, थानों में होने वाली शांति समिति की बैठकों में पिछले वर्षो के वैसे चिन्हित स्थानों जहाँ साम्प्रदायिक घटना घटित हुई हो वहाँ अतिरिक्त सावधानी बरतने का निर्देश दिया गया। उन्होंने सभी जिलों में पर्व से किसी तरह की अफवाह फैले तो तत्काल उसका सत्यापन करते हुए अग्रतर आवश्यक कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। सभी थानों में स्थानीय शांति समिति की बैठकें आयोजित कर कोई भी फर्जी या भ्रामक खबर की सूचना मिलने पर उसकी तत्काल सूचना जिला प्रशासन या अपने नजदीकी पुलिस थाना में दें, ताकि इस पर संज्ञान लेकर आवश्यक कार्रवाई की जा सके, थानों में होने वाली शांति समिति की बैठकों में पिछले वर्षो के वैसे चिन्हित स्थानों जहाँ साम्प्रदायिक घटना घटित हुई हो वहाँ अतिरिक्त सावधानी बरतने का निर्देश दिया गया। उन्होंने सभी जिलों में पूर्व से लंबित काण्डों का त्वरित निष्पादन करने का भी निर्देश दिया। संवेदनशील इलाकों में फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी तथा ड्रोन से निगरानी रखने पर जोर दिया। मुहर्रम जुलूस पूर्व से तय रूट पर ही निकालने का दिशा-निर्देश एवं रूट में पड़ने वाले धार्मिक स्थल, चौक-चौराहा पर सत्त निगरानी रखने का दिशा-निर्देश एवं जुलूस रूट का आपसी समन्वय से भौतिक सत्यापन करने का निर्देश दिया। इस बैठक में अजय कुमार सिंह, पुलिस महानिदेशक, झारखण्ड, संजय आनन्द राव लाठकर, अपर पुलिस महानिदेशक, अभियान, अमोल विनुकांत होमकर, पुलिस महानिरीक्षक, अभियान, प्रभात कुमार, पुलिस महानिरीक्षक, विशेष शाखा, पुलिस अधीक्षक, अमित रेणु, पुलिस अधीक्षक, अभियान, पुलिस अधीक्षक, मोमुल राज पुरोहित, विशेष शाखा तथा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के द्वारा सभी प्रक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक, सभी क्षेत्रीय पुलिस उप-महानिरीक्षक एवं सभी वरीय पुलिस अधीक्षकों / पुलिस अधीक्षकों ने भाग लिया।

### मुहर्रम पर्व को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट, फ्लैग मार्च

रांची। मुहर्रम को लेकर रांची के सिटी एसपी के नेतृत्व में फ्लैग मार्च अल्बर्ट एक्का चौक, मेन रोड, डेली मार्केट, उर्दू लाइबेरी, अंजुमन प्लाजा, एकरा मस्जिद, कर्बला चौक और चर्च रोड होते हुए निकाला गया। सीआरपीएफ की महिला बटालियन फ्लैग मार्च में शामिल हुई। इस मौके पर कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय, कोतवाली थाना प्रभारी रंजीत सिन्हा, लोअर बाजार थाना प्रभारी दयानंद,डेली मार्केट थाना प्रभारी , हिन्दपीढ़ी थाना प्रभारी एंव सर्जेंट मेजर सहित कई पुलिस पदाधिकारी फ्लैग मार्च में मौजूद रहे ।



## बांग्लादेशी घुसपैठ रघुवर सरकार में खूब हुआ, तब कहां थे भाजपा के लोग: फुरकान

**एजेंसी**

**रांची।** संथाल परगना में जिस तरह से बांग्लादेशी घुसपैठिया को लेकर भाजपा लगातार हल्ला मचा रही है, जरा भाजपा वाले से यह पूछना चाहिए की सीमा सुरक्षा की जिम्मेदारी राज्य सरकार की होती या केंद्र सरकार की। उक्त बातें कांग्रेस के पूर्व सांसद व वरीष्ठ नेता फुरकान अंसारी ने कही। फुरकान अंसारी ने कहा की सीमा सुरक्षा की जिम्मेदारी केंद्र सरकार की होती है और गृह मंत्रालय खुद भाजपा के अमित शाह हैं, तो वे इस पर संज्ञान क्यों नहीं ले रहें। सबसे बड़ी बात यह है कि ये भाजपा वाले लोग सिर्फ हल्ला करना जानते हैं , आम जनता को भड़काना चाहते हैं , वोट बैंक की राजनीति करते हैं। बांग्लादेशी घुसपैठिया सिर्फ हेमंत सरकार में हो रहा है, पूर्व रघुवर दास की सरकार में नहीं हो रहा था क्या? जबकि सच्चाई यही है कि जनता अब भाजपा के और उनके मंत्री, विधायकों के कारनामे देख चुकी है, इनकी बातों में अब आने वाले नहीं हैं, जनता अब रोजगार चाहती है, शिक्षा चाहती है , विकास चाहती है । झारखंड में इंडियन गठबंधन के इस सरकार में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन झारखंड में बेहतर काम कर रहे हैं। लोकसभा में जो परिणाम आया है, पांच सीटें इंडियन गठबंधन को चौंकाने वाला है । विधानसभा में भी चौंकाने वाले परिणाम आने जा रहे हैं , भाजपा पूरी तरह से झारखंड से बेदखल हो जाएगी।

## पहली सोमवारी 22 जुलाई को, पहाड़ी बाबा दर्शन की तैयारी शुरू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची।** हर साल की भांति इस साल भी रांची पहाड़ी बाबा की सावन के हर सोमवारी अलग-अलग तरीकों से भव्य संध्या महाआरती पहाड़ी बाबा के मुख्य द्वार पर कि जाएगी। इसको लेकर एक बैठक पहाड़ी मंदिर के प्रांगण में की गई। आयोजक नंद किशोर सिंह चंदेल ने कहा कि यह लगातार तीसरे वर्ष है जब पहाड़ी बाबा की संध्या महा आरती पहाड़ी मंदिर के मुख्य द्वार से भव्य तरीकों से होगी जिसको लेकर बैठक की गई और बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि। हर साल के भांति इस साल भी संध्या महाआरती के बाद खीर महाभोग का प्रसाद वितरित किया जाएगा।

शहर के तमाम पहाड़ी बाबा के भक्तगणों को इस भव्य संध्या महाआरती में सादर आमंत्रित किया जाएगा। साथ ही हर सोमवारी को अलग-अलग तरीकों से भव्य संध्या महाआरती की जाएगी। पहली सोमवारी 22 जुलाई को नवदुर्गा के स्वरूप में भव्य संध्या महाआरती पहाड़ी बाबा की और उसके बाद खीर महा भोग का प्रसाद वितरित । इस बैठक में मुख्य रूप से- आयोजक नन्द किशोर सिंह चंदेल,संध्या देवी, गीता देवी,शिल्पी कुमारी वर्मा, सुमन सिंह, विनीता, रीना आनंद, सविता देवी, विनय सिंह, राजू काठपाल, अशोक यादव, सागर कुमार सिंह,मोनू शर्मा, बिट्टू सिंह, हरसिल कौशिक, कंचन कुमार महाराज, अमूल्य कुमार सिंह, सरयू राय, कैलाशी अरविंद सिंह, लखन कुमार, अमन ठाकुर, अमित कुमार, अजीत सिंह,अविनाश, सुजल सोनी आदि लोग उपस्थित रहे।

## सर्व इंडिया ग्रुप की जनरल पटिशिपेट्री बैठक, कई प्रस्ताव पास

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** सर्व इंडिया ग्रुप की जनरल पटिशिपेट्री बैठक आज एवीएन ग्रांट होटल, रांची में आयोजित की गई। बैठक की शुरुआत पवित्र कुरान से किया गया। स्वागतीय भाषण सर्व इंडिया ग्रुप के सचिव सैफुल हक ने किया। बैठक की अध्यक्षता सर्व इंडिया के अध्यक्ष सुल्तान जुबैर ने सर्व इंडिया ग्रुप के मिशन एवं उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सर्व इंडिया ग्रुप एक पंजीकृत संस्था है जो 2014 से निरंतर शिक्षा के क्षेत्र में काम कर रही है। समाज के विकास के लिए लोगों को आगे आकर शारीरिक और आर्थिक रूप से मदद करनी चाहिए। सचिव सैफुल हक ने कहा कि हमारा उद्देश्य समाज में पढ़ने वाले बच्चों को आर्थिक और शैक्षणिक रूप से विकसित करना है। विशेष रूप से इबरार अहमद, अंजुमन इस्लामिया रांची के महासचिव डॉ. तारिक हुसैन, हसीब अख्तर, इदरीसिया के इस्लाम इदरीसी, गद्दी पंचायत के मेराज गद्दी, मुहम्मद गयासुद्दीन, जुनैद अनवर, आमिया शमीम अली, नैयर शाहदाबी, डाक्टर शाहबाज अलम, बिल्डर मुख्तार गद्दी ने सर्व इंडिया के कार्यो की सराहना की और कहा कि अगर कोई अच्छी संस्था स्थापित हो तो हम पांच लाख रुपये देने को तैयार हैं। राइन पंचायत के अध्यक्ष हाजी फिरोज ने भी कॉलेज शुरू होने पर पांच लाख रुपये देने की बात कही, डॉ. शाहबाज आलम ने भी कहा कि वे सर्व इंडिया ग्रुप के काम की सराहना करते हैं और माही के अध्यक्ष इबरार अहमद ने आर्थिक रूप से पूरा सहयोग देने की बात कही।

# झारखंड में इंडिया के पक्ष में है जनता : कांग्रेस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची।** सोमवार को झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रवक्ता जगदीश साहू एवं रांची महानगर महासचिव जितेंद्र त्रिवेदी ने संयुक्त रूप से बयान जारी कर कहा कि भाजपा प्रदेश में अनिश्चित फैलाने का प्रयास के तहत अपने मामा को रांची में भेजी है। परंतु मामा आयें या नाना आयें यहां की जनता पूरे झारखंड में इंडिया के पक्ष में है तथा केंद्र सरकार अपने मंत्रियों को 100 दिन का कार्य दिया था, 50 दिन बीत जाने के बाद भी विकास कार्य धारा का धारा है, अब भाजपा के मंत्री हमेशा संविधान बदलने की ताक में है। नेताद्वय ने आगे कहा कि भाजपा विधानसभा चुनाव को देखते हुए केंद्र की सरकार संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग करेगी एवं कर रही है अभी जो स्थिति बनी है। उसमें सीबीआई, ईडी जैसी संस्था भी इनको मदद कर रही है । भाजपा के मंदिर मस्जिद का खेल जनता देख चुकी है। इस बार जनादेश इंडिया के पक्ष में आने वाला है । भाजपा जिस तरह जिस राज्य में राम इवेंट करना चाह रही थी वहीं से चुनाव हार गई, चित्रकूट रामटेक, सुल्तानपुर, बद्रीनाथ एवं जितने धार्मिक स्थल के नाम पर धुव्रीकरण करना चाह रही थी, अब जनता हिंदू-मुसलमान मुददे से तंग आकर महंगाई, बेरोजगारी, विकास के नाम पर भाजपा को केंद्र में बहुमत से वंचित रखा।

## चीनी व नमक का ससमय उठाव एवं वितरण नहीं करने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** जिला आपूर्ति पदाधिकारी- सह-जिला प्रबंधक, झारखण्ड राज्य खाद्य निगम, रांची प्रदीप भगत द्वारा झारखण्ड राज्य खाद्य निगम गोदाम, काँके एवं प्रखण्ड के विभिन्न जन वितरण प्रणाली दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में गोदाम में भण्डार पंजी एवं आगत पंजी 12.07.2024 तक संधारित पाया गया। पंजी के अनुसार कुल 1898 बैग चावल एवं 1778 बैग गेंहू उपलब्ध होना चाहिए था। गोदाम में रखे खाद्यान्न का मिलान करने पर भण्डारित खाद्यान्न की मात्रा संतोषजनक पाई गई। निरीक्षण के दौरान गोदाम में चीनी एवं नमक भण्डारित पाया गया। सहायक गोदाम प्रबंधक को निदेशित किया गया कि युद्ध स्तर से नमक का डोर स्टेप डिलीवरी करायें। साथ ही निदेशित किया गया कि जिन डीलरों द्वारा चीनी मद में राज्य खाद्य निगम के बैंक खाते में राशि जमा कर दिया गया उन डीलरों का भण्डार निर्गमादेश कार्यालय द्वारा निर्गत किया जा चुका है, उन डीलरों का चीनी युद्व स्तर से डीएसडी करायें। जिला आपूर्ति पदाधिकारी श्री प्रदीप भगत द्वारा चीनी एवं नमक ससमय उठाव एवं वितरण नहीं करने पर सख्त कार्रवाई की बात कही गयी। जिला आपूर्ति पदाधिकारी द्वारा कांके के जन वितरण प्रणाली दुकानदार शैलेश कुमार के दुकान का भी औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में निगम गोदाम से डीएसडी कराये गये खाद्यान्न की जाँच की गई। जाँच के क्रम में भण्डारित खाद्यान्न की मात्रा संतोषजनक पाई गई। दुकानदार को निदेशित किया गया कि सभी कार्डधारियों को खाद्यान्न वितरण करते समय ही नमक भी वितरण करेंगे एवं सभी अंत्योदय परिवारों के बीच चीनी वितरण करना सुनिश्चित करेंगें। डीलर शादाब अली के दुकान के औचक निरीक्षण के दौरान गोदाम से डीएसडी कराये गये खाद्यान्न की जाँच की गई। जाँच के क्रम में भण्डारित खाद्यान्न की मात्रा संतोषजनक पाई गई। दुकानदार द्वारा चीनी वितरण योजना के लिए राशि जमा नहीं करने के कारण चीनी का डीएसडी नहीं कराया जा सका है। डीलर को सख्त निदेश दिया गया कि चीनी वितरण योजना के लिए राशि जमा करते हुए अंत्योदय परिवारों को चीनी उपलब्ध करायें, अन्यथा अग्रेतर कार्रवाई की जायेगी।

# मोहर्रम का जबरन चंदा वसूलने और मारपीट मामले में दो गिरफ्तार




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** लोअर बाजार थाना क्षेत्र के मेन रोड स्थित टैक्सी स्टैंड के सामने मोहर्रम की चंदा वसूली के नाम पर कुछ युवकों के जरिये दुकानदार के साथ मारपीट और बदसलूकी किये जाने के मामले में सोमवार को पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया है। मामले को लेकर दुकानदार रिंकु दास ने थाने में मामला दर्ज कराया। पुलिस ने इस मामले में आशिफ और इकबाल को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार दास म्यूजिक नाम की दुकान में मोहर्रम के नाम पर चंदा लेने के लिए पहुंचे कुछ युवकों ने दुकानदार से मारपीट की। इस घटना से स्थानीय लोग काफी आक्रोशित दिखे। इसे लेकर पुलिस से भी शिकायत की गयी है। पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गयी, जिसका वीडियो भी वायरल हुआ है। इस मामले में सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने बताया कि घटना का संज्ञान लेते हुए त्वरित प्राथमिकी दर्ज कर ली गयी है और कांड में संलिप्त दोनों आरोपितों की गिरफ्तारी की जा चुकी है। दूसरी ओर, इस घटना को लेकर भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा है कि रांची में मुहर्रम की चंदा वसूली के नाम पर असामाजिक तत्वों द्वारा दुकानदारों के साथ मारपीट और बदसलूकी की जा रही है। ऐसी घटनाओं से पूरे शहर का शांति-सौहार्द बिगड़ सकता है।

## रांची नगर निगम ने चलाया अतिक्रमण मुक्त अभियान

**रांची :** रांची नगर निगम की इनफोर्समेंट टीम ने सेवा सदन के सामने और बड़ा तालाब के आसपास सोमवार को अतिक्रमण मुक्त अभियान चलाया। इस दौरान निगम ने अस्थायी और अवैध संरचनाओं को ध्वस्त किया। इसके अलावा नालियों के ऊपर अतिक्रमण करने वाले वेंडर्स को हटाया गया तथा सामान भी जब्त किया गया, जिसमें एक काउंटर तथा बांस-बल्ली जब्त किया गया। अभियान के बाद निगम की टीम ने वेंडर्स को भविष्य में उस स्थल पर फिर से अतिक्रमण ना करने की हिदायत दी।

# यजीदी सेना ने इमाम हुसैन के भाई अब्बास को चारों तरफ से घेर लिया : तहजीबुल हसन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मस्जिद जाफरिया रांची में दस दिवसीय मजलिसे शोहदा ए कर्बला के आठवी मजलिस को ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड झारखंड के चेयरमैन और मस्जिद जाफरिया रांची के इमाम व खतीब हजरत मौलाना अल्हाज सैयद तहजीबुल हसन रिजवी ने मजलिस को संबोधित करते हुए कहा कि कर्बला के जंग के कमांडर हज़रत अब्बास हजरत अली के बेटे थे। उनके हाथ में हुसैनी परचम था। हजरत अब्बास अपने पिता की तरह बहादुर और साहसी थे। दोनों की बहादुरी का इतिहास में कोई मुकाबला नहीं। हजरत अब्बास कर्बला के वो शहीद हैं जिन्हें इमाम हुसैन ने जंग करने की इजाजत नहीं दी, बल्कि उन्होंने बच्चों की प्यास बुझाने के लिए पानी लाने की इजाजत थी।

जब हज़रत अब्बास को पानी लाने की इजाज़त दी गयी तो आप अपने अल्म के साथ हज़रत सकीना की ख़िदमत में आ गये। वह कर्बला की सबसे छोटी लड़की थी। वह हुसैन की बेटी थीं। हज़रत सकीना ने चचा अब्बास की मशकीजा पानी लाने का गिलन दिया और वह दरिया की ओर रवाना हो गये। ताकि बच्चों को पीने के लिए कुछ पानी लाया जा सके। लेकिन यजीदी सेना ने इमाम हुसैन के भाई अब्बास को चारों तरफ से घेर लिया और उसका दाहिना हाथ काट दिया।

अब्बास ने दूसरे हाथ से पानी उठाया तो दुश्मनों ने उसका दूसरा हाथ भी काट दिया। तब अब्बास ने पानी के गिलन को अपने दांतों से पकड़ लिया। परन्तु दुश्मनों ने उसे भी छेद कर दिया। जिससे पानी कर्बला की ज़मीन पर गिरा। और उसने अब्बास पर ऐसी तलवार मारी कि वह अपने घोड़े पर खड़ा न रह सका, शहीद हो गया।

आपके जनाज़े पर हुसैन पहुंचे और कहा,भाई, आपकी मौत से कमर टूट गयी है। दुनिया भर के शिया मुसलमान मुहर्रम की 8 तारीख को हजरत अब्बास की शहादत को याद करते हैं। और आपकी बहादुरी को सलाम। आज की मजलिस मरहूम मोहसिन हुसैन, हुसैन कासिम अली, सैयद अनीस अहमद ने किया।

# मुहर्रम को लेकर केन्द्रीय शांति समिति की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची ।** उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में मुहर्रम पर्व को लेकर केन्द्रीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में उपाध्यक्ष, राज्य अल्पसंख्यक आयोग शमशेर आलम की उपस्थिति में केन्द्रीय शांति समिति के सदस्यों, अखाड़ा प्रतिनिधियों एवं पुलिस-प्रशासनिक पदाधिकारियों के साथ सौहार्दपूण वातावरण में मुहर्रम मनाये जाने को लेकर विचार-विमर्श किया गया। बैठक के दौरान सौहार्दपूर्ण वातावरण में पर्व संपन्न कराने को लेकर शांति समिति के सदस्यों ने बारी-बारी से अपने सुझाव दिये। अखाड़ा प्रतिनिधियों द्वारा जुलूस के रुट में गड्ढों की भराई, लाइट की व्यवस्था, पर्याप्त संख्या में पुलिस बलों की प्रतिनियुक्ति, साफ-सफाई शौचालय आदि की समुचित व्यवस्था किये जाने की बात कही गयी। शांति समिति के सदस्यों के सुझावों को सुनने के बाद उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा द्वारा इस पर अमल करने हेतु जिला स्तर के संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि सारी तैयारियां नियत समय पर पूरी कर ली जायेंगी। उपायुक्त द्वारा सभी जुलूस रुट के गड्ढों के भरने, लाइट, शौचालय, पानी आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। श्री राहुल कुमार सिन्हा ने कहा कि त्यौहार हम सभी को जोड़ने के लिए है, हमारी तैयारी बेहतर स्थिति में है। हमें उम्मीद है कि सभी अनुशासन, भाईचारा एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्यौहार मनायेगें और रांची पूरे राज्य में उदाहरण पेश करने में सफल होगा। बैठक में शमशेर आलम, उपाध्यक्ष, राज्य अल्पसंख्यक आयोग ने कहा कि हम कई वर्षो से मुहर्रम का पर्व मनाते आ रहे हैं और इसमें सभी धर्मो/वर्गो का सहयोग होता है, इस बार भी हम भाईचारे के साथ पर्व मनाते हुए मिसाल कायम करेंगे। उन्होंने सभी अखाड़ाधारियों को अपने-अपने क्षेत्र में आये नये थाना प्रभारियों के साथ समन्वय स्थापित कर जुलूस निकालने की बात कही।वरीय पुलिस अधीक्षक, रांची चंदन सिन्हा ने कहा कि मुहर्रम को लेकर जिला में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं, 200 से ज्यादा स्थानों पर पुलिस बल की स्टैटिक प्रतिनियुक्ति है। गश्ती के साथ क्यूआरटी भी है, जिसमें सीनियर पुलिस ऑफिसर रहेंगे।

## राजभवन घेरने जा रहे सहायक पुलिसकर्मियों को पुलिस ने मोरहाबादी में रोका

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची:** रांची के मोरहाबादी मैदान में पिछले दो जुलाई से आंदोलन कर रहे सहायक पुलिसकर्मी सोमवार को राजभवन घेराव के लिये जा रहे थे लेकिन पुलिसकर्मियों ने मोरहाबादी के पास बैरिकेडिंग लगाकर उन्हें रोक दिया। काफी देर तक सहायक पुलिसकर्मी और जिला प्रशासन आमने-सामने डटे रहे। दोनों के बीच हल्की बहस भी हुई। कुछ देर बाद मौके पर एसडीओ उत्कर्ष कुमार और सिटी एसपी राजकुमार मेहता, डीएसपी प्रकाश सोय ने सहायक पुलिसकर्मियों से बात की। अधिकारियों ने सभी सहायक पुलिसकर्मियों को समझाया तब जाकर सारे लोग शांत हुए। सिटी एसपी ने उनकी मांगों को गृह विभाग के समक्ष रखने का आश्वासन दिया। मौके पर झारखंड सहायक पुलिस प्रदेश एसोसिएशन के सचिव विवेकानंद ने कहा कि लगातार हमलोगों को आश्वासन दिया जा रहा है लेकिन काम नहीं हो रहा है। सरकार हमलोगों को बंधुआ मजदूर बनाकर रख दिया है। वेतन के नाम पर मात्र दस हजार रुपये दिये जा रहे है। इससे अपना और अपने परिवार का सारा कुछ कर पाना संभव नहीं है।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



# छात्र-छात्राओं ने विद्यालय के विभिन्न समस्याओं को लेकर किया प्रदर्शन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** बेड़ो प्रखंड मुख्यालय परिसर में सोमवार को एस.एस. प्लस टू विद्यालय बेड़ो के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न समस्याओं को लेकर प्रदर्शन किया। छात्र-छात्राएं हाथों में तख्ती लिये 'हमें पिने के लिए पानी दो' 'हमें पढ़ने के लिए बिजली दो' हमें शौचालय दो' के नारे लगाते हुए प्रखंड मुख्यालय परिसर आये और प्रदर्शन करने लगे। मौके पर विद्यार्थीयों ने कहा कि एस.एस. प्लस टू विद्यालय बेड़ो में शौचालय की संख्या कम है। शौचालय में नियमित पानी उपलब्ध नहीं है। शौचालय की सफाई नहीं हैं। विद्यालय में स्वच्छ पेय जल उपलब्ध नहीं है। बिजली, पंखा की सुविधा नहीं है। बैठने के लिए जगह नहीं है। वर्ग कक्षा उपलब्ध नहीं होने के कारण ठीक से पढ़ाई नहीं हो पाती है। विधायक प्रतिनिधि करमा उराँव और अंचलाधिकारी प्रताप मिंज



ने के आश्वासन के बाद छात्र-छात्राएं प्रदर्शन समाप्त कर वापस चले गये। विधायक प्रतिनिधि करमा उराँव ने कहा कि आज पुरे देश में समस्या ही समस्या है। विद्यार्थीयों को मुलभुत अवश्यक्ताओं को पुरा करने के लिए आंदोलन करना पड़ता है। बिना तैयारी के नई शिक्षा नीति लागु होने के कारण इस तरह का समस्या हो रहा है। नई शिक्षा नीति के लागु होने के कारण डीग्री कॉलेज से इंटर को हटा दिया गया है। जिसके कारण सभी कोई प्लस टू में एडमिशन लिये हैं। छात्र-छात्राओं के संख्या के हिसाब से विद्यालय में कमरा शिक्षक का व्यवस्था नहीं हुआ। जिसके कारण इस तरह का समस्या हो रहा है। अंचलाधिकारी प्रताप मिंज ने कहा कि आपलोगों का अभी समय पढ़ लिखकर भविष्य बनाने का समय है। समस्याएं आती हैं समस्याओं से आगे बढ़ने से मंजिल मिलती है। शिक्षा समस्याओं के समाधान के लिए रास्ता निकालता है। आपके विद्यालय को विकसीत करने का विधायक शिल्पी नेहा तिर्की का भी आश्वसन मिला है। कल आपके विद्यालय में बीडीओ, सीओ, बीईओ जाकर आपलोगों के समस्यों को सुनेंगे और हल करने का प्रयास करेंगे। मौके पर मो. समसाद, सोमरा लोहरा, शनिचरवा लोहरा, बोनिफास तिर्की व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय खूँटी में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** राज्य स्तर से संचालित वृक्षारोपण अभियान के अन्तर्गत जिला स्तर पर मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय खूँटी में जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी एवं विद्यालय के शिक्षकों एवं छात्रों की उपस्थिति में वृक्षारोपण किया गया। मौके पर



जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा कहा गया कि वृक्ष हमारे पर्यावरण को संतुलित रखने का कार्य करते हैं। मनुष्य के जीवन में वृक्षों का बहुत ही महत्व है, जिससे हम सभी अवगत हैं।

## संकट मोचन हनुमान मन्दिर का वार्षिक महोत्सव मनाया गया

**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** संकट मोचन हनुमान मन्दिर बाजार टाँड टाटीसिल्वे में वार्षिक उत्सव 14- 15 जुलाई तक अखंड हरिकीर्तन,पूरे विधि विधान के साथ पूजा अनुष्ठान, प्रसाद वितरण पूरे धूमधाम के साथ किया गया। इस



कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के पदाधिकारी विंदश्वर मंडल, बालेश्वर मंडल, अजय मंडल, किशोर मंडल,बरतु महतो, नंदन मंडल,जुगेसर महतो, आशीष मंडल, इंद्रदेव राम, जतन, विजय मंडल, महेश्वर राम, श्रवण राम, नरेश तांती, बबलू महतो,अमरिक राम, मनोज महतो, रवि, रंजीत, जितेंद्र, धीरज, पंकज, अमित, रोहित, विनोद, माधुरी, काजल, मधु, करुणा इत्यादि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## विभिन्न क्षेत्र में रस्मे पगड़ी सह सम्मान समारोह आयोजित किया गया

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुहर्रम के उपलक्ष्य में रांची के विभिन्न क्षेत्रों में रस्मे पगड़ी सह सम्मान समारोह आयोजित की गई। हिन्दपिढ़ी बर मुहल्ला में गुलज़ार लकड़ी फंड के तत्वावधान में खालिद उमर खलीफा की अध्यक्षता में एवं



सरपरस्त हाजी शराफत की सरपरस्ती में,अमन यूथ वेलफेयर सोसाइटी में, पूर्व पार्षद मो. असलम की अध्यक्षता में, चिश्तिया अखाड़ा में, मंसूर चिश्ती, नाला रोड में मो. इम्तेयाज खलीफ के नेतृत्व में सहित अनेक अखाड़े में रस्मे पगड़ी सह सम्मान समारोह आयोजित की गई जिसमें अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष समशेर आलम के साथ साथ इमामबख्श अखाड़ा के प्रमुख खलीफा मो.महजूद,सेन्ट्रल मुहर्रम कमिटी के महासचिव अकीलुर्रहमान, प्रवक्ता मो. इसलाम, उपाध्यक्ष आफताब आलम, सरपरस्त मो. तौहीद,हाजी करीमुल्लाह, टीपू, सरफराज, नौशाद आलम, साहेब अली, हुसैन, खालिद उमर, परवेज आलम, सलमान, कलाम,मेराज, सोनू,मो.अफरोज, नदीम एकबाल, बारीक, टेनी भाई सहित अनेक गणमान्य खलीफा एवं पदाधिकारीगण सम्मानित किए गए। अमन यूथ वेलफेयर सोसाइटी में मो. अफरोज को सर्वसम्मति से अमन यूथ वेलफेयर सोसाइटी अखाड़ा का खलीफा बनाया गया।

## ठाकुर गांव थाना में मुहर्रम को लेकर शांति समिति की हुई बैठक

**ठाकुरगांव (प्रभात मंत्र संवाददाता):** ठाकुर गांव थाना परिसर में आज शांति समिति की बैठक संपन्न हुई।बैठक की अध्यक्षता ठाकुर गांव थाना प्रभारी विनित कुमार और संचालन एसआई दिलीप कुमार और मुंशी अरुण यादव ने किया। बैठक में मुहर्रम त्योहार



को आपसी भाईचारगी के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। मुहर्रम के मौके पर निकलने वाले जुलुश व मेला को लेकर चर्चा की गई, इस दौरान सुरक्षा का पुख्ता इंतेजाम करने का निर्णय लिया गया। ठाकुर गांव थाना प्रभारी विनित कुमार ने कहा कि मुहर्रम जुलुश और मेला में सुरक्षा का पुख्ता इतेजाम किया जाएगा। साथ में कहा कि त्योहार के दौरान शरारती तत्त्वो व मनचलो पर कड़ी कारवाई की जाएगी। आपसी सौहार्द बिगाड़ने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा, उन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि सोसल मिडिया पर भी पुलिस की नजर है। सोसल मिडिया पर जाति धर्म संबंधी भड़काव पोस्ट करने वालो पर सख्त कारवाई की जाएगी। उन्होंने क्षेत्र के लोगो से आफवाह पर ध्यान नहीं देने और अप्रिय घटना की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की। वहीं बैठक में मुहर्रम समितियों द्वारा सड़को पर नियमित पानी छिड़काव कराने, ग्रामीण इलाको में भारी वाहनो के प्रवेश पर रोक लगाने, जिसके समाधान पर चर्चा की गई।बैठक में मौजुद सभी लोगो ने आपसी भाईचारगी के साथ मुहर्रम मनाने का निर्णय लिया। बैठक मे एसआई प्रधान किसको,मनोज बाजपेई,नसरुदीन खाना,फकरूदीन अंसारी, हसीबुदीन अंसारी, हसीबुदिन अंसारी, कमल मोदी, मुखिया सचिन पहान,सहित कई लोग मौजुद थे।

## कृषि पशुपालन एंव सहकारिता विभाग के कार्यो की समीक्षा बैठक संपन्न

**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त लोकेश मिश्रा द्वारा कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग एवं जेएसएलपीएस के कार्यों को लेकर समीक्षा बैठक की गई। बैठक में मुख्य रूप से खूँटी जिला के प्रत्येक



प्रखंड में एक 5 रूब्ज सोलर कोल्ड रूम निर्माण कराए जाने पर चर्चा की गई। वहीं कर्रा प्रखण्ड के अंचलाधिकारी से समन्वय स्थापित कर सहकारिता विभाग को केंद्र सरकार के महत्वकांक्षी योजना- वर्ल्ड लार्जेस्ट ग्रेन स्टोरेज योजना के तहत 50 डिसमिल जमीन उपलब्ध कराने एवं योजना को कार्यान्वित कराना सुनिश्चित करने को कहा गया है। साथ हीं अड़की-तमाड़ मार्ग पर सहकारिता विभाग को केंद्र सरकार के योजना के तहत पेट्रोल/डीजल डीलरशिप लैम्प्स के माध्यम से संचालित करने हेतु जमीन चिन्हित कर योजना को कार्यान्वित करने का निदेश जिला सहकारिता पदाधिकारी को दिया गया। बैठक में जेएसएलपीएस के कार्यों की समीक्षा करते हुए पीवीटीजी वन धन विकास केंद्र तेलंगाडीह में प्रशिक्षण पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया। द्वितीय चरण में स्वीकृत सात वन धन विकास केंद्र में अविलंब आजीविका गतिविधि शुरू करना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। गरिमा कार्यक्रम अंतर्गत ज़िला स्तरीय गरिमा सम्मेलन का आयोजन 28 जुलाई को बिरसा महाविद्यालय के सभागार में कराने को लेकर भी उपायुक्त द्वारा निर्देशित किया गया।

# आजसू की बैठक संपन्न

**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नामकुम प्रखंड के अंतर्गत राजाउलातू पंचायत के जिरकी टोली एवं हेसाबेडा में पंचायत प्रभारी मंगल हेमरोम जिरकी टोली ग्राम प्रभारी मंगल तिर्की,हेसाबेडा ग्राम प्रभारी बलराम मुंडा की अध्यक्षता में आजसू पार्टी का बैठक सुबह-सुबह 6बजे किया गया आजसू पार्टी के नीति और सिद्धांतों को विस्तार पूर्वक बताया गया। आजसू पार्टी रांची जिला वरीय उपाध्यक्ष प्रकाश लकड़ा ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए



कहा कि राज्य का विकास ही आजसू पार्टी का मुख्य उद्देश्य है। झारखंड राज्य को अलग करने की मांग को लेकर आजसू संगठन शुरू से ही प्रयासरत था। आजसू पार्टी के आंदोलन की बदौलत झारखंड अलग राज्य का गठन हुआ। अब राज्य का चहुंमुखी विकास कर देश के पटल पर सर्वोच्च स्थान के लिए आजसू पार्टी के कार्यकर्ता संकल्पित है लकड़ा ने कहा अब पंचायत के प्रत्येक गांव के लोगों तक आजसू पार्टी के कार्यक्रमों और विचारों को पहुंचाने के लिए सुनियोजित ढंग से कार्य करना होगा इसके लिए सभी को निरंतर प्रयास करना होगा प्रखंड के सभी पंचायतों में चूल्हा प्रमुख बनाने का कार्य जोर सोर चल रहा है और महिलाओं के द्वारा महिला समिति पार्टी से जुड़ रहे हैं मौके पर वियल तिर्की, सरिता देवी,मुनी देवी, प्रीति मुंडा एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

# पिपरवार के बिलारी मे ग्रामीणों ने बन्द कराया फ्लाई ऐस छाय ढुलाई का काम

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पिपरवार सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बिलारी के ग्रामीणों ने सोमवार की शाम एनटीपीसी टंडवा से हो रहे फलाई ऐस छाय एवं राख की ढुलाई के काम को बंद करा दिया।छाय एवं राख के ढुलाई कार्य को बंद कराए जाने के बाद उक्त मार्ग पर वाहनों की लंबी कतार देखी जा रही है।इस संबंध में गांव के ग्रामीणों ने बताया कि टंडवा एनटीपीसी से बड़े-बड़े वाहनों में फ्लाई ऐस छाय राख की ढुलाई पिपरवार के बिलारी मुख्य मार्ग से हो रही है,जिसके कारण प्रदूषण से स्थानीय ग्रामीण काफी परेशान है।छाय एंव राख की ढुलाई के दौरान वाहनो से सड़को पर धुल गर्द जमा हो रहा है,जिससे स्थानीय ग्रामीणों के अलावा राहगीरों को आवागमन करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।सड़क पर गिर रहे धूल गर्द से उत्पन्न हो रहे प्रदूषण ग्रामीणों के घरों तक प्रवेश कर रहा है,वही खेती बारी पर भी धुल गर्द जमा होने से परेशानी हो रही है।जिसके कारण ग्रामीणों को काफी परेशानी हो रही है। वही घनी आबादी वाले क्षेत्र से छाय एवं राखी ढुलाई कर रहे हैं वाहनों की रफ्तार काफी तेज गति से हो रही है इसके कारण घटना की भी आशंका बनी रहती है।ग्रामीणो ने कहा कि पहले कोयला ढुलाई और अब फ्लाई एस की धुलाई होने से ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। इससे आक्रोशित बिलारी गांव के ग्रामीणों ने छाय राख ढुलाई के काम को बंद कर दिया है।इसके अलावा दिन में मनमानी तरीके से हो रही कोयला ढुलाई के काम को भी ग्रामीणों ने विरोध किया है।ग्रामीणों ने कहा कि किसी भी कीमत पर घनी आबादी वाले क्षेत्र से इस तरह की ढुलाई काम को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।इसके लिए अलग सड़क से ढुलाई कराया जाए।

# राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन ने किया पिपरवार जीएम से औपचारिक मुलाकात

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन पिपरवार क्षेत्रीय कमेटी के प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के नए महाप्रबंधक संजीव कुमार से औपचारिक मुलाकात किया।इस मौके पर यूनियन के पिपरवार क्षेत्रीय सचिव विद्यापति सिंह के नेतृत्व में सभी शाखा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल थे।इस दौरान यूनियन के द्वारा फूलों का गुलदस्ता देकर जीएम संजीव कुमार का स्वागत किया गया, जबकि अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित



किया गया।जिसके बाद जीएम संजीव कुमार ने यूनियन के लोगों के साथ परिचय बैठक की।इस बैठक में यूनियन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने अपना परिचय दिया।इस दौरान कोयला मजदूरों की कई ज्वलंत समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। यूनियन के द्वारा कोयला मजदूरों की समस्या को जीएम से अवगत कराते हुए इसके समाधान की मांग की। वहीं जीएम संजीव कुमार ने इस पर सकारात्मक पहल करने का भरोसा दिया,साथ ही उत्पादन सहित अन्य कार्यो मे यूनियन से सहयोग की अपील की।इस मौके पर विद्यापति सिंह,मिथलेश शर्मा,संतोष दास,शाहबुदीन अंसारी,शंकर मुखर्जी,मो. कुर्बान,श्रवण कुमार,मंसुर अंसारी,अनुप सिकदर, आनन्द मुंडा,राजेन्द्र राम, परिमल पात्रा,सौमित घोष, विक्की उरांव,राजीव रंजन, राज वल्लभ सहित यूनियन के सभी शाखा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद थे।

## आरवीएम केंद्रीय उपाध्यक्ष ने सीसीएल ईएंडटी जीएम से मुलाकात कर दी बधाई

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रैयत विस्थापित मोर्चा के केंद्रीय उपाध्यक्ष इकबाल हुसैन ने सोमवार को सीसीएल मुख्यालय दरभंगा हाउस रांची में सीसीएल के नये जीएम ईएंडटी एसके सिंह से औपचारिक मुलाकात किया।इस दौरान केंद्रीय उपाध्यक्ष इकबाल हुसैन ने फूलों का गुलदस्ता देकर



जीएम एसके सिंह का स्वागत किया।साथ ही एसके सिंह को सीसीएल मुख्यालय दरभंगा हाउस में जीएम ईएंडटी बनाये जाने पर उन्हें बधाई दी।इस औपचारिक मुलाकात के दौरान केंद्रीय उपाध्यक्ष इकबाल हुसैन ने कई बातों पर विस्तार से विचार विमर्श किया।इस मौके पर मोर्चा के अन्य लोग भी मौजूद थे।ज्ञात हो कि जीएम एसके सिंह इससे पूर्व पिपरवार और मगध आम्रपाली एरिया मे स्टॉफ ऑफिसर ईएंडटी के पद पर कार्य कर चुके है,साथ ही सीएचपी/सीपीपी कोल वाशरी मे परियोजना पदाधिकारी के पद पर भी कार्य कर चुके है,जिसके बाद उन्हें सीसीएल मुख्यालय मे जीएम ईएंडटी बनाया गया है।

# बेड़ो मे विभिन्न योजनाओ का शिलान्यास

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** सोमवार को कल्याण विभाग द्वारा बेड़ो प्रखंड के ग्राम दिघिया में अल्पसंख्यक ईसाई कब्रिस्तान सौंदर्यकरण कार्य, ईटा पंचायत के ग्राम कादोजोरा मे मुस्लिम कब्रिस्तान का घेराबंदी कार्य एवं जामटोली पंचायत के ग्राम महरू में मुस्लिम कब्रिस्तान का शिलान्यास विधिवत तरीके से माननीय विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने किया। विधायक ने साथ ही 15वें वित्त आयोग निधि अंतर्गत ब्लॉक रोड होते हुए खेत तक पक्की नाली निर्माण कार्य का भी शिलान्यास किया। ये सभी योजना लाखो रुपये के लागत से बनाया जाना है। शिलान्यास कार्यक्रम मे सभी जगह ग्रामीण विधायक का बहुत समय से इंतजार कर रहे थे। विधायक को देखकर ग्रामीण काफी खुश थे। ग्रामीण पुष्प माला



पहनाकर विधायक का स्वागत किया। ग्रामीण अपनी सहमति दर्ज करते हुए कहा कि यह हमारी पुरानी मांग थी। जिसे विधायक ने पुरा किया, इसके लिए उन्होंने विधायक के प्रति अपना आभार प्रकट करते हुए, धन्यवाद दिया।। विधायक शिलान्यास करने के पश्चात अपने पार्टी के कार्यकर्ताओ से भी मिली, उनका हाल चाल लिया, साथ ही उनकी समस्याओ से भी अवगत हुई, उन्हे भरोसा दिलाया कि जल्द उन समस्याओ का निदान कराया जायेगा।। मौके पर जिला परिषद बेरोनिका जी, उप प्रमुख मोदासीर हक, मुखिया, पार्टी प्रखंड करमा उरांव, विधायक प्रतिनिधि मन्कु कुजूर, पंचु मिंज, फहीम अंसारी, शम्भू बैठा, सिल्वेस्टार तिग्गा, सोमरा जी, पंचायत अध्यक्ष, पंचायत कार्यकर्ता एवं अन्य उपस्थित रहे।।

## मृतक भाई बहन के अंतिम संस्कार में शामिल हुए पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ परमेश्वर भगत



**मांडर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मांडर प्रखंड ग्राम सकरा निवासी बिगा उरांव की बेटी खुशी उरांव 13 वर्षीय व बेटा निखिल उरांव 6 वर्षीय दोनों भाई-बहन कल गांव के समीप ही खेत की तरफ मवेशियों को चराने गए थे और खेत में बने कुएं के निकट खेल रहे थे। इसी क्रम में खेलते खेलते निखिल उरांव कुएं में गया और पानी में डूबने लगा। भाई को डूबता देख उसे बचाने के लिए खुशी उरांव भी कुएं में कूद गई और दोनों गहरे पानी में डूब गए जिससे दोनों भाई बहन की मृत्यु हो गई जैसे ही डॉ परमेश्वर भगत को इस हादसे के बारे में जानकारी मिली डॉ भगत मृतक के गांव सकरा उनके अंतिम संस्कार में शामिल हुए एवं मृतक बच्चों के परिजनों से मिलकर शोक व्यक्त करते हुए ढांढस बंधाया एवं अपनी ओर से हर संभव मदद का भरोसा दिलाया।

## आजसू पार्टी पंचायत प्रभारी की अध्यक्षता में बैठक संपन्न



**अनगड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सोदाग पंचायत सोदाग में आजसू पार्टी पंचायत प्रभारी अचलराय तिर्की की अध्यक्षता में मीटिंग रखा गया बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में आजसू पार्टी केंद्रीय सचिव सह पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उराँव ने सभी ग्राम प्रभारियों को चूल्हा प्रमुख जल्द से जल्द बनने का दिशा निर्देश दिए साथ ही पारसनाथ उराँव ने कहा आजसू पार्टी की रीढ़ चूल्हा प्रमुख ही है राज्य में बढ़ रहे व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ राज्य के हर जिला में आजसू पार्टी हल्ला बोल कार्यक्रम के माध्यम से बालू कोयला चोर सरकार को विधानसभा चुनाव में उखाड़ फेंकने का काम करेगी इसके लिए खिजरी विधानसभा के हर गाँव स्तर पर चूल्हा प्रमुख तैयार किया जा रहा है । इस मौके पर राँची जिला सचिव कुदरत शेख, पूर्व मुखिया गणेश तिर्की के साथ सभी ग्राम प्रभारी सुनील बाखला, शिवजी खोया,अल्बर्ट खोया, रवि तिर्की, सुंदर स्वांसी, बंधन खोया,सुनील बरला, अशोक उराँव, महादेव मुंडा, जोहन लिंडा, दीपक किस्पोट्टा,के अलावे कई चूल्हा प्रमुख बबलू खाखा, सुधीर लिंडा, सुलेन्द्र महतो,रोशन कच्छप,चरवा मुंडा, करमा कच्छप,अमित खोया, छोटू केरकेट्टा,आनंद कच्छप, आशिष टूटी,आदि सैकड़ों लोग उपस्थित थे ।

## नए पदाधिकारियों का सम्मान समारोह

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली बुंडू मोड़ चौक पर सुंदर कुंज लॉज में सिल्ली वारिस्ट नागरिक संघ के वारिस्ट नागरिको के द्वारा जन समस्या समिति के चयनित सदस्य का सम्मान समारोह आयोजित की गई।समारोह की अध्यक्षता देवनारायण सिंह ने की।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सिल्ली थाना प्रभारी मोहित कुमार उपस्थित थे। उन्होंने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा असली पूजा तो बुजुर्गों का सम्मान व माता-पिता के चरणों में होती है। जबकि बुजुर्गों का सम्मान करना हमारी परंपरा है। उन्होंने कहा कि वृद्धजनों से हमें प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से सदैव मार्गदर्शन मिलता है। उन्होंने कहा कि संयुक्त परिवार में बुजुर्गों की सदा आवश्यकता महसूस की जाती है। वहीं वरिष्ठजनों के अनुभव से आने वाली पीढ़ी को आशीर्वाद के तौर पर लाभ मिलता है। जब भी आप सभी को हमारी सहायता की आवश्यकता पड़ेगी तो हम हमेशा आपके साथ हैं।डा विवेक कुमार ने कहा कि एक समृद्ध राष्ट्र युवाओं की ऊर्जा और वरिष्ठजनों के अनुभव से ही समाज और समृद्ध राष्ट का निर्माण होता है। उन्होंने कहा कि आज हमारे देश में सर्वाधिक युवा है, बुजुर्ग उन्हें मार्गदर्शन देते रहें तो भारत को अग्रणी देश बनाया जा सकता है। कार्यक्रम का संचालन कर रहे हैं रतनलाल महतो ने कहा कि उन्होंने स्वयं सेवानिवृत होने के बाद अपने जीवन में चुनौतियां महसूस की और फिर शहजार होम्स में पूर्ण रूपेण सहभागिता की ताकि अपने और साथियों को वह एक हैप्पी एजिंग की तरफ ले जा सके।

## अश्लील एवं भड़काऊ गाना बजाने वालों पर होगी कानूनी कार्रवाई : कुंदन सिंह



**मुरी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुरी ओपी परिसर मे सोमवार को आगामी होने वाले मोहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति कि बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता ओपी प्रभारी कुंदन सिंह एवं सिल्ली थाना प्रभारी मोहित कुमार के नेतृत्व किया गया। बैठक का संचालन मोहम्मद फारुख ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए ओपी प्रभारी कुंदन सिंह एवं सिल्ली थाना प्रभारी मोहित कुमार ने कहा की मोहर्रम पर्व को शांति पुर्वक एवं भाईचारे के साथ मनाए। जुलुस में किसी प्रकार का अश्लील एवं भड़काऊ गाना का प्रयोग नहीं करना है। सोशल मीडिया पर किसी प्रकार का अफवाह नहीं फैलाना है। किसी प्रकार का नशा करके जुलूस में शामिल नहीं होना है। किसी भी प्रकार का अफवाह फ़ैलाने वालो पर पुलिस प्रशासन उसपर कड़ी कार्रवाई करने के लिए बाध्य होगी। किसी भी प्रकार की घटना होती है तो तुरंत इसकी सूचना प्रशासन को किजिए।त्योहार को लेकर सभी ने अपने अपने विचारों को रखा। इस मौके पर पूर्व प्रमुख कमलनाथ माझी, पूर्व जिला परिषद सुशील महतो, समाजसेवी श्याम सुंदर महतो, मोहर्रम कमेटी के सेक्रेटरी मजीद आलम, मंजूर आलम, शमशेर हुसैन, शहाबुद्दीन मोमीन, मुख्तार अंसारी, उस्मान अंसारी,मंसुर अली समेत सभी समुदाय के लोग मौजूद थे।

## प्रखंड अल्पसंख्यक मोर्चा का गठन



**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झामुमो कार्यालय बुढाम सिल्ली में झामुमो सिल्ली प्रखंड समिति द्वारा एक बैठक सिल्ली प्रभारी सह रांची जिला उपाध्यक्ष रामानंद बेदिया की उपस्थित में प्रखंड अध्यक्ष बलराम महतो उर्फ राधिका की अध्यक्षता में की गई। जिसमें विधानसभा चुनाव तैयारी संबंधित विचार विमर्श, लोकसभा चुनाव की बुत स्तर समीक्षा एवं झामुमो सिल्ली प्रखंड अल्पसंख्यक मोर्चा का गठन सर्वसम्मति से किया गया। जिसमें यासीम मोमिन को अध्यक्ष, मोहरम मोमिन को सचिव, अनूप कश्यप को कोषाध्यक्ष, इकराउद्दीन अंसारी को संयुक्त सचिव, रमजान मोमिन व चंपा उरांव को उपाध्यक्ष बनाया गया। इस मौके पर गोकुल चंद्र महतो, फागुराम बेदिया, मंजू देवी, रेखा देवी, फलाहारी महतो, अजीत कुमार महतो, फखरुद्दीन राय, द्वारिका महतो, भगीरथ महतो, बंशी कोईरी, दिलीप कुमार महतो, दुलाल मोदक, मुकेश कुमार महतो, फेंकना महतो आदि उपस्थित थे।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## जैट ने अकादमिक वर्ष 2025 के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू किए, टॉप मैनेजमेन्ट संस्थानों के लिए गेटवे

**जमशेदपुर/रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत की सबसे प्रख्यात राष्ट्रीय स्तर की एमबीए प्रवेश परीक्षाओं में से एक ज़ेवियर एप्टीट्यूट टेस्ट (जैट) ने जैट 2025 के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू करने की घोषणा की है। 15 जुलाई 2024 से छात्र इस महत्वपूर्ण परीक्षा के लिए रजिस्टर कर सकते हैं।डॉ राहुल शुक्ला, कन्वेनर एडमिशन्स, जैट ने कहा, 'हम उम्मीदवारों को मैनेजमेन्ट में करियर बनाने के लिए, ज़रूरी कौशल एवं ज्ञान प्रदान कर उन्हें सशक्त बनाना चाहते हैं। 250 से अधिक कॉलेज एक्सएलआरआई और जैट से जुड़े हैं और जैट का स्कोर स्वीकार करते हैं, ऐसे में यह परीक्षा छात्रों को मैनेजमेन्ट शिक्षा के लिए ढेरों अवसर प्रदान करती है।'जैट छात्रों को एप्टीट्यूट, लॉजिकल रीज़निंग, लैंग्वेज दक्षता एवं निर्णय निर्धारण क्षमता के प्रदर्शन का मौका देती है। 75 सालों से एक्सएलआरआई अखिल भारतीय परीक्षा के माध्यम से मैनेजमेन्ट शिक्षा के लिए योग्य उम्मीदवारों की पहचान में अग्रणी रहा है।जैट 2025 के लिए रजिस्ट्रेशन आधिकारिक वेबसाईट www.xatonline.in के ज़रिए ऑनलाईन भरे जा सकते हैं। आवेदन शुल्क सभी उम्मीदवारों के लिए रु 2200 है। एक्सएलआरआई प्रोग्रामों का विकल्प चुनने वाले उम्मीदवारों को रु 200 प्रत्येक के अनुसार अतिरिक्त शुल्क देना होगा। जैट 2025 का आयोजन देश के कई शहरों में किया जाएगा। इसके 100 से अधिक टेस्ट सेंटर मुंबई, बैंगलुरु, चेन्नई, दिल्ली-एनसीआर, अहमदाबाद, हैदराबाद, जयपुर, कोलकाता, थिरुवनंतपुरम आदि में हैं।

## विवेकानंद स्कूल में गो ग्रीन ड्राइव कार्यक्रम के तहत नब्बे वृक्षों का पौधारोपण



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आज स्कूल के गो ग्रीन ड्राइव के अंतर्गत नब्बे वृक्षों का पौधारोपण किया गया। स्कूल के अभिभावक स्वरूप राय मनेंद्र प्रसाद के जन्मदिन के अवसर पर हर वर्ष वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। मुख्य अतिथि के रूप में रामकृष्ण मिशन स्टूडेंट होम के स्वामी महाभवानंद जी तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में करीम सिटी कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ मोहम्मद रियाज उपस्थित रहे। विशेष अतिथि के रूप में आजाद नगर थाना शान्ति समिति के महासचिव मुख्तार आलम खान, ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट के ट्रस्टी सैयद आसिफ अख्तर, सुनीता बीरमानी तथा दीपक श्रीवास्तव उपस्थित रहे। स्कूल के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने एक एक वृक्ष को गोद लिया तथा उनके देख रेख की जिम्मेवारी ली। स्कूल के स्टूडेंट्स भी काफी उत्साहित हो कर विषय के अनुरूप प्लाकार्ड्स तथा पोस्टर्स डिस्प्ले किए। नब्बे वृक्षों में सागवान, अर्जुन, गुलमोहर, नीम इत्यादि वृक्ष लगाए गए। प्रधानाध्यापिका डॉ निधि श्रीवास्तव ने अतिथियों का स्वागत किया तथा स्कूल के शिक्षक शाहनवाज खान ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

## आजसू वाले फैला रहे हैं अफवाह, मैं आजसू नहीं झामुमो का सच्चा सिपाही : रामरतन महतो

**तिरुलडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कुकडु प्रखंड के बांदावीर निवासी रामरतन महतो ने कुकडु प्रखंड में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों से बातचीत के क्रम में कहा कि कुछ लोग उनके बारे में अफवाह फैला रहे हैं कि वे आजसू पार्टी के कार्यकर्ता हैं। उन्होंने कहा कि उनका आजसू पार्टी से कभी कोई नाता नहीं रहा। उन्होंने खुद को झामुमो का सच्चा सिपाही बताते हुए कहा कि मैं झामुमो का था, हूं और आगे भी रहूंगा।

## नौ दिनों तक मौसीबाड़ी में विश्राम कर महाप्रभु पहुंचे अपने घर, किया गया भव्य स्वागत

**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बीमार पड़ने के बाद नौ दिनों तक मौसीबाड़ी में विश्राम करने के बाद सोमवार को उल्टी रथयात्रा आयोजित कर महाप्रभु जगन्नाथ को अपने घर लाया गया। भाई बलराम व बहन सुभद्रा के साथ अपने घर वापस पहुंचने पर श्रद्धालुओं द्वारा महाप्रभु जगन्नाथ का भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान महिलाओं ने उनकी आरती उतारकर पूजा अर्चना की। इस दौरान सार्वजनिक रथ यात्रा कमेटी की ओर से बड़ा गम्हरिया स्थित मंदिर से भव्य रूप से सजाए गए रथ पर भगवान जगन्नाथ को उनके भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ रखकर उनकी पूजा अर्चना कर विदा किया गया। इस दौरान लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। इसके आयोजन में कमेटी के अध्यक्ष गोपाल चौधरी, सचिव अरुण बेज, कोषाध्यक्ष प्रेमेंद्र नाथ पाल, वरुण दास, जगन्नाथ कुंडू, संजय मंडल, सीताराम बेज, संजय दास, भैरव प्रामाणिक, संजय मंडल, दिलीप गोराई, दीपक नायक समेत सभी सदस्यों का योगदान रहा। वहीं, कांड्रा में भी वापसी रथयात्रा निकालकर महाप्रभु को बानाडूंगरी स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर लाया गया। महाप्रभु के स्वस्थ होकर भाई व बहन के साथ अपने घर वापस आने पर भव्य स्वागत किया गया।

## सेवानिवृत कर्मचारी को दी गई विदाई

**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** औद्योगिक क्षेत्र स्थित रामकृष्णा फोजिंग्स लिमिटेड, प्लांट एक मे एक समारोह अयोजित कर सेवानिवृत्त कर्मचारी विजय प्रधान को भावभीनी विदाई दी गई। इस मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित कंपनी के एचआर प्रबंधक रिंटू मुखर्जी ने कहा कि विगत करीब 40 वर्षों के लंबे कार्यकाल में इन्होंने अपनी कुशल कार्यक्षमता का परिचय दिया है। आरकेएफएल परिवार उनके योगदान को सदैव याद रखेगा। समारोह की अध्यक्षता करते हुए यूनियन के अध्यक्ष अभय लाभ ने कहा है विजय प्रधान सेवानिवृत्त जरूर हुए हैं, पर इनके मार्गदर्शन की हमें हमेशा अपेक्षा रहेगी। उन्होंने विजय के स्वस्थ व दीर्घायु रहने की कामना किया। समारोह को एचआर विभाग के विवेक कांत, यूनियन के महासचिव तारकेश्वर यादव, उपाध्यक्ष दिनेश राम, कोषाध्यक्ष अच्छेलाल यादव, भूपेंद्र गोराई आदि ने भी सम्बोधित किया।

## बागबेड़ा में गणेश पूजा पंडाल हेतु भूमि पूजन

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जमशेदपुर प्रखंड अन्तर्गत बागबेड़ा सिदो कान्हू मैदान में जय धर्मे क्लब की ओर से गणेश पुजा मंडप निर्माण हेतु भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम में यजमान के रुप में झामुमो नेता महाबीर मुर्मू व पुरोहित दशरथ कुमार पांडेय के द्वारा मंत्रोचारण के साथ भूमिपूजन किया गया। पूजा मंडप का निर्माण गुरुदेव टेंट के द्वारा किया जायेगा जिसमें पहाड़ पर्वत के ऊपर राष्ट्रीय पक्षी मोर नृत्य करते हुए दर्शाया जायेगा। विद्युतसज्जा मिंटू साउंड एंड लाइट के द्वारा किया जायेगा। पूजा क्लब की ओर से पूजा आरम्भ से अंतिम दिन तक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा एवं भोग का वितरण किया जायेगा। कार्यक्रम में मुख्य संरक्षक पिंटू तिर्की, मुखिया श्रीमति धनमणि मार्डी, अध्यक्ष टिंकू राउत,भीम राउत, मुकेश शर्मा, दीपक गोस्वामी, सुनील मोहंती, आजाद शर्मा, राजेश रजक, मनोज तांती, रॉकी सिंह, चंदन पांडेय, प्रमोद यादव, गोविंदा गुप्ता व संतोष गुप्ता आदि उपस्थित थे।

### डीसी के निर्देश पर डीडीसी की अध्यक्षता में हुई स्वास्थ्य एवं समाज कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक

# 15 दिनों में सेविका व सहायिका के रिक्त पदों पर नियुक्ति करें : डीडीसी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** समाहरणालय सभागार, जमशेदपुर में उपायुक्त (डीसी) अनन्य मित्तल के निर्देशानुसार स्वास्थ्य एवं समाज कल्याण की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। उप विकास आयुक्त (डीडीसी) मनीष कुमार की अध्यक्षता में आहूत बैठक में स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी योजनाओं समेत सभी गर्भवती महिलाओं, कुपोषण उपचार केन्द्र, मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, पीएम मातृ वंदना योजना, कन्यादान योजना समेत सभी विभागीय योजनाओं में प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई । उप विकास आयुक्त ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा स्वास्थ्य एवं समाज कल्याण की योजनाएं आम नागरिकों के बेहतर स्वास्थ्य, पोषण तथा उनके जीवन स्तर में बेहतरी को ध्यान में रखकर संचालित की जा रही है। सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सेवायें पहुंचे, स्वास्थ्य उप केन्द्र सुविधायुक्त हों जिससे लोगों को छोटी-छोटी परेशानियों के लिए शहर का दौड़ नहीं लगाना पड़े और उनपर आर्थिक बोझ नहीं पड़े। उन्होंने शिशुओं के वजन मापी के लिए सभी अस्पतालों में इन्फैंटोमीटर खरीदारी करने के निर्देश दिए। गर्भवती महिलाओं का शत प्रतिशत पंजीकरण, एचआईवी जांच, ससमय आयरन की गोली देने, टीबी, वीएचएसएनडी कार्यक्रम, डेंगू रोकथाम, सिकल सेल एनीमिया स्क्रीनिंग आदि की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए गए। वहीं संस्थागत डिलीवरी बढ़ाने पर बल देते हुए वैसे क्षेत्रों को चिन्हित करने का निर्देश दिया जहां संस्थागत डिलीवरी का प्रतिशत कम है। बैठक में गर्भवती महिलाओं का एएनसी शत प्रतिशत करने का निर्देश दिया गया। साथ ही सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में बेहतर व्यवस्था मुहैया कराने हेतु विचार विमर्श किया गया। समाज कल्याण विभागीय योजनाओं की समीक्षा में सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना एवं पीएम मातृवंदना योजना में अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर अप्रसन्नता जताई। रिक्त पड़े 34 आंगनबाड़ी सेविका एवं 36 सहायिका के पदों को अगले 15 दिनों में ग्राम सभा कर कम से कम 40 पदों पर नियुक्ति के निर्देश दिए। वहीं 0-6 वर्ष और गर्भवती माताओं की मॉनिटरिंग को लेकर पोषण ट्रैकर एप की समीक्षा में शत-प्रतिशत इंट्री सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में सिविल सर्जन डॉ. जुझार माझी, डीआरसीएचओ डॉ. रंजीत पांडा समेत स्वास्थ्य विभाग के अन्य पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी संध्या रानी, सभी सीडीपीओ, महिला

## आदिवासी सेंगेल अभियान ने राष्ट्रपति के नाम प्रखंड कार्यालय में सौंपा ज्ञापन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पटमदा :** आदिवासी सेंगेल अभियान के पटमदा प्रखंड अध्यक्ष उदय मुर्मू के नेतृत्व में सोमवार को पटमदा बीडीओ पियूषा शालीना डोना मिंज के प्रधान सहायक के हाथों महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के नाम ज्ञापन सौंपा गया। प्रखंड अध्यक्ष उदय मुर्मू ने बताया कि सेंगेल के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व सांसद सालखन मुर्मू के आह्वान पर राष्ट्रीय स्तर पर भारत के महामहिम राष्ट्रपति के नाम पत्र के माध्यम से मांग रखी गई कि सभी आदिवासी गांव-समाज में संविधान और जनतंत्र जल्द लागू करें। चूंकि आदिवासी स्वशासन व्यवस्था के नाम पर चालू वंशानुगत नियुक्त माझी - परगना आदि इसको नहीं मानते हैं, राजतांत्रिक तानाशाही चलाते हैं। जबरन सामाजिक बहिष्कार, जुर्माना, डायन प्रताड़ना, अंधविश्वास, नशापान, वोट खरीद-बिक्री, महिला विरोधी मानसिकता आदि जैसे असंवैधानिक कृत्यों को बढ़ावा देते हैं। अंततः आदिवासी गांव-समाज गुलामी का जीवन जीने को मजबूर है। सेंगेल की यह भी मांग है कि अविलंब राज्य सरकार, जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन, सक्षम पदाधिकारी इसे लागू करने में सहयोग करें अन्यथा ये भी जिम्मेदार हैं। कार्यक्रम में पूर्वी सिंहभूम जिला सेंगेल परगना चुनाराम टुडू, केंद्रीय सेंगेल संयोजक बीमो मुर्मू , हेमलाल मुर्मू, संदीप मुर्मू, अनिल टुडू, चंद्राय टुडू, जितेन सोरेन, रवि सोरेन, मार्शल टुडू, बाबूराम मार्डी, सुनील मुर्मू, बिनन्द टुडू व धर्मु किस्कू आदि उपस्थित थे।

## नामशोल गांव में पेयजल संकट की सूचना पर चापाकल गाड़ी लेकर पहुंचे विधायक मंगल कालिंदी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पटमदा :** जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी सोमवार को बोड़ाम प्रखंड की गौरडीह पंचायत अंतर्गत नामसोल गांव चापाकल गाड़ी को साथ लेकर पहुंचे और गांव में नया चापाकल लगवाने हेतु पूजा अर्चना करते हुए और कार्य शुरू कराया। विधायक ने बताया कि स्थानीय लोगों के माध्यम से जानकारी मिली थी कि नामसोल गांव में एक भी चापाकल नहीं होने के कारण पेयजल संकट से ग्रामीण जूझ रहे हैं। उन्होंने बताया कि मामले को गंभीरता से लेते हुए अविलंब प्रत्येक पंचायत में 10 चापाकल अधिष्ठापन योजना से नया चापाकल लगवाने का काम शुरू करवाया गया। इससे ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो पाएगा। मौके पर झामुमो कार्यकर्ता विनय मंडल, दीपंकर महतो, बासुदेव कुंभकार, रवींद्र गोराई, शिवशंकर कुंभकार, पशुपति कुंभकार, हाड़ीराम कुंभकार, सुसेन कुंभकार, भारती कुंभकार व कौशल्या कुंभकार आदि ग्रामीण मौजूद थे।

## कुकडु प्रखंड के दयापुर में जंगली हाथियों ने तोड़े कई घर



प्रभात मंत्र संवाददाता

**तिरुलडीह :** कुकडु प्रखंड की ओड़िया पंचायत के दयापुर एवं झापागोंडा में जंगली हाथियों ने जमकर उत्पात मचाया। भाजपा नेता सचिदानंद महतो ने जानकारी देते हुए बताया कि इन दिनों कुकडु क्षेत्र में जंगली हाथियों का झुंड खुलेआम विचरण कर रहा है और इसी क्रम में रविवार की रात झापागोंडा गांव में घुसकर कई घरों को तोड़फोड़ करते हुई दया पुर में भी कई घरों को तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया एवं घर के अनाजो को खा गया। झापागोंडा में गुरुदेव महतो, डमन महतो, सुबोध महतो, विकल महतो एवं दयापुर में तनु महतो, अरुण महतो, रामकृष्ण महतो, कन्तु महतो, बनु महतो, राबिया गोप, निमाई गोप एवं फटिक चंद्र महतो के घर में जमकर तोड़फोड़ किया।

## परसुडीह में चित्रांकन प्रतियोगिता में बच्चों ने बताए स्वच्छता के महत्व



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** सोमवार को स्वच्छता पखवाड़ा के अवसर पर परसुडीह स्थित राजेन्द्र बालिका मध्य विद्यालय में भारत पेट्रोलियम के सौजन्य से चित्रांकन प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें कक्षा 3 से 8 वर्ग के बच्चों को दो ग्रुप ए और बी में बांटा गया। बच्चों ने अपनी प्रतिभा से स्वच्छता के महत्व को बताया। मौके पर कम्पनी के अधिकारी घनश्याम गलवानी. सैकत दे एवं नीतीश कुमार सहित परसुडीह स्थित बीपीसीएल डीलर राजेन्द्र एण्ड संस के प्रो. राजेन्द्र साह राज शामिल हुए। अंत में धन्यवाद ज्ञापन नीतीश कुमार ने किया।ग्रुप ए में प्रथम शिवानी भूमिज, द्वितीय तनूजा मदन, तृतीय अज़लीन बिरुली एवं सांत्वना पुरस्कार सुकुरमनी टुडू, पायल कुमारी, संकी बेसरा, रोशनी हिब्रू रही। इसी प्रकार ग्रुप बी में प्रथम सुमन मुंडा, द्वितीय सुभो राय चौधरी, तृतीय रोहित पात्रों और सांत्वना पुरस्कार मोहन बिरुआ, आशीष प्रसाद, पूजा कुमारी, आयुष सिंह को मिला।

## जिला युवा कांग्रेस कमेटी ने खरसावां में की बैठक, राष्ट्रीय कॉर्डिनेटर ने कहा - देश का भविष्य युवाओं के कंधों में है



प्रभात मंत्र संवाददाता

**खरसावां :** खरसावां पथ निरीक्षण भवन में युवा कांग्रेस जिला कमिटि सरायकेला-खरसावां की एक बैठक जिलाध्यक्ष प्रेमेन्द्र कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में की गई। बैठक में राज्य सरकार की कल्याकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का निर्देश दिया गया। इस दौरान युवा कांग्रेस की जिला कमिटि, खरसावां विधानसभा कमिटि, प्रखंड कमिटि, पंचायत व बूथ कमिटियों की समीक्षा की गई। बैठक में युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय कॉर्डिनेटर चंदन कुमार राय ने कहा कि झारखंड विधानसभा चुनाव एक मात्र लक्ष्य है। लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए युवा कांग्रेस कार्यकर्ता को पूरी ताकत लगानी है। कांग्रेस कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ है। उन्होने कहा कि युवाओं में सर्वाधिक ऊर्जा होती है, जिसका उपयोग देशसेवा में करना चाहिए। देश का भविष्य युवाओं के कंधे पर है। बैठक को सत्यम सिंह, सुरेश संवैया ने भी संबोधित किया और युवाओं में जोश भरा। मौके पर जिला उपाध्यक्ष अनिल सोय, मनोज सिंह मुंडा, वीरेंद्र नायक, सूरज सामड, दिलीप सिंह मुंडा, आशीष बनर्जी, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष बलभद्र महतो, रामराय बांकिरा,रेंगो पूर्ति, बुधन हेंब्रम, आई आलम, महेंद्र मुंडा, दुखिन सिंह मुंडा, मदन सिंह मुंडा, विश्वजीत लेयांगी मुख्तार आलम, बिशु बिरुली आदि उपस्थित थे।

## विधायक सबिता महतो ने 18 लाख की विभिन्न योजनाओं का किया उद्घाटन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**तिरुलडीह :** ईचागढ़ की विधायक सबिता महतो ने विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कुकडु प्रखंड के चोकेगाडिया व कूदा में दो तालाब एवं शहीद निर्मल महतो उच्च विद्यालय कुकडु में बने चहारदीवारी का उद्घाटन नारियल फोड़कर किया। मौके पर विधायक ने कहा कि स्कूल की चहारदीवारी टूट गई थी जिसकी मरम्मती की मांग को लेकर विद्यालय परिवार की ओर से उनसे आग्रह किया गया था। चूंकि स्कूल में छोटे छोटे बच्चे भी रहते हैं जिसकी सुरक्षा के दृष्टिकोण से भी चहारदीवारी जरूरी थी। विद्यालय परिवार ने विधायक का आभार जताया। दूसरी ओर विधायक ने कहा कि भूमि जल स्तर काफी नीचे चला गया है जिसके मद्देनजर चोकेगाडिया व कूदा में तालाब का निर्माण विधायक निधि से कराया गया है जिससे क्षेत्र के किसानों को खेती के लिए पटवन, स्नान एवं अपने मवेशियों को पानी पिलाने के साथ- साथ सब्जी की खेती करने में सहूलियत होगी। उनका कार्यकाल पूरा होने जा रहा है बचे समय में वे ईचागढ़ वासियों के लिए कई अधूरे कार्यो को पूरा करने में हरसंभव प्रयासरत है। जनता ने उनके पति स्व सुधीर महतो को विधायक बनाया, डिप्टी सीएम बनाया इतना ही नहीं उन्हें भी विधायक बनाकर अपना प्यार दिया है जिसके लिए वे हमेशा इनका आभारी रहने की बात कही।

## बालू लदे ट्रैक्टर और बाइक की सीधी टक्कर, ट्रैक्टर व बाइक जब्त



प्रभात मंत्र संवाददाता

**ईचागढ़ :** सरायकेला-खरसावां जिला अंतर्गत ईचागढ़ प्रखंड मुख्यालय से महज तीन सौ फीट दूर चौका पातकुम सड़क पर गोरांगकोचा में अवैध बालू लदे एक ट्रैक्टर ने बाइक को आमने-सामने ठोकर मार दिया, जिससे बाइक क्षतिग्रस्त हो गया एवं बाइट सवार गंभीर रूप से जख्मी हो गया। स्थानीय लोगों ने घायल को अस्पताल भेजा व ट्रैक्टर को घेरकर थाना को सुचित किया। मौके पर पहुंची ईचागढ़ पुलिस ने ट्रैक्टर व बाइक को जब्त कर लिया। बताते हैं कि ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के चोगा निवासी केशव चन्द्र महतो अपनी पैशन प्रो बाइक से गम्हरिया से अपने घर लौट रहे थे, जहां गौरांगकोचा में अवैध बालू लदे अनियंत्रित ट्रैक्टर की चपेट में आने से बाइक क्षतिग्रस्त हो गई व बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। आखिर बालू के खिलाफ लगातार कारवाई के बावजूद एनजीटी लागू रहने के बाद भी धड़ल्ले से बालू उत्खनन व परिवहन जारी है। अवैध बालू उत्खनन व परिवहन में संलिप्त वाहन चालक दो तीन ट्रीप करने के चक्कर में तेज चलने से इस तरह की घटनाएं हो रही है।

## तारकेश्वर शर्मा पुण्य स्मृति में रक्तदान शिविर का आयोजन कल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** कल 17 जुलाई को स्व. तारकेश्वर शर्मा पुण्य स्मृति एवं आनंद मार्ग यूनिवर्सल रिलीफ टीम ग्लोबल के संयुक्त प्रयास से रक्तदान शिविर का आयोजन सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक होगा। शिविर का आयोजन जमशेदपुर ब्लड बैंक के सहयोग से धातकीडीह जमशेदपुर ब्लड बैंक में किया गया है। शिविर में रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र एवं पौध देकर सम्मानित किया जाएगा।

## आर्सेलर मित्तल निप्पॉन स्टील इंडिया ने एक्सएलआरआई जमशेदपुर के साथ किया एमओयू



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** एक्सएलआरआइ और आर्सेलर मित्तल निप्पॉन स्टील इंडिया के बीच एक महत्वपूर्ण एमओयू किया गया। दोनों संस्थानों के बीच लीडरशिप व ग्रोथ माइंडसेट के साथ यह साझेदारी की गयी है। 10 जुलाई को हुई इस साझेदारी के अवसर पर एक्सएलआरआइ की ओर से डायरेक्टर फादर एस जॉर्ज सबेस्टियन व प्रोफेसर सुनील षाड़ंगी मौजूद थे। डायरेक्टर फादर एस जॉन ने कहा कि प्रतिभा का पोषण करना, नवाचार को बढ़ावा देना और सतत विकास के लिए नेतृत्व गुणों को मजबूत करना दोनों एक्सएलआरआइ की प्रतिबद्धता रही है। इस एमओयू से दोनों ही संस्थानों में इनोवेशन को बढ़ावा मिलने की बात कही। फादर एस जॉर्ज ने कहा कि हम एएम/एनएस इंडिया के साथ सार्थक सहयोग की आशा करते हैं। एक ऐसा वातावरण तैयार करेंगे जहां सभी मिलकर काम करेंगे, जहां कर्मचारी आगे बढ़ सकें, सीख सकें और नेतृत्व कर सकें।

# भाजपा मानसिकता से कार्य ना करें अधिकारी : डॉ. अजय कुमार

प्रभात मंत्र संवाददाता



**जमशेदपुर :** जिला के अधिकारी भाजपा मानसिकता से कार्य ना करें, यह बातें पूर्व सांसद सह कांग्रेस नेता डॉ. अजय कुमार ने सोमवार को प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बयान जारी कर कही। उन्होंने कहा कि विपक्ष के शह पर अधिकारी राज्य की इंडिया गठबंधन की सरकार को बदनाम करने की साजिश कर रहे हैं। उनकी साजिश नाकाम होगी और साजिश करने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई होगी। मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया है कि वे इस मामले में कानूनी विशेषज्ञों से बात करेंगे। भुइयांडीह व उससे सटे कल्याण नगर, इंदिरा नगर एवं छाया नगर के एक भी घर नहीं टूटने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि जहां झारखंड की जेएमएम और कांग्रेस की गठबंधन सरकार महिला, युवा सहित आम लोगों का जीवन स्तर में सुधार के लिए लगातार कार्य कर रही है वहीं इंडिया गठबंधन की सफलता से विपक्षी परेशान हैं। एक साजिश के तहत सरकार को बदनाम करने और सरकार के खिलाफ लोगों को भड़काने के उद्देश्य से प्रयास किया जा रहा है।जमशेदपुर अंचल अधिकारी द्वारा सीतारामडेरा थाना अंतर्गत भुइयांडीह व उससे सटे कल्याण नगर, इंदिरा नगर एवं छाया नगर सहित नदी किनारे बने 150 घरों को तोड़ने के लिए नोटिस जारी किया गया। जिससे लोगों में भय व्याप्त है। हालांकि एनजीटी द्वारा किस आधार पर यह आदेश दिया गया है। इस संबंध में उनके पास तथ्यपरक जवाब नहीं है। डॉ. अजय ने कहा कि मुझे इसकी जानकारी मिलते ही मैंने शनिवार को मुख्यमंत्री को पत्र लिख कर फोन से बात की और इस संबंध में त्वरित कार्रवाई करने का आग्रह किया। उन्होंने आश्वत किया कि इंडिया गठबधन की सरकार के रहते किसी गरीब का घर नहीं उजड़ने दिया जायेगा। वहीं जब मैंने इस संबंध में संबंधित जिला प्रशासन कार्यालय से बात की, तो उन्होंने बताया कि नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के आदेश पर 150 घरों को चिन्हित कर उन्हें नोटिस दिया गया है। लेकिन यह पूछे जाने पर कि एनजीटी ने किस आधार पर यह आदेश दिया है तो अधिकारी कोई तथ्यपरक एवं संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए जिससे इस पूरे मामले में संदेह उत्पन्न होना स्वाभाविक है। डॉ अजय ने उपायुक्त को पत्र लिख कर कुछ सवाल के जवाब मांगे हैं।

# पटमदा में आजसू पार्टी का हल्ला बोल कार्यक्रम में बोले सहिस सरकारी पदाधिकारी और प्रशासन मनमानी ना करें

प्रभात मंत्र संवाददाता



**पटमदा :** सोमवार को आजसू पार्टी पटमदा प्रखंड समिति द्वारा पटमदा प्रखंड कार्यालय पर हल्ला बोल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बेलटाड़ चौक से पदयात्रा करते हुए पटमदा अंचल कार्यलय पर आजसू पार्टी का हुजूम पंहुचा जिसमें जोरदार नारे की गूंज रामचंद्र सहिस जिंदाबाद, आजसू पार्टी जिंदाबाद, सुदेश महतो जिंदाबाद के खूब नारे लगे।कार्यक्रम मे बतौर अतिथि राज्य के पूर्व मंत्री सह आजसु पार्टी के केद्रीय प्रधान महासचिव रामचंद्र सहिस ने कहा की राज्य सरकार के कर्मचारी बेलगाम हो गए हैं इनपर लगाम लगाने के लिए सरकार बदलना होगा। सहिस ने कड़े शब्दों मे चेतावनी देते हुए कहा कि सरकारी पदाधिकारी और प्रशासन मनमानी नहीं करें तों बेहतर होगा अन्यथा आजसू पार्टी के बारे मे आजसू का इतिहास बताना और दुहराना पड़ेगा क्योंकि आजसू एक आंदोलन है और हमलोग उस आंदोलन के उपज है, आदिवासियों के जमीन की खरीद फरोख्त धड़ल्ले से चल रहा है मुलवासी और दलित वर्ग शिक्षा के लिए तरस रहे है मेरे द्वारा लाइ गई योजनाओ को अबतक धरातल पर नहीं उतरना ही सरकार की मानसिकता उजागर हो जा रही है, इन सारे विषयो पर आजसू पार्टी मुखर होकर आंदोलन करेगी और सरकार के सरकारी नुमाइंदे होश मे आने को विवश होंगे। मौके पर मुख्य रूप से आदित्य महतो, अमल महतो, बनबिहारी महतो, किशोर सिंह, सुभाष सिंह, रामकृष्ण महतो, सहदेव महतो, खोगेन सिंह, नीलरतन पाल, आरती सिंह, वंदना महतो, रेणुका महतो, लक्खी सहिस व संध्या महतो समेत काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

संपादकीय

## ढहते पुलों का बिहार

यह बिहार में ही हो सकता है। किसी अन्य राज्य में अपवाद के तौर पर हादसा हो सकता है। बिहार के सारण (छपरा) और सीवान में 24 घंटे के दौरान पांच पुल ध्वस्त हुए हैं। संभवतः लापरवाही, नालायकी और भ्रष्टाचार का यह विश्व कीर्तिमान है। एक पखवाड़े के दौरान 12 पुल ध्वस्त होकर 'मलबा' हुए हैं। यह सिर्फ बिहार में ही हुआ है। इन पुलों के जरिए कितने गांव, कस्बे और मानवीय आबादी जुड़ी होगी। वे सब अधर में लटक गए हैं। उनकी आवाजाही, काम-धंधों पर विराम लग गया है। एक पुल कितने समय में बनता है और उस पर कितने करोड़ रुपए खर्च किए जाते हैं, अचानक वह भुरभुरा कर ढह जाता है, तो कितने संसाधन बर्बाद होते हैं? एक जंगलराज अतीत में था और अब 'सुशासन राज' के ढोल पीटे जाते हैं, जो दरअसल जंगलराज ही है। अब ये 12 पुल कब तक बन सकेंगे और उनके लिए आर्थिक संसाधन कैसे जुटाए जाएंगे, यह सवाल इसलिए किया जा रहा है, क्योंकि बिहार मौजूदा वित्त वर्ष में केंद्र सरकार की 52,000 करोड़ रुपए से अधिक की अनुदान राशि पर गुजारा कर रहा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समेत सत्ता और विपक्ष के सभी बड़े नेता 'विशेष राज्य का दर्जा' दिए जाने का प्रलाप करते रहे हैं। हाल ही में सत्तारूढ़ जनता दल-यू की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक राजधानी दिल्ली में हुई थी। उसमें भी यह प्रस्ताव पारित किया गया। चूंकि मोदी सरकार में जद-यू एक महत्वपूर्ण घटक है। सरकार की स्थिरता का एक मजबूत स्तंभ भी है, लेकिन सरकार के अपने नियम-कानून भी होते हैं। 2014 में मोदी सरकार की शुरुआत में ही तत्कालीन वित्त मंत्री अरुण जेतली ने बयान दिया था कि 14वें वित्त आयोग की सिफारिशों के बाद ही राज्यों को 'विशेष श्रेणी का दर्जा' देने का युग समाप्त हो गया। पूर्वोत्तर के राज्यों, जम्मू-कश्मीर (अब संघशासित क्षेत्र), हिमाचल और उत्तराखंड सरीखे हिमालयन राज्यों को इस श्रेणी के तहत आर्थिक मदद जारी रहेगी। अब 16वें वित्त आयोग का दौर है। साफ है कि बिहार और आंध्रप्रदेश को 'विशेष श्रेणी के राज्य' का दर्जा दिया जाना तो संभव नहीं है। अलबत्ता उन्हें 'विशेष आर्थिक पैकेज' जरूर दिए जा सकते हैं। आंध्र की सत्तारूढ़ तेलुगूदेशम पार्टी के 16 सांसद भी मोदी सरकार की स्थिरता के आधार हैं। मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने बीते कल ही प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात कर विशेष आर्थिक सहायता मांगी है। बहरहाल बिहार के संदर्भ में व्यापक चिंतन-मनन करना चाहिए, क्योंकि उसे बजट के तहत जो राशि आवंटित की जाती रही है, वह भी 'अनखर्च' रहती है। दरअसल बिहार में संस्थानगत क्षमता, आधारभूत ढांचे, बाजार, उद्यमी कौशलता और उपयुक्त औद्योगिक माहौल आदि की कमी रही है, लिहाजा राशियां 'अनखर्च' रहती हैं। वित्त वर्ष 2023 में बिहार में राजस्व खर्च का 51,722 करोड़ रुपए और पूंजी बजट का 24 फीसदी, 14,786 करोड़ रुपए खर्च ही नहीं किए जा सके। वित्त वर्ष 2020, 2021 और 2022 में भी क्रमशः 78,122 करोड़, 75,926 करोड़ और 70,083 करोड़ रुपए 'अनखर्च' ही रहे। ये कोई सामान्य और कम राशियां नहीं हैं। यदि राशि बजट की अवधि के दौरान खर्च नहीं की जाती, तो उसे त्याग देना पड़ता है। यह भी एक किस्म का आत्मसमर्पण होता है। ये राशियां 'विशेष श्रेणी के राज्य' का दर्जा मिलने के बाद जो फंड मिलता है, उनसे भी अधिक हैं। जब विभाग बजटीय आवंटन की राशि को खर्च करने में अक्षम हैं, तो उसके साफ मायने हैं कि राज्य पर कर्ज का बोझ बढ़ेगा। बिहार की बुनियादी समस्याएं हैं, जो पुलों के ढहने में ही नहीं दिखतीं, बल्कि स्कूल-कॉलेज, अस्पताल आदि भी जर्जर अवस्था में हैं। पुल किसी भी सरकार ने बनाए हों, उनके निर्माण का ऑडिट होना चाहिए।


बिहार के सारण (छपरा) और सीवान में 24 घंटे के दौरान पांच पुल ध्वस्त हुए हैं। संभवत: लापरवाही, नालायकी और भ्रष्टाचार का यह विश्व कीर्तिमान है। एक पखवाड़े के दौरान 12 पुल ध्वस्त होकर 'मलबा' हुए हैं। यह सिर्फ बिहार में ही हुआ है। इन पुलों के जरिए कितने गांव, कस्बे और मानवीय आबादी जुड़ी होगी। वे सब अधर में लटक गए हैं। उनकी आवाजाही, काम-धंधों पर विराम लग गया है। एक पुल कितने समय में बनता है और उस पर कितने करोड़ रुपए खर्च किए जाते हैं, अचानक वह भुरभुरा कर ढह जाता है, तो कितने संसाधन बर्बाद होते हैं? एक जंगलराज अतीत में था और अब 'सुशासन राज' के ढोल पीटे जाते हैं, जो दरअसल जंगलराज ही है। अब ये 12 पुल कब तक बन सकेंगे और उनके लिए आर्थिक संसाधन कैसे जुटाए जाएंगे, यह सवाल इसलिए किया जा रहा है, क्योंकि बिहार मौजूदा वित्त वर्ष में केंद्र सरकार की 52,000 करोड़ रुपए से अधिक की अनुदान राशि पर गुजारा कर रहा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समेत सत्ता और विपक्ष के सभी बड़े नेता 'विशेष राज्य का दर्जा' दिए जाने का प्रलाप करते रहे हैं। हाल ही में सत्तारूढ़ जनता दल-यू की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक राजधानी दिल्ली में हुई थी। उसमें भी यह प्रस्ताव पारित किया गया।


शहरों में गांवों की तुलना में अधिक साधन, सुविधाएं, रोजगार, स्वास्थ्य, शिक्षा दूसरे शब्दों में आधारभूत सुविधाएं अधिक होती हैं

## गांवों से पलायन एवं बढ़ते शहरीकरण के खतरे

ललित गर्ग


बढ़ता शहरीकरण केवल भारत ही नहीं, बल्कि दुनिया के लिये एक बड़ी चुनौती बन रहा है। वर्तमान में दुनिया की कुल आबादी में से 56 फीसदी आबादी शहरों में रहने लगी है। गांवों से शहरों की ओर पलायन हो रहा है। यह प्रवृत्ति जारी रही तो 2050 तक शहरी आबादी अपने वर्तमान आकार से दोगुनी से भी अधिक हो जाएगी। भारत को दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थ-व्यवस्था बनाने एवं नया भारत-विकसित भारत बनाने के लिये शहरीकरण पर बल दिया जा रहा है। एक विडम्बनापूर्ण सोच देश के विकास के साथ जुड़ गयी है कि जैसे-जैसे देश विकसित होता जायेगा वैसे-वैसे गांव की संरचना टूटती जायेगी।


भारत में बढ़ता शहरीकरण भले ही विकास का आधार हो, लेकिन इसने अनेक समस्याओं को भी जन्म दिया है। बढ़ता शहरीकरण केवल भारत ही नहीं, बल्कि दुनिया के लिये एक बड़ी चुनौती बन रहा है। वर्तमान में दुनिया की कुल आबादी में से 56 फीसदी आबादी शहरों में रहने लगी है। गांवों से शहरों की ओर पलायन हो रहा है। यह प्रवृत्ति जारी रही तो 2050 तक शहरी आबादी अपने वर्तमान आकार से दोगुनी से भी अधिक हो जाएगी। भारत को दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थ-व्यवस्था बनाने एवं नया भारत-विकसित भारत बनाने के लिये शहरीकरण पर बल दिया जा रहा है। एक विडम्बनापूर्ण सोच देश के विकास के साथ जुड़ गयी है कि जैसे-जैसे देश विकसित होता जायेगा वैसे-वैसे गांव की संरचना टूटती जायेगी। निश्चित ही जब भी शहरों में कोई नई कॉलोनी विकसित होती है तो हमें यह स्वीकारना ही होगा कि किसी न किसी गांव की कुर्बानी हुई है। एक और विडम्बना एवं त्रासदी है कि जिन्हें शहर कहा जा रहा है वहां अपने संसाधना से वंचित लोगों की बेतरतीब, बेचैन और विस्थापित भीड़ ही होगी। कुछ समय पूर्व स्विट्ज़रलैंड के दावोस में विश्व आर्थिक मंच का सम्मेलन आयोजित हुआ। इसमें यह बात उभर कर सामने आई कि शहरों के विकास को ही भारत के विकास की धुरी माना जा रहा है। यह सही भी है क्योंकि किसी भी आधुनिक और विकासशील अर्थव्यवस्था में शहरों को विकास का सबसे बड़ा वाहक माना जाता है। भारत में नवीन भारत की पहल के विचार को आगे बढ़ाने की कड़ी में शहरी बुनियादी ढाँचों में सुधार के समग्र दृष्टिकोण को अपनाये जाने की अपेक्षा है। वैश्वीकरण के उपरांत शहरी विकास की अवधारणा समावेशी विकास की एक अनिवार्य शर्त बन गई है। शहरी विकास की इस प्रक्रिया ने गाँवों के सामने अस्तित्व का संकट उत्पन्न कर दिया है। शहरों का अनियोजित विकास, महानगरों का असुरक्षित परिवेश, पर्यावरण की समस्या, बढ़ता प्रदूषण, जल का अभाव एवं शहरी संस्कृति में बढ़ते जा रहे संबंधमूलक तनाव हमें यह सोचने पर विवश करते हैं कि शहरी विकास की अवधारणा पर एक बार फिर से विचार किया जाना चाहिये। विभिन्न प्रकार के प्रदूषण उत्पन्न करने में गाँवों की तुलना में शहरों की



भूमिका अधिक है, तो क्या यह कहा जा सकता है कि विकास और प्रदूषण का एक-दूसरे के साथ सकारात्मक संबंध है? बेहतर रोजगार, आधुनिक जनसुविधाएं और उज्ज्वल भविष्य की लालसा में अपने पुश्तैनी घर-बार छोड़कर शहर की चकाचौंध की ओर पलायन करने की बढ़ती प्रवृत्ति का परिणाम है कि देश में एक लाख से अधिक आबादी वाले शहरों की संख्या लगभग 350 हो गई है जबकि 1971 में ऐसे शहर मात्र 151 थे। यही हाल दस लाख से अधिक आबादी वाले शहरों का है। इसमें कोई दो राय नहीं कि शहरीकरण को विकास का पैमाना माना जाता है। शहरों में गांवों की तुलना में अधिक साधन, सुविधाएं, रोजगार, स्वास्थ्य, शिक्षा दूसरे शब्दों में आधारभूत सुविधाएं अधिक होती हैं। यह भी सच है कि ये सुविधाएं सभी को नसीब भी नहीं होतीं। रोजगार के लिए गांवों से शहरों में आने वाले बहुत सारे लोगों को कच्ची बस्तियों, चालों या एक से दो कमरें के मकानों में किराए पर रहने को बाध्य होना पड़ता है। शहरों में बुनियादी सुविधाओं के बावजूद सामाजिक और पर्यावरणीय क्षेत्र पर खासा नकारात्मक प्रभाव देखा जा सकता है। शहरों में रहना दूभर ही होता जा रहा है। असल में देखें तो संकट वायु प्रदूषण का हो या जंगल का, स्वच्छ वायु का हो या फिर स्वच्छ जल का, सभी के मूल में विकास की वह अवधारणा है जिससे शहर रूपी सुरसा सतत विस्तार कर रही है और उसकी चपेट में आ रही है प्रकृति और उसकी नैसर्गिकता। जिसके कारण मनुष्य की सांसें उलझती जा रही है, जीवन पर संकट मंडरा रहा है। अगर हमें पूरी समस्या से लड़ना है, तो राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सहित महानगरों के स्तर पर और साथ ही पूरे देश के स्तर पर अपनी कई आदतों को बदलना होगा, विकास के तथाकथित मॉडल पर गंभीर चिन्तन करना होगा। वायु प्रदूषण का कारण पराली एवं सड़क पर दौड़ते निजी वाहनों में खोजने की बजाय हमें महानगरों के अनियोजित शहरीकरण में खोजना होगा। पर्यावरण सुरक्षा के मद्देनज़र शहर एक बड़ी चुनौती बन रहे हैं क्योंकि शहर के विकास के लिये हरित क्षेत्र की बलि चढ़ाई जा रही है। जलवायु संबंधी परिवर्तनों ने कई शहरों के अस्तित्व को चुनौती दी है, विशेषतः समुद्र किनारे बसे शहर अब मानव निर्मित आपदाओं से अछूते नहीं रह गए हैं। इसके अलावा, तीव्र प्रौद्योगिकीय विकास शहरों में अनेक परंपरागत व्यवसाय करने वाले समूहों के लिये खतरा बन गया है क्योंकि इससे भी पर्यावरण को नुकसान होता है। देश के सभी बड़े शहरों और महानगरों में बड़ी संख्या में स्लम बस्तियाँ बन गई हैं। इनमें रहने वाले लोग शहरी जनसंख्या से संबंधित उच्च एवं मध्य वर्ग की अनेक आवश्यकताओं को पूरा करते हैं, परंतु वे न केवल गरीबी के शिकार हैं अपितु बुनियादी सुविधाओं से भी वंचित हैं। प्रत्येक शहर में बेतरतीब यातायात एक गंभीर समस्या बन गया है क्योंकि सार्वजनिक परिवहन सेवाओं को लगभग समाप्त कर दिया गया है। शहर में रहने वाले समृद्ध लोग अपनी शक्ति और संपन्नता के प्रदर्शन के लिये यातायात नियमों का उल्लंघन करते हैं और इससे बड़ी संख्या में सड़क हादसे होते हैं। शहर के लिए सड़क चाहिए, बिजली चाहिए, जल चाहिए, मकान चाहिए और दफ्तर चाहिए। इन सबके लिए या तो खेत होम हो रहे हैं या फिर जंगल। जंगल को हजम करने की चाल में पेड़, जंगली जानवर, पारंपरिक जल स्रोत सभी कुछ नष्ट हो रहा है। यह वह नुकसान है जिसका हर्जाना संभव नहीं है और यही वायु प्रदूषण का बड़ा कारण है। शहरीकरण यानी रफ्तार और रफ्तार का मतलब है वाहन और वाहन है कि विदेशी मुद्रा भंडार से खरीदे गए ईंधन को पी रहे हैं और बदले में दे रहे हैं दूषित वायु। शहर को ज्यादा बिजली चाहिए यानी ज्यादा कोयला जलेगा, ज्यादा परमाणु संयंत्र लगेंगे। शहर का मतलब है औद्योगिकीकरण और अनियोजित कारखानों की स्थापना, जिसका परिणाम है कि हमारी लगभग सभी नदियां अब जहरीली हो चुकी है।

दृष्टि कोण

## वोट बैंक का लालच व फर्जी बाबाओं का जाल

हाथरस में एक सत्संग समारोह में हुआ, दर्दनाक हादसा बताता। दरअसल धार्मिक आयोजन में अव्यवस्था या फर्जी बाबाओं की हेराफेरी तक सीमित नहीं है यह घटनाक्रम। यह हादसा देश के विकास की तस्वीर की हकीकत भी बयान करता है। हाथरस में भगदड़ में मरने वालों में ज्यादातर दलित और गरीब तबके के लोग शामिल हैं। पर्याप्त बुनियादी सुविधाएं, घरेलू समस्या और रोजगार नहीं मिलने से होने वाली परेशानियों का समाधान फर्जी बाबाओं के जरिए तलाश किया जाता है। सरकारी स्तर पर व्याप्त भ्रष्टाचार और लालफीताशाही का दमन देश के पिछड़े तबके लिए कोढ़ में खाज साबित हुआ है। इस हालत ने देश में फर्जी बाबाओं को पनपने का मौका दिया है। ज्यादातर बाबाओं की पृष्ठभूमि भी गरीब तबके की रही है। इसी का फायदा जालसाजी करके बाबाओं ने उठाया है। आम लोगों की दुख-तकलीफ जब शासन-प्रशासन से दूर नहीं हो पाती, तब उन्हें लगता है कि चमत्कारिक ढंग से बाबा इसे दूर कर सकते हैं, क्योंकि स्वयंभू बाबा दैवीय शक्तियों की सिद्धियां प्राप्त करने का दुष्प्रचार करते रहे हैं। ऐसे मिथ्या और कपटी प्रचार से बाबा दुखी लोगों को आकर्षित करने में कामयाब हो जाते हैं। पर्याप्त प्रचार के बाद जब भक्तों की संख्या हजारों में हो जाती है, तब बाबाओं की तरफ कोई निगाह उठा कर भी नहीं देख सकता। भक्तों की फौज के दम पर बाबा हर तरह की गैर कानूनी हरकतें करने से बाज नहीं आते। इस देश में लोगों की हालत की दारुण हालत का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि वर्ष 2001 में जयराम दास उर्फ रामजी बाबा को पुलिस ने अपनी एक शिष्या सुधा शर्मा की हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद पूछताछ से पता चला कि बाबा अपने दरबार में आने वाली खास तौर से निस्संतान औरतों को संतान के नाम पर दुष्कर्म करता था। इस बाबा ने सैकड़ों औरतों से दुष्कर्म किया। बाबा के झांसे का शिकार हुई ज्यादातर औरतें ओबीसी वर्ग से थी। पर्याप्त चिकित्सा सुविधाएं नहीं मिलने और घरेलू समस्याओं से जूझती अनपढ़ या कम पढ़ी-लिखी औरतों को गिरफ्तारी के बाद बाबा के कांडों की जानकारी मिल गई। इसके बावजूद अस्पताल में भर्ती बाबा से मिलने के लिए ऐसी औरतों का मेला लग गया। यह स्थिति बताती है कि जागरूकता और आधुनिक तो दूर, सामान्य सुविधाएं भी आम लोगों से काफी दूर हैं। ऐसी ही हालत का फायदा देश में दूसरे बाबा भी उठाते रहे हैं। ऐसा नहीं है कि शासन-प्रशासन को इनकी गैरकानूनी हरकतों और भक्ति की आड़ में लोगों से अपना उल्लू सीधा करने की जानकारी नहीं होती। ज्यादातर मामलों में नेता और अफसर ही इन बाबाओं के समक्ष हाथ जोड़े खड़े होते हैं। ऐसे में किसी की क्या मजाल फर्जीवाड़े और अपराधों की जानकारी होने के बावजूद बाबाओं का कोई कुछ बिगाड़ सके। बाबाओं के पिछलग्गु भक्तों के रैले से सारे नेता सहमे रहते हैं। डर वोट बैंक का होता है। अफसर ऐसे बाबाओं की आपराधिक कुंडली मौजूद होने के बावजूद कार्रवाई करने से कतराते हैं। उन्हें नेताओं का डर लगा रहता है और नेताओं को बाबाओं का, क्योंकि बाबाओं के पास भक्तों के हुजूम के तौर पर उन्हें वोट बैंक नजर आता है। बाबाओं से नाराजगी लेने का मतलब है वोट बैंक को नाराज करना। यही वजह रही हाथरस कांड में 116 लोगों की मौत के बावजूद हरि सरकार उर्फ भोले बाबा का नाम एफआईआर में दर्ज नहीं किया गया। बाबा के सेवादारों के नाम दर्ज किए गए। पुलिस जब तक मजूबर न हो जाए, बाबाओं के कारनामों पर कार्रवाई करने से कतराती रहती है। ऐसे मामलों की फेहरिस्त काफी लंबी है, जब अपराधों की जानकारी होने के बावजूद पुलिस के बाबाओं के खिलाफ कार्रवाई करने में हौसले पस्त हो गए। आसाराम ने अपने धर्म की दुकान गुजरात के अहमदाबाद से शुरू की। धर्म का सहारा लेकर इन्होंने अरबों का साम्राज्य खड़ा किया है। साल 2013 से यह नाबालिग शिष्या से रेप के आरोप में जेल में बंद हैं। इन पर आरोप है कि यह आशीर्वाद देने के नाम पर नाबालिग लड़कियों का यौन शोषण और बलात्कार करते थे। हालांकि अब तक इन पर आरोप सिद्ध नहीं हो पाया है। नाबालिग शिष्या से रेप के आरोप में आसाराम जोधपुर जेल में बंद हैं। इसी तरह खुद को देवी बताने वाली सुखविंदर कौर उर्फ राधे मां का विवादों से पुराना नाता रहा है। यह भक्तों की गोद में बैठने तक के पैसे लेती हैं। चार अप्रैल 1965 में पंजाब के जिले गुरदासपुर के दोरंगला गांव में जन्मीं सुखविंदर कौर पति की खराब आर्थिक हालत के चलते मुंबई में दूसरों के घरों में काम करती थीं। महज 10वीं तक पढ़ी राधे मां की 17 साल उम्र में शादी हुई थी। कुछ साल पहले इन्होंने खुद को महंत घोषित कर दिया था। इन पर खुदकुशी के लिए उकसाने जैसे गंभीर मामले चल रहे हैं।

# रामगढ़ आस-पास की खबरें

## संपन्न हुई भाजपा को अभिनंदन सह संकल्प सभा, दीपक प्रकाश हुए उपस्थित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** सोमवार को रामगढ़ के पटेल चौक कांकेबार स्थित पटेल छात्रावास के सभागार में भाजपा की विधानसभा स्तरीय अभिनंदन सह विजय संकल्प सभा आयोजित हुई जिसकी शुरुआत सभी मंचस्थ अतिथियों ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी की तस्वीरों पर माल्यार्पण के बाद राष्ट्रगान के साथ हुई।सभा के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित राज्यसभा सांसद सह उच्च सदन के सचेतक दीपक प्रकाश एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में मंचस्थ हजारीबाग लोकसभा सांसद मनीष जयसवाल की उपस्थिति में कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता ने विषय प्रवेश करवाते हुए कहा की गत लोकसभा चुनाव में सभी बूथ कमीटियों ने बढ़ चढ़ कर अपना कार्य किया उन्ही में से अपना उत्तम प्रदर्शन करने वाले बूथ अध्यक्षों को सम्मानित किया जाना एक अच्छा कदम है इससे अन्य बूथों के कार्यकर्ताओं का हौसला बढ़ेगा और आने वाले विधानसभा में उनका प्रदर्शन अच्छा रहेगा जिसकी बदौलत वर्तमान राज्य सरकार को उखाड़ फेंकेने में मदद मिलेगा। बैठक में मुख्य रूप से ,रामगढ़ विधानसभा में पूर्व भाजपा प्रत्यासी रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू, चंदशेखर चौधरी, डॉ संजय प्रसाद सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेत्री इलारानी पाठक, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजू चतुर्वेदी, आनंद बेदिया,स्नेहलता चौधरी, राजू कुशवाहा,रमेश वर्मा , दिलीप सिंह ,वसुध तिवारी, दीनदयाल कुमार, मीडिया प्रभारी राजीव पामदत्त,सत्यजीत चौधरी, भीमसेन चौहान, प्रवीण सोनू, धीरज कुमार साहू, राकेश पांडा, उमेश प्रसाद, ,महेन्द्र प्रजापति,विजय जायसवाल ,बबलू कुशवाहा, प्रो.आलोक कुमार, दीपक सोनकर, विजय ओझा, युगेश महतो, सहदेव ठाकुर, बिनोद कुमार,सैय्यद किरमानी, संतराज पासवान, राजेश ठाकुर, सर्वेश सिंह,सरदार अनमोल सिंह अरुण कुमार गनौरी,दीपक सोनकर, युगेश बेदिया,मंडल अध्यक्ष सूर्यवंश श्रीवास्तव,संजय शाह, गणेश स्वर्णकार ,बबलू साव, अशोक कुमार, कीर्ति गौरव,रूपा देवी, शीतल सिंह, महेश चौधरी इंद्रदेव साव, पंचम चौधरी, मणिशंकर ठाकुर, मनोज सिंह, ऋषिकेश सिंह, जितेंद्र साहू, अजीत कुमार गुप्ता, अभिषेक चौधरी, विजय पाठक, सुमित अग्रवाल, अरविन्द कुमार सिंह,संजय श्रीवास्तव, शिव कुमार गुप्ता, राम कुमार मल्लिक, मिथिलेश मण्डल, ब्रजेश पाठक, सुरेन्द्र कुमार शर्मा, रवि हजारा, त्रिलोचन प्रजापति,नीरज चक्रवर्ती, अजय जायसवाल , मच्छेंद्र कुमार, प्रदीप जायसवाल, सूरज पांडेय कुणाल दास, नंदकिशोर , वासुदेव प्रजापति , अमित ठाकुर सहित सैंकड़ों कार्यकर्ता की उपस्थित रही।

## पतरातू थाना परिसर में शांति सह निगरानी समिति की हुई बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पतरातू :** थाना परिसर पतरातु में मुहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति सह निगरानी समिति की बैठक की गई। बैठक थाना प्रभारी पतरातु शिवलाल कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में हुई। बैठक में क्षेत्र के जन प्रतिनिधि के साथ सामाजिक व गणमान्य लोग उपस्थित थे तथा सभी ने सर्व समिति से मोहर्रम शांतिपूर्वक सौहार्द वातावरण में मनाने का निर्णय लिया।तथा उपस्थित सभी लोगो ने हुड़दंगियों एवं आसामाजिक तत्वों पर निगरानी रखने और कोई अप्रिय घटना की आशंका होने पर तुरंत थाना प्रभारी को सूचित करने का भी निर्णय लिया। बैठक में कटिया मुखिया किशोर कुमार महतो,निर्मल जैन,समीउल्लाह,अजीत कुमार,वाहिद अंसारी,हामिद अंसारी, मंजूर हुसैन,मोहम्मद इबरार, मोहम्मद हामिद,सद्दाम हुसैन,ताहिर खान के अलावा काफी संख्या में क्षेत्र के गण्यमान्य लोग उपस्थित थे।

## राज्य सरकार के वादा खिलाफी को लेकर राज्य के 62 हजार पारा शिक्षक 20 को मुख्यमंत्री आवास का करेंगे घेराव



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गोला :** झारखंड राज्य सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा के सदस्य सह सामुदायिक सहायक अध्यापक संघ के उत्तरी छोटानगपुर प्रमंडल अध्यक्ष भागवत तिवारी ने प्रेस बयान जारी कर कहा है की वर्तमान राज्य सरकार सत्ता में आने से पूर्व जिस प्रकार अपने चुनावी सभा में वर्तमान मुख्यमंत्री पारा शिक्षकों को भरोसा दिए थे की पारा शिक्षक माटी की पार्टी को सहयोग करे अपना मत हमे दे राज्य में हमारी सरकार बनते ही राज्य के 62 हजार पारा शिक्षकों को उनका मूल मांग वेतनमान तीन माह के अंदर देने का कार्य करेंगे। किंतु आज राज्य सरकार का लगभग 5 साल पूरे होने को है ,चुनाव नजदीक है उसके बाद भी वर्तमान हेमंत की सरकार अपना वादा पूरा नहीं किया और बार बार कल्याण कोष तो फालना तुस्कान करके समय को पार करने की योजना के तहत कार्य कर रही है जो ठीक बात नही है। ये पारा शिक्षकों के विश्वास के साथ खिलवाड़ है । आज चुनाव नजदीक है अगर इस विधान सभा चुनाव के पूर्व राज्य के 62 हजार के लिए उनका वाजिब हक और अधिकार नही मिला तो आगामी विधानसभा चुनाव में सहायक अध्यापक सहित उनका पूरा परिवार हेमंत सरकार के विरुद्ध मैदान में उतरकर वोट करेगा।चुनाव से पहले माटी की सरकार अपने आदिवासी मूलवासी को वेतनमान देने का कार्य करे चुकी राज्य के वैसे क्षेत्रों में सहायक अध्यापक शिक्षा का अलख जगाने का कार्य किए है जो कोई सोच नही सकता। इसलिए हेमंत की सरकार ये जान ले की अपने वादे के मुताबिक राज्य के 62 हजार को उसका हक और अधिकार देने में असमर्थता दिखाया तो पूर्व की रघुवर सरकार की तरह आपको भी सत्ता से वे दखल करने का कार्य राज्य के 62 हजार के परिवार करेगी तथा किसी थर्ड फ्रंट को झारखंड की अगुवाई करने का मौका देने का कार्य करेगी। बहुत उम्मीद और भरोसा के साथ माटी की पार्टी को सत्ता में लाने का कार्य किया था तथा जिस उम्मीद के साथ आदरणीय स्वर्गलोग प्राप्त किए शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो को बनाया गया था पारा कल्याण के लिए किंतु ईश्वर को ये नागुजारी लगी और पारा का कार्य करने से पहले ही ईश्वर ने उनको अपने पास बुला लिया।

## मोहर्रम के दौरान शांति सुनिश्चित करने के लिए बैठक का आयोजन

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ जिले के बरकाकाना ओपी परिसर में शांतिपूर्ण माहौल में मोहर्रम मनाएं जाने को लेकर जुलूस लाइसेंस धारियों के साथ शांति समिति की बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता थाना प्रभारी मो अख्तर अली ने किया। बैठक में बरकाकाना ओपी क्षेत्र के मोहर्रम जुलूस लाइसेंस धारी,राजनीतिक एवं सामाजिक कार्यकर्ता जनप्रतिनिधि एवं दोनों समुदाय के गणमान्य लोगों ने हिस्सा लिया। बैठक में शांतिपूर्ण माहौल में मोहर्रम का पर्व मनाये जाने को लेकर चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए मो अख्तर अली ने कहा कि यहां हर पर्व त्यौहार मिलजुलकर सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में मनाने की परंपरा रही है। हमें उस परंपरा को कायम रखना है और बरकाकाना ओपी क्षेत्र पीरी बस्ती,नयानगर दुडगी घुटवा में शांतिपूर्ण तरीके से मोहर्रम मनाया जाएगा। कोई भी व्यक्ति को अफवाहों पर ध्यान नहीं देना है खासकर शोशल मिडिया में किसी पोस्ट पर। अगर किसी तरह की अफवाह की जानकारी मिले तो तुरंत उसकी सूचना बरकाकाना पुलिस प्रशासन को दें। मोहर्रम पर्व शांतिपूर्ण सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हो इसके लिए थाना प्रभारी द्वारा अपने स्तर से भी रूट को वेरीफाई किया जाएगा।मुहर्रम के दौरान असामाजिक तत्वों पर प्रशासन की कड़ी नजर रहेगी। सघन गश्ती के साथ चिन्हित जगहों पर पुलिस बल की भी तैनाती की जाएगी।



## रैयत विस्थापित मोर्चा उरीमारी शाखा का हुआ गठन,पद के साथ दी गई जिम्मेदारी

**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पोटंगा पंचायत के भुरकुंडवा फुटबॉल ग्राउंड में सोमवार को रैयत विस्थापित मोर्चा उरीमारी शाखा की बैठक हुई। वहीं इस बैठक कि अध्यक्षता शाखा अध्यक्ष जूरा सोरेन व संचालन शाखा सचिव बिनोद हेम्ब्रोम ने किया। वहीं इस बैठक में मुख्य रूप से रैविमो बरका सयाल के क्षेत्रीय सचिव मोहन सोरेन,उप मुखिया पोटंगा पंचायत रविन्द्र सोरेन, राजकुमार हेंब्रम,झरी करमाली,पंकज हेंब्रम,अजय करमाली,गहन करमाली,संजय हेंब्रम,सुरेश मांझी,राजेश मुर्मू मौजूद थे। वहीं इस बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जब तक सीसीएल प्रबंधन रैयत विस्थापित मोर्चा उरीमारी शाखा से वार्ता नही करती है तब तक आउटसोर्सिंग कंपनी को खुलने नही दिया जाएगा। वहीं इस बैठक के उपरांत संगठन की मजबूती के लिए नए पदाधिकारी एवम सदस्यों को जोड़ा गया। जिसमे उपाध्यक्ष के पद पर राजकुमार हेम्ब्रोम,सुनील टुड्डू,सुरेश मांझी,सुखराम बेसरा,रवि सोरेन तो वहीं सह सचिव के पद पर बहालाल बेसरा,उमेश हेम्ब्रोम,नरेश हंसदा,जयपाल सोरेन,विजय सोरेन सह संगठन मंत्री साहेबराम बेसरा,अर्जुन टुड्डू,रमेश हेम्ब्रोम,मुनालाल सोरेन,सुनील करमाली को पद के साथ जिम्मेदारी दी गई है। वहीं नये सदस्य में अनिल बेसरा,प्रदीप बेसरा, कतीलाल हेम्ब्रोम,सुरेश सोरेन,सुरेश टुड्डू,लालजी बेसरा,आकाश हेम्ब्रोम,रघु टुड्डू,राजू सोरेन,अविनाश सोरेन,नरेश टुड्डू,राजू टुड्डू,रामकृष्ण टुड्डू,राहुल सोरेन,राजू सोरेन,संतोष करमाली,उमेश करमाली,संदीप करमाली,विकाश करमाली,प्रीतम करमाली, झरी करमाली,अरुण करमाली,राजू करमाली,रोहित करमाली,दीपक करमाली,सोनू करमाली,बंधन करमाली,अंकित करमाली,गणेश करमाली,संजय सोरेन,महालाल सोरेन,महावीर मांझी,अनिल मांझी आदि लोग मौजूद थे।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में राजस्व संग्रहण की बैठक हुई संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** उपायुक्त गरिमा सिंह कि अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में राजस्व संग्रहण की बैठक का अयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने जिले में राजस्व संग्रहण की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की। बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 के तहत निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध अब तक किए गए राजस्व संग्रहण की विभागवार समीक्षा कर सभी पदाधिकारियों को वित्तीय वर्ष के लिए निर्धारित लक्ष्य को शत प्रतिशत पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।बैठक के दौरान उपायुक्त ने परिवहन, उत्पाद, खनन, नगर पंचायत, विद्युत, मत्स्य विभाग से राजस्व संग्रहण हेतु निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिया।बैठक में उपायुक्त ने सभी विभागीय पदाधिकारियों से राजस्व संग्रहण में आ रही समस्याओं पर विस्तार पूर्वक जानकारी ली। उन्होंने आपसी समन्वय स्थापित कर राजस्व संग्रह के शेष लक्ष्य को पुरा करने का निर्देश दिए।साथ ही राजस्व संग्रहण की धीमी गति वाले विभागों को सुधारात्मक प्रगति लाने व शेष लक्ष्य को ससमय पूरा करने का निर्देश दिया गया। राजस्व संग्रहण में लक्ष्य के विरुद्ध शतप्रतिशत उपलब्धि हासिल करने को कहा।समीक्षा के क्रम में भु-लगान, निबंधन, दाखिल-खारीज, भूमि-सीमांकन की समीक्षा की गई। इस दौरान उपायुक्त ने जमीनों के दाखिल-खारिज से संबंधित कार्यो की समीक्षा कर सभी अंचलाधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी आवेदनों का उचित कारणों के साथ ससमय समाधान कराएं। साथ ही वैसे आवेदन जिसमें कोई त्रुटि हो तो उनको भी उचित कारणों के साथ अस्वीकृत करें। बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रवेश अग्रवाल, अपर समाहर्ता रामा रविदास, अनुमंडल पदाधिकारी, लातेहार अजय कुमार रजक, जिला भू अर्जन पदाधिकारी राजेश कुमार, निदेशक डीआरडीए प्रभात रंजन चौधरी, जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेन्द्र कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत राजीव रंजन, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्रेयांश अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सभी अंचल अधिकारी उपस्थित थे।

# मुहर्रम का त्योहार को लेकर शांति समिति की बैठक की गई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** मुहर्रम पर्व को लेकर सोमवार को थाना परिसर में शांति समिति की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता इंस्पेक्टर उमेश राम ने किया वहीं संचालन थाना प्रभारी मानव मयंक ने किया। बैठक में मुख्य रूप से प्रमुख रोहन साहू उपस्थित थे। बैठक में शांति और सौहार्द के साथ मुहर्रम का त्यौहार मनाने का निर्णय लिया गया हैं। आगे कहा गया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मोहर्रम का त्यौहार शांति और सौहार्द के साथ एकता का परिचय देते हुए मनाया जाएगा। बैठक में प्रखंड के सभी अखाड़ो के सदस्यों को थाना में आवेदन देने को कहा गया है ताकि उन अखाड़ों को अनुज्ञप्ति समय पर दिया जा सके जिससे सभी अखाड़ों पर प्रशासन का निगरानी हो सकेगा। बैठक में नेमधारी महतो, शकुंतला देवी, सुनीता देवी,मो सलीम अख्तर, परमेश्वर यादव, राजीव कुमार, अख्तर हुसैन, करम साहू, उगन भुइयां, रवि रंजन गोस्वामी, मो आदम, मो एजाज, मो अबरार, मो मिस्टर, मो साहिल, इब्राहिम मियां, सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

## बीएनएस के अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना के अंतर्गत ब्रह्मपुर मोड़ स्थित बीते रविवार को पिकअप वाहन के चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार एक बच्ची की मौत हो गई थी। वही पति पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए थे। बताते चलें कि यह दुर्घटना ब्रह्मपुर में स्थित भरत पासवान के घर के समीप रविवार को घटना घटी थी। जहां गिद्धौर थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता के नेतृत्व में कार्रवाई कर पुलिस ने पिकअप वाहन को जब्त कर लिए थे।एवं चालक को गिरफ्तार किया था। जिसे लेकर थाना में तेज गति से वाहन चलाने को लेकर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। जिसका थाना कांड संख्या 48/24 है। एवं धारा 281,125 (ए), 125 (क),106 (2), 324(4) बीएनएस के तहत चालक को सोमवार को जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार चालक पश्चिम बंगाल के नोदिया जिला के चकदानिया गांव निवासी गोपाल शाह के पुत्र समान शाह बताया जा रहा है। बताया जाता है कि पिकअप वाहन से चालक पौधा लाने का कार्य करता था।

## कृषि विज्ञान केंद्र चतरा के एग्री क्लिनिक सिमरिया कार्यालय तलाब में तब्दील




**सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के कृषि विज्ञान केंद्र चतरा के एग्री क्लिनिक सिमरिया कार्यालय में इन दिनों हो रहे वर्षा का पानी घुस जाने से कार्यालय तलाब में तब्दील हो गया है। कार्यालय में पानी घुस जाने से कर्मी कुर्सी पर चढ़ कार्य करने को मजबूर हो रहे है। वहीं कार्यालय का भी स्थिति दयनीय है। चुकी छत का प्लास्टर टूट टूट कर नीचे गिर रहा है। कर्मियों ने बताया कि बरसात के मौसम में कार्यालय के अंदर पानी घुस जाता है। जिसके कारण हम लोग कुर्सी पर चढ़ कर कार्य करने को विवश है। और तो और छत का सीमेंट टूट टूट कर सर पर गिरना आम बात है। वैसे में यदि यही हाल रहा तो कभी ना कभी एक बड़ी दुर्घटना होना लाजमी है। जिस दुर्घटना का शिकार हम कर्मी हो सकते है। आपको बता दें कि कृषि विज्ञान केंद्र रुपए या फंड का कोई कमी नहीं है किंतु विभागीय उदासीनता के कारण यहां कृषि कार्यालय नहीं बनाया जा रहा है।

# रेफ़रल अस्पताल सिमरिया में रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** अनुमंडल मुख्यालय के रेफ़रल अस्पताल सिमरिया में रेड क्रॉस सोसाइटी के तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन बिंदेश्वरी एचपी गैस ग्रामीण वितरक पुंडरा के द्वारा आयोजित किया गया। जिसमें कुल 27 रक्तदाताओं ने अपना कीमती एवं बहुमूल्य जीवन धारा का दान किया। शिविर का उदघाटन सिमरिया एसडीओ सन्नी राज एवं गैस एजेंसी की संचालिका प्रेमलता चंद्रा ने संयुक्त रूप से ब्लड देकर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसडीओ ने कहा कि रक्तदान महादान है। इससे बढ़कर कोई दान नहीं है। उन्होंने कहा कि बहुत सारी बीमारियां रक्तदान करने से नष्ट होती है। वहीं बीमारी से ग्रसित बहुत सारे लोग जरूरतमंद हैं जिन्हें रक्त की अति आवश्यकता है। अगर हमारे रक्त से किसी की जान बच सकती है तो हमें जरूरत है बचाने की। वहीं प्रेमलता चंद्रा ने कही कि रक्तदान सबसे सर्वश्रेष्टदान है क्योंकि हमारे समाज में बहुत सारे ऐसे जरूरत मंद लोग हैं जिन्हें थैलीसीमिया, एनीमिया सहित कई गंभीर बीमारियों से ग्रसित हैं। वैसे ही लोगों को रक्त मुहैया कराने के लिए शिविर लगाई गई है। उन्होंने कहा कि अगर हम रक्तदान करते हैं तो लाल रक्त, श्वेत रक्त के साथ साथ प्लाज्मा की कमी से जूझ रहे इन तीनों तरह की बीमारियों से लोगों की जान बचाते हैं। उन्होंने अन्य लोगों को भी रक्तदान के लिए प्रेरित किया। मौके पर रेड क्रॉस के सचिव धर्मेन्द्र पाठक, जीएनएम मधुलता कुमारी, सुप्रिया कुमारी, जयंती कुमारी, एलटी विजय कुमार, तापेश्वर सोनी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# मनरेगा योजनाओं के सोशल ऑडिट का पंचायत स्तरीय जनसुनवाई बिचौलियों के बीच संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** सोमवार को प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में मनरेगा योजनाओं के सोशल ऑडिट का समापन हो गया है। जहां खबर संकलन के दौरान पाया गया कि पंचायत स्तरीय जनसुनवाई में ग्रामीणों की उपस्थिति नगण्य रही । बताया जा रहा है कि जनसुनवाई में संबंधित पंचायत के अधिकतर बिचौलियों के द्वारा योजनाबद्ध तरीके से मुद्दों पर भारी पड़े हैं। वहीं अंकेक्षण दल के द्वारा अधिक से अधिक 15 से 20 मुद्दों पर ही चर्चा की गई जिसमें ज्यूरी द्वारा विचार कर योजनाओं के अभिलेखों में त्रुटि, लापरवाही पर 100 रुपए 50 रुपए 20 रुपए का अर्थदंड एवं जुर्माना लगाया गया। वहीं बरवाडीह पंचायत से लगभग 5 से 7 मामले प्रखंड स्तरीय जनसुनवाई में अग्रसारित किए गए हैं जबकि अन्य पंचायतों बहुत ही कम मामले आगे बढ़ाए गए हैं। बरवाडीह पंचायत के पंचायत समिति सदस्य प्रवीण कुमार ने कहा कि जनहित मुद्दों से कोई समझौता नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि योजनाओं में बगैर वाउचर के भुगतान कैसे किया जाता है सवाल है। कहा कि ऑडिट गाइडलाइन के अनुसार लगभग एक लाख रुपए का जुर्माना, अर्थदंड लगाया गया है। वहीं अन्य पंचायतों की बात करें तो करोड़ों की राशि खर्च दिखाने के बावजूद बहुत ही कम राशि का जुर्माना, अर्थदंड लगाया गया है।ऐसी स्थिति को देखते हुए जागरूक ग्रामीणों ने मनरेगा योजनाओं के सामाजिक अंकेक्षण का खानापूर्ति बताया है और स्पेशल ऑडिट की कार्रवाई किए जाने की बात कहते हैं। ऐसे में देखा जा रहा है कि महत्वकांक्षी मनरेगा योजना के तहत पंचायतों को करोड़ों की राशि विकास के नाम खर्च किए गए हैं जो धरातल पर कहीं दिखता नहीं है जो योजनाएं कमीशनखोरी, बंदरबांट की भेंट चढ़ गई।

## नए अंचलाधिकारी गौरव कुमार राय ने लिया पदभार



**सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिमरिया अंचल कार्यालय में नए अंचलाधिकारी के रूप में गौरव कुमार राय पदभार ग्रहण किए हैं। यह पदभार सीओ धर्मेंद्र कुमार दुबे के ट्रांसफर धनबाद के गोविंदपुर में होने के बाद लिया गया है। पत्रकारों की पहली मुलाकात में सीओ गौरव कुमार राय ने बताया कि अंचल से संबंधित कोई भी कार्य समय पर किया जाएगा। किसी को अनावश्यक कार्यालय का चक्कर कटवाया नहीं जाएगा। अचल क्षेत्र में बेहतर से बेहतर कार्य करना मेरा पहला प्राथमिकता होगी। जमीन संबंधित मामला हो या जनवितरण का दोनों को बारीकी से समझते हुए इस पर उचित कारवाई किया जाएगा। साथ हीं जाती आवासीय आय एवं अन्य प्रमाण पत्रों में कम समय में प्रमाण पत्र निर्गत किया जाएगा।

## रिटायर्ड आर्मी के समस्याओं के समाधान हेतु शिविर का आयोजन किया गया




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिला मुख्यालय के सामाहरणालय परिसर में सोमवार को जिले के सभी एक्स आर्मी के लिए23 इन्फेंट्री डिवीजन के तरफ से शिविर का आयोजन किया गया। जिसका संचालन टी महार रेजिमेंट के सुबेदार इन्दुकेश हवलदार,राजेश गुजर,एक्स सूबेदार मुकेश कुमार, और अजीत प्रकाश के सहयोग से शिविर का आयोजन किया गया। जहां काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।और अपनी अपनी समस्याओं को प्रकट किया।इसके उपरांत सभी लोगों ने अपना बायोडाटा अपडेट कराया। वहीं टी महार रेजिमेंट ने अपने अनुभव को क्लर्क के बीच रखा। आए हुए लोगों के समस्याओं से संबंधित कागजात के बारे में समझाया साथ ही लातेहार जिले में कैंटीन पॉलीक्लिनिक का मांग किया। जहां सभी लोगों ने एक साथ हस्ताक्षर की।

## पक्की सड़क नहीं होने से ग्रामीण परेशान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** प्रखंड के शिबला पंचायत अंतर्गत ग्राम मकरा स्थित खुठनियां टोला से गुजरने वाली कच्ची सड़क सरहुल मांडर से लेकर शिबला पंचायत भवन तक रोड की स्थिति काफी नाजुक बना हुआ है सड़क जर्जर होने के कारण ग्रामीण पक्की सड़क के लिए तरस रहे हैं, वाहन भी आने जाने से वंचित है, यहां के ग्रामीणों को सबसे अधिक परेशानी बारिश के मौसम में होती है रास्ते पर बड़े-बड़े गड्ढे है जिनमे बारिश का पानी भर जाता है. इसकी वजह से दुर्घटना होते रहती है इस रास्ते से मध्य विद्यालय पढ़ने के लिए गांव के लगभग 15 बच्चे रोजाना आना-जाना करते हैं.इस रास्ते में गड्ढे होने के कारण कई बच्चों ने इन रास्तों में गिरकर चोटिल हो चुके है. स्कूली बच्चों के अलावा इस रास्ते में ग्रामीण भी आवागमन करते हैं। बारिश के मौसम मे यदि गांव में कोई बीमार होता है तो उसको पक्की सड़क तक ले जाने मे काफी समस्या झेलनी पड़ती है. तब कहीं जाकर उसको अस्पताल ले जाया जाता है. और सबसे अधिक मुसीबत बरसात मे गर्वती महिलाओ को कही ले जाने के लिए काफ़ी मुसीबत एवं समस्या का सामना करना पड़ता है. कई वर्षो से यह सड़क की स्थिति जर्जर बना हुआ है, जिससे बारिश के दिनों मे कोई भी वाहन नही आ पाते हैं, इस सड़क को कई बार नापी भी किया गया है लेकिन अभी तक कोई समाधान नही हो पाया है।

## लातेहार में लोजपा ने 100 सदस्यीय कमेटि का विस्तार किया




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** लोक जनशक्ति पार्टी के नव नियुक्त जिलाध्यक्ष राजेंद्र पासवान को बनाये जाने के उपलक्ष्य में जिला मुख्यालय के बानपुर स्थित जिलाध्यक्ष के आवास में एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष के द्वारा सभी पत्रकारों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। प्रेस वार्ता के दौरान श्री पासवान ने बताया कि लोक जनशक्ति पार्टी गरिब, दलित की पार्टी है। और गरीबों के हक अधिकार की आवाज हम सरकार तक पहुंचाएंगे। गरीब, असहाय के हक अधिकारों तथा ज़िले में किसी भी जनसमस्याओं को लेकर हमारी लड़ाई जारी रहेगी।लातेहार जिला में पार्टी का 100सदस्यीय कमेटि बना ली गई है।आगे उन्होंने बताया कि झारखंड विधानसभा चुनाव में 10 सीटों पर लोक जनशक्ति पार्टी की दावेदारी होगी। पार्टी कार्यकर्ताओं ने लातेहार विधानसभा में चुनाव की तैयारी में जुट गई है। मौके पर लोजपा पार्टी के दर्जनों पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

## चोरों ने दो भैंसा का किया चोरी, चोर के आतंक से ग्रामीण परेशान

**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना के अंतर्गत पहरा गांव से रविवार की देर रात अज्ञात चोरों ने दो भैंसा चोरी कर फरार हो गए। जिसे लेकर गांव में दिन प्रतिदिन दहशत फैलते जा रहा है।इस प्रकार की घटना पूर्व में भी कई बार हो चुकी है। जो अब तक पता नहीं चल पाया है। जगनाथ साव ने बताया कि घर के बाहर प्रतिदिन के तरह शाम को भैंसा बांधा गया था। सुबह उठकर जब चार देने गया तो वहां भैंसा नहीं था। जिसे लेकर जगनाथ साव ने थाना में अज्ञात चोरों के विरुद्ध प्राथमिक दर्ज कराई है।बताते चलें कि इन दिनों पशुओं की चोरी की घटना बढ़ती जा रही है। जिसे पशुपालक काफी परेशान दिख रहे हैं।इधर पुलिस प्रशासन द्वारा एक भी मामले का खुलासा अब तक नहीं किया गया है।

## कांग्रेस का प्रखंड स्तरीय सांगाठनिक बैठक हुआ संपन्न

**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** परिसदन भवन लातेहार में 15 जुलाई 2024 को युवा कांग्रेस का प्रखंड स्तरीय सांगठनिक बैठक सम्पन्न हुआ। इसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अमित यादव ने किया। कार्यक्रम का संचालन विधानसभा अध्यक्ष शहादत हुसैन( टिंकू बाबू ) ने किया। कार्यक्रम में बतौर अतिथि के रूप में राष्ट्रीय कॉर्डिनेटर कमलदीप, प्रदेश उपाध्यक्ष आफ़ताब आलम लातेहार प्रभारी लक्ष्मीकांत उपस्थित रहे। सभी ने बारी बारी से संगठन की मजबूती पर चर्चा किया। कार्यक्रम में मनिका विधानसभा अध्यक्ष मिथलेश पासवान, जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र उरांव, साजन, नंदू, ओमप्रकाश यादव, संतोष, सुहेल, शहजाद, मंन्टू, जाबिर, आरिफ, बिजेंद्र उरांव, समेत कई लोग उपस्थित थे।

## टाना भगत विकास प्राधिकार से संबंधित बैठक की गई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** विकास भवन स्थित सभाकक्ष में उप विकास आयुक्त चतरा श्री पवन कुमार मण्डल की अध्यक्षता में टाना भगत विकास प्राधिकार से संबंधित समीक्षात्मक बैठक की गई। बैठक में पूर्व में दिए गए निर्देश के अनुपालन प्रतिवेदन की समीक्षा की गई। टाना भगतों से रसीद निर्गत की जानकारी ली गई। साथ ही अंचल अधिकारी टण्डवा को निर्देश दिया गया कि गैरमजरुआ भूमि एवं वन क्षेत्र में निवास करने वाले, खेती बारी करने वाले टाना भगतों की सूची उपलब्ध कराई जाय जिससे कि अग्रेतर कार्रवाई की जा सके। प्रधानमंत्री आवास योजना/ अम्बेडकर आवास योजना के संबंध में कहा कि इस योजना का लाभ दिया जा रहा है साथ ही आवश्यकता को देखते हुए प्रखण्ड कार्यालय टण्डवा में सूची उपलब्ध कराई जाय जिससे कि आवास योजना का लाभ दिया जा सके। इसके लिए प्रखण्ड विकास पदाधिकारी टण्डवा को सर्वे करने का भी निर्देश दिया। गाय पालन योजना के तहत टाना भगत को गाय उपलब्ध कराई गई है इस योजना से वंचित वैसे टाना भगत जो योजना का लाभ नहीं ले पा रहे है तो इसकी सूची उपलब्ध कराई जाय। जिससे कि जिला पशुपालन कार्यालय से इस योजना का लाभ दिया जा सके। छात्रवृति योजना के तहत 01-08 कक्षा तक बच्चों को छात्र वृति के संदर्भ में जिला शिक्षा पदाधिकारी चतरा को निर्देशित किया गया कि मामले की जांच करते हुए छात्रवृति का लाभ दिया जाय। साथ ही छात्रवृति योजना से कोई बच्चा वंचित न रहे।बैठक में टाना भगत ने कहा कि टंडवा प्रखंड के सरैया में सामुदायिक भवन का निर्माण पूर्ण हो चुका हैं परंतु उसमें फर्नीचर की व्यवस्था एवं परिसर को समतल करने की आवश्यकता है। इस संदर्भ में उप विकास आयुक्त ने संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। साथ ही कहा कि छुटे हुए शौचालय का निर्माण कराया जाना है जिसके लिए सूची कार्यालय में जमा कराएं। इसके लिए कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल चतरा को निर्देशित किया गया। साथ ही चापानल की भी व्यवस्था कराने को कहा गया। उक्त बैठक में अपर समाहर्ता चतरा अरविन्द कुमार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी टण्डवा, अंचल अधिकारी टण्डवा, प्रखण्ड प्रमुख टण्डवा, टाना भगत समेत अन्य उपस्थित थे।

# आकलन संगठन शिक्षा मंत्री से की मुलाकात विभिन्न मांगों से कराया अवगत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** रविवार को प्रदेश अध्यक्ष ऋषिकांत तिवारी एवं प्रदेश महासचिव बबलू सिंह के नेतृत्व में आकलन सफल सह प्रशिक्षित सहायक अध्यापक संघ के बैनर तले माननीय शिक्षा मंत्री बैजनाथ राम एवं मनिका विधानसभा के विधायक रामचंद्र सिंह से बरवाडीह में सहायक अध्यपकों की एक टीम ने मुलाक़ात की और शिक्षा मंत्री बनाये जाने पर खुशियां जाहिर कर बधाई देते हुए बुके भेट की गई। इस दौरान सहायक अध्यापकों के विभिन्न मांगों को अवगत कराते हुए बताया कि 62000 सहायक अध्यापकों को वेतनमान मिले ,आकलन प्रमाण पत्र जल्द निर्गत हो एवं आकलन त्रुटि सुधार कर दूसरे आकलन परीक्षा का जल्द आयोजन हो , उन्होंने बताया कि आकलन सफल अध्यापकों को टेट के समतुल्य मानदेय प्राप्त हो साथ ही टेट परीक्षा मे पासिंग मार्क्स में सहायक अध्यपकों को कार्यानुभव के आधार पर 20 प्रतिशत की छूट हो साथ ही इपीएफ जल्द लागू हो एवं अनुकम्पा 2021 नियमावली को शिथिल करते हुए योग्यता आधारित नियमावली जल्द लागू किया जाए समेत विभिन्न समस्या से अवगत करया गया। वहीं माननीय मंत्री द्वारा सकारात्मक पहल दिखाते हुए जल्द निष्पादन करने की बात कही गई। मौके पर विधायक रामचंद्र सिंह के द्वारा हम लोग के मांगों को जायज ठहराते हुए सरकार को अवगत कराने को आस्वस्थ किया। मुलाकात करने वालों में बरवाडीह प्रखंड अध्यक्ष मोश शकील खान, प्रखंड कोषाध्यक्ष अनुज कुमार सिन्हा, बृजकिशोर तिवारी, आशीष रंजन, शेखावत अली, डिलेस कुमार, आलोक कुमार, सियाराम सिंह, प्रमोद यादव समेत अन्य सहायक अध्यापक शामिल हुए।

## संवेदक की गलती से हुई दोनों बच्चों की मौत



**बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ थाना से दो किलोमीटर दूर रविवार को बनियो डैम में डूबने से दो स्कूली छात्रों की हुई मौत का मामला गरमाता जा रहा है। सोमवार को ग्रामीणों ने बताया कि लघु सिंचाई विभाग द्वारा लगभग 99 लाख रुपए की लागत से बनाए जा रहे बनियों डैम में भारी अनियमितता बरती गई है। संवेदक अवैज्ञानिक तरीके से डैम का निर्माण कर रहा था ।जहां-तहां गड़ा खोद कर छोड़े जाने के कारण गहराई को बच्चे समझ नहीं पाए और डैम के किनारे नहाने चले गए ।इसी बीच एकाएक 15 फीट गड्ढे में वे लोग डूब गये । बच्चों को निकालने वाला कुलदीप भुईया ने बताया कि संवेदक किसी की बात को नहीं सुन रहा था और मनमानी तरीके से निर्माण कर दिया है ।जबकि नियम है कि किसी भी डैम को निर्माण सीढ़ीनुमा निर्माण कराना होता है लेकिन इस डैम का निर्माण में संवेदक जमीन तल से सीधे 8 फीट से 15 फीट तक गहरा कर दिया है। वही जहां-तहां का मिट्टी उठाकर जैसे-तैसे छोड़ देने के कारण डैम के किनारे दलदल भी हो गया है। लोग बताते हैं कि बच्चों को निकालने के दौरान बच्चे मिट्टी के अंदर फंस गए थे। काफी मस्कत के बाद बच्चों को निकाला गया। ग्रामीण महेश भुईया, अनु भुईया, ननका भुईया, राजेश भुईया, सरहुला भुईया, विजय भुइयां, कुलदीप भुईया, रेखा देवी, अनीता देवी, सविता देवी, लक्ष्मी देवी, समेत कई ग्रामीणों ने बताया की अगर संवेदक सही से काम करता तो दोनों बच्चे की जान नहीं जाती।

# जाम लगने कि मुख्य वजहों पर नही हो रहा काम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** हजारीबाग मे पिछले कई दिनों से ट्रैफिक व्यवस्था मे सुधार करने को लेकर पुलिस प्रशासन लगी हुई है लेकिन इसका समाधान होता हुआ नही दिखाई दे रहा है. अभी भी हजारीबाग मे सड़क जाम आम बना हुआ है. दरअसल हजारीबाग प्रशासन जिस दिन से ट्रैफिक व्यवस्था सुधार करने को लेकर सक्रिय हुई है उसके बाद सिर्फ हेलमेट व वाहनों के कागजातों की जांच कर चालान करने मे ही ज्यादा ध्यान दे रही है, जाम लगने की मुख्य वजहों पर ध्यान ही नही दे रही है.

यह सच है कि हेलमेट और वाहनों के कागजातों की जांच कर चालान काटना एक जरूरी कदम है, लेकिन यह ट्रैफिक जाम की मूल समस्या का समाधान नहीं है।

क्या है सड़क जाम की मुख्य वजह

1. पार्किंग व्यवस्थाः

शहर के मेन रोड, गुरु गोविंद सिंह रोड, मालवीय मार्ग, मटवारी, कोर्रा आदि क्षेत्रों में व्यावसायिक परिसरों में पार्किंग की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है।

* दुकानदारों और ग्राहकों द्वारा सड़कों और फुटपाथों पर वाहन खड़े किए जाने से जाम लगता है।

नगर निगम को इन क्षेत्रों में उचित पार्किंग सुविधाओं का निर्माण और प्रबंधन करना चाहिए।

2. टोटो का अनियंत्रित संचालनः

शहर में टोटो की संख्या में बेतहाशा वृद्धि हुई है। कई चालक अप्रशिक्षित हैं और मनमाने तरीके से सड़कों पर वाहन चलाते हैं।

यात्रियों को जहाँ चाहे सवारी उतारते-चढ़ाते हैं, जिससे यातायात बाधित होता है। टोटो के लिए उचित नियमों और लाइसेंसिंग प्रणाली को लागू करना आवश्यक है।

3. सड़क अनुशासन का अभाव

कई लोग सड़क पर चलने के नियमों का पालन नहीं करते हैं।

लत साइड में वाहन चलाना, और पैदल चलने वालों के लिए रास्ता न देना जैसी लापरवाही आम है। सड़क सुरक्षा शिक्षा और सख्त कानून प्रवर्तन के माध्यम से नागरिकों में अनुशासन जागरूकता बढ़ाना आवश्यक है।

4. अपर्याप्त ट्रैफिक प्रबंधनः

व्यस्त चौराहों पर ट्रैफिक लाइट और ट्रैफिक पुलिस की कमी है।

यातायात को सुचारू रूप से चलाने और जाम को नियंत्रित करने के लिए इनकी तैनाती की आवश्यकता है।

5. सड़कों की खराब स्थिति

शहर में कई सड़कें संकरी, क्षतिग्रस्त और गड्ढों वाली हैं।

इन सड़कों पर वाहनों की आवाजाही धीमी गति से होती है, जिससे जाम लगता है।

सड़कों की मरम्मत और चौड़ीकरण करना आवश्यक है।

यह सच है कि हेलमेट और वाहनों के कागजातों की जांच कर चालान काटना एक जरूरी कदम है, लेकिन यह ट्रैफिक जाम की मूल समस्या का समाधान नहीं है।

ट्रैफिक जाम एक जटिल समस्या है जिसके लिए केवल एक उपाय नहीं है।

हेलमेट और वाहनों के कागजातों की जांच के साथ-साथ, उपरोक्त मुद्दों पर भी ध्यान देकर एक व्यापक रणनीति बनाना होगा।

नगर निगम, पुलिस विभाग और परिवहन विभाग को मिलकर काम करना होगा और नागरिकों को भी जागरूक रहना होगा।

तभी हजारीबाग में बेहतर ट्रैफिक व्यवस्था स्थापित हो सकती है।

### शहर के मुख्य चौराहों पर हो ट्रैफिक पुलिस की व्यवस्था : सीटू



हजारीबाग में ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने के संबंध में माकपा नेता सीटू ने कहा कि यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए सबसे पहले ई-रिक्शा और ऑटो पर लगाम लगाना होगा, मेंन रोड सहित कुछ महत्वपूर्ण रोड को वन वे करना होगा. शहर के मुख्य चौराहों पर ट्रैफिक पुलिस की व्यवस्था करनी होगी.

### सड़क किनारे गाड़ियों की पार्किंग की हो मनाही : उदयभान नारायण सिंह



हजारीबाग में ट्रैफिक व्यवस्था के बिगड़ते हालात को देखते हुए भाजपा नेता उदयभान नारायण सिंह ने कहा कि हजारीबाग की सड़के यूं तो पहले से ही काफी संकरी है बावजूद इसके सड़क पर वाहनों का पार्किंग होना जाम को बढ़ावा देता है. यदि हजारीबाग में जाम से निजात पाना है तो सबसे पहले सड़क किनारे जो वाहन खड़ा होते हैं उन्हें रोकना होगा और एक चिन्हित स्थल पर ही वाहन पार्किंग करना होगा इस ओर प्रशासन को ध्यान देने की आवश्यकता है.

## कीचड़ मे तब्दिल हुआ रास्ता चलाना हुआ मुश्किल, ग्रामीणों ने कहा सड़क नही तो वोट नही



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टाटीझरिया :** बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के दारू और टाटीझरिया प्रखंड सीमावर्ती झरपो जरगा का मुख्य सड़क की स्थिति इन दिनों बहुत ही खराब है. जरगा के बिनोद राणा, निर्मल यादव, मुकेश यादव, रंजित प्रसाद ,संतोष प्रसाद, हनीफ मियां और झरपो महुआ धाम टोला से सीताराम प्रसाद, अशोक महतो ,मुकेश कुमार उर्फ सर ,मुकेश प्रसाद, सुनील कुमार ने बताया कि अब तक बरकट्ठा विधानसभा में कई विधायक प्रत्यासी और कोडरमा लोक सभा क्षेत्र में कई सांसद प्रत्यासी चुनाव के समय सड़क बिजली, शिक्षा, रोजगार व समाज क्षेत्र हित मे बड़े बड़े भाषण बाजी कर सिर्फ आश्वासन देते हैं। लेकिन वही विडंबना है की जब वे क्षेत्र से चुनाव जीत जाते हैं तो क्षेत्र की समस्याओं से रूबरु होकर भी अनजान हो जाते है और पुनः क्षेत्र में झांकने तक नही आते हैं। इस बार मौजूद ग्रामीणों ने कहा की विधानसभा चुनाव को बहिष्कार करेंगे रोड़ नही तो भोट नही की बाते कहते हुए उन्होंने यह भी कहा की जर्जर सड़क की दूरी मात्र 800 मीटर ही है मरम्मती कार्य के नाम पर सिर्फ खाना पूर्ति किया जाता है। वही इसी रास्ते से हमलोग रामनवमी का झांकी , बाजार, स्कूल, कॉलेज, ट्यूशन आवागमन के लिए सैकड़ों ग्रामीणों राहगीरों को पैदल साइकिल, दो पहिया, चार पहिया वाहनों से गुजरते है। वर्षा के दिनों में जो रास्ते में बनी छोटी सी पुलिया है वह भी क्षतिग्रस्त है उससे लगभग दो से तीन फिट की दूरी तक पानी ऊपर आ जाता है।सड़क के बीचो बीच और दोनो छोर में भी लगभग 4 फिट की गढ्ढा हो गया जिसके कारण कई मोटर साइकिल सवार भी उसी गढ्ढे में गिर चुके है।जिससे काफी मुश्किलों का सामना क्षेत्रवासियो को करना पड़ रहा है। अब तक कई लोगो का जानलेवा दुर्घटनाएं भी हो चुकी है। मौके पर ग्रामीणों में मुकेश यादव, रवि राणा, मिथुन यादव, जितेंद्र प्रजापति, अरुण कुमार, राजा पासवान,विशाल यादव, राजकुमार प्रसाद, अनिल राणा, सूरज कुमार, सनोज यादव, रकीम अंसारी, छात्राओ में मनीषा कुमारी, सुजाता कुमारी, काजल कुमारी समेत अन्य कई लोग मौजूद थे।

## नवसृजित प्राथमिक विद्यालय मुक्ति दूधमनिया में अतिथि भोजन का आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टाटीझरिया :** प्रखंड के नवसृजित प्राथमिक विद्यालय मुक्ति दूधमनिया में सोमवार को अतिथि भोजन का आयोजन किया गया। यह आयोजन बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष रवि सिंह के सौजन्य से कराया गया था। इसमें नवसृजित प्राथमिक विद्यालय मुक्ति दूधमनिया के 25 विद्यार्थियों के साथ पंगत में बैठ कर प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष रवि सिंह, बीईईओ राकेश कुमार सिंह, सीआरपी सुरेश राम, एमडीएम ऑपरेटर मुन्नी कुमारी, एमआईएस ऑपरेटर रामाशीष चौधरी, कम्प्यूटर ऑपरेटर नीलमणि पांडेय ने एमडीएम में पुडी, सब्जी, पापड के लजीज व्यंजन का स्वाद चखा। बीस सूत्री अध्यक्ष एवं बीईईओ ने कहा कि विद्यालय में इस तरह के आयोजन से एमडीएम में गुणवत्ता की बढोत्तरी होती है। साथ ही बच्चों के साथ एक पंगत में बैठकर भोजन करने से बच्चों के व्यक्तित्व क्षमता में वृद्धि होती है। इसी उद्देश्य के साथ विद्यालयों में शिक्षा विभाग की ओर से अतिथि भोजन का आयोजन किया जाता है। मौके पर विद्यालय के शिक्षक राहुल कुमार सिंह, ग्रामीण रूपण साव, रघु यादव, किसुन यादव, रसोईया कलवा देवी, बुंदिया देवी, राजू श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

### बरही प्रेस क्लब ने राजनीतिक प्रतिद्वंता में दर्ज कराए गए पत्रकारों पर मामले को लेकर डीएसपी को सौपा ज्ञापन

**बरही(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बरही प्रेस क्लब ने सोमवार को डीएसपी सुरजीत कुमार से बरही प्रेस क्लब अध्यक्ष राजदेव गुप्ता के नेतृत्व में मिलकर एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से बताया कि राजनीतिक प्रतिद्वंता के फल स्वरुप जुलाई 2024 में चौपारण थाना में कई एफआईआर दर्ज कराए गए हैं, इनमें से चार पत्रकारों को दुर्भावना से आरोपित किया गया है। यह पत्रकारों के लोकतांत्रिक अधिकार पर कुठारघात है। बरही प्रेस क्लब ने छानबीन में पाया कि उक्त सभी आरोपित किए गए पत्रकार निर्दोष है। प्राथमिकी में पत्रकारों के नाम दुर्भावना से डाला गया है, पत्रकारों ने सूचक के विरुद्ध किसी भी प्रकार के अपराधीक कृत नहीं किया है। वही छानबीनकर सभी पत्रकारों को आरोप से मुक्त करने का मांग किया। इधर डीएसपी सुरजीत कुमार ने कहा कि एक भी निर्दोष पत्रकार पर करवाई नहीं की जायेंगी। प्रशासन पर भरोसा रखें, हम लोग लगातार जांच कर रहे हैं। मौके पर बरही प्रेस क्लब के संरक्षक जावेद इस्लाम, श्याम मोहन शर्मा, अध्यक्ष राजदेव कुमार गुप्ता, सचिव सोनू पंडित, उपाध्यक्ष कृष्णा कुमार यादव, अजय कुमार कुशवाहा, कोषाध्यक्ष जयदीप कुमार सिन्हा, उप सचिव कुमकुम सोनी, अमित सोनी, सदस्य सुरेंद्र निषाद, राजेश प्रसाद केसरी, योगेंद्र प्रजापति आदि मौजूद थे।



### तैयारी पूरी, भाजपा का विजय संकल्प रैली आज

**विधानसभा चुनाव की तैयारियो का लिया जाएगा जायजा : मनोज यादव**



**बरही(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** आरएनवाई कॉलेज बरही में भाजपा द्वारा आयोजित विजय संकल्प रैली सह अभिनंदन समारोह की तैयारियां पूरी। सभा को सफल बनाने के लिए बरही, चौपारण, चंदवारा, पदमा मंडल अध्यक्ष कार्यक्रम को सफल बनाने में लगे है। सोमवार संध्या को तैयारियो का जायजा लेने कार्यक्रम स्थल पहुँचे बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव। श्री यादव ने कहा कि निर्वाचित सांसद मनीष जायसवाल जी का अभिनंदन के साथ विधानसभा चुनाव की तैयारियां का जायजा लिया जाएगा। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर ने बताया कि प्रत्येक बुथ से पांच कार्यकर्ताओं को सभा मे लाना है। भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के आह्वाहन पर कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। मौके पर मंडल अध्यक्ष अमीत साहू, भाजपा नेता परमेश्वर साहू, अशोक यादव, युगल यादव, बालेश्वर यादव, नागेश्वर यादव, सचिन यादव, ब्रहमदेव यादव सहित कई लोग उपस्थित रहे।।

## ब्राउन शुगर के साथ 6 हुए गिरफ्तार, 4 किलो ब्राउन शुगर बरामद




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** पुलिस ने ब्राउन शुगर तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्यवाई करते हुए 4 लगभग 4 किलो ब्राउन शुगर के साथ 6 लोगो को गिरफ्तार किया है. इस संबंध मे जानकारी देते हुए हजारीबाग सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कुमार शिवाशिष ने बताया की उत्तर प्रदेश के जिला बारंबाकी से एंटी नारकोटिक्स फोर्स के द्वारा 14 जुलाई को कोर्रा थाना में यह सूचना दी गई थी कि हजारीबाग शहर के आसपास एन एच 33 पर ब्राउन शुगर का कुछ अज्ञात लोगों के द्वारा क्रय विक्रय किए जाने की विश्वसनीय सूचना है.यदि जल्द कार्रवाई की जाए तो अवैध मादक पदार्थ ब्राउन शुगर की बरामदगी व इसमें शामिल गिरोह के लोगों को पकड़ा जा सकता है प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस अधीक्षक के द्वारा हजारीबाग के सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया साथ ही इसके सहयोग हेतु बारंबाकी उत्तर प्रदेश से आई एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स भी शामिल रही. उक्त छापेमारी दल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कोर्रा थाना क्षेत्र के नगवां स्थित लक्ष्मी लाइन होटल के समीप गुप्त रूप से निगरानी रखने लगी. निगरानी के क्रम में ही ब्राउन शुगर की खरीद बिक्री करने हेतु आए कुल छ्ः अभियुक्तों को छापामारी दल में शामिल पुलिसकर्मियों के द्वारा पकड़ लिया गया. पकड़े गए व्यक्तियों के पास से कल 4 किलो 80 ग्राम नशीला मादक पदार्थ ब्राउन शुगर , एक स्विफ्ट कार, दो मोटरसाइकिल व मोबाइल बरामद किया गया. पुलिस के द्वारा पकड़े गए व्यक्तियों ने बताया कि वे लोग एकांत जंगल में ब्राउन शुगर बनाते हैं और ऊंचे दामों में इसकी बिक्री करते हैं. पत्थलगड्डा से अफीम की खरीदारी कर वे लोग डाउन शुगर बनाकर बिक्री करते थे. जप्त किए गए ब्राउन शुगर की अंतरराष्ट्रीय कीमत करोड़ों रुपए आंकी गई है. गिरफ्तार किए गए लोगों में जिला चतरा थाना पत्थलगड़ा ग्राम बरवाडीह के रहने वाले मो.खालिद मो.सलाउद्दीन, विजय कुमार दांगी, चतरा सदर थाना क्षेत्र के के रहने वाले मोहम्मद नूरुल्ला, सुरेश दांगी व बलराम कुमार है.

## बड़कागांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सा प्रभारी अविनाश कुमार के नेतृत्व किया गया वृक्षारोपण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** हजारीबाग सिविल सर्जन के आदेश के आलोक में बड़कागांव चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अविनाश कुमार के नेतृत्व में सीएससी बड़कागांव एंव प्रखंड के सभी उप स्वास्थ्य केंद्रों में वृक्षारोपण कार्य किया गया। मौके पर डॉ अविनाश कुमार ने कहा कि वृक्ष ही जीवन है वृक्ष है तो हम हैं, लोग वृक्षों को संरक्षण करें और पर्यावरण को सुरक्षित बनाए रखें। वहीं मौजूद सभी लोगों को अधिक से अधिक वृक्ष लगाने के लिए प्रोत्साहित किया गया ।वृक्षारोपण कार्यक्रम में डॉ अंजू प्रभा, बीपीएम नवीन कुमार, एचएम मृत्युंजय सिंह, मोहम्मद नसरुद्दीन अंसारी, एएनएम संजू कुमारी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### विश्रामपुर में पैकवाहा के साथ मारपीट का आरोप थाना में आवेदन



**बड़कागांव(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बड़कागांव प्रखंड के विश्रामपुर में बड़कागांव मुस्लिम मोहल्ला के पैकवाहों (कमरबंद) के साथ मारपीट करने का आरोप लगाया गया है। इसकी सूचना मिलते ही प्रखंड के इलाकाई से सैकड़ो ग्रामीण थाना पहुंचकर कार्रवाई करने की मांग करने लगे। थाना में उपस्थित बड़कागांव एसडीपीओ कुलदीप कुमार एवं थाना प्रभारी कुंदन कांत विमल द्वारा कार्रवाई करने का आश्वासन दी गई। साथ ही पैकवाहा सह आवेदन कर्ता को पुलिस अपनी गाड़ी में बैठाकर घटनास्थल पर ले जाकर स्थिति से अवगत हुई। इस संबंध में पैकवाहा के द्वारा थाना में आवेदन देकर कार्रवाई करने की मांग की गई है। दिए गए आवेदन में कहा गया है कि हम मुस्लिम मोहल्ला बड़कागांव के 18 पैकवाहा बादम होते हुए विश्रामपुर जैसे ही पहुंचे कि 15- 20 लोग हम लोग को हरवे हथियार के साथ रोक कर गाली गलौज करने लगे। साथ ही साथ आपत्तिजनक जाति सूचक कहकर दूसरे समुदाय का नारा लगाने पर मजबूर करने लगे। नारा नहीं लगाए जाने पर हम लोग के साथ मारपीट करने लगे। घटना की सूचना मिलते हैं जिला से सैकड़ो महिला पुरुष पुलिस के जवान मंगाई गई है। मामले को लेकर समाचार लिखे जाने देर शाम तक हजारीबाग एसपी अरविंद कुमार सिंह ,हजारीबाग अनुमंडल पदाधिकारी, सीओ बालेश्वर राम ,एसडीपीओ कुलदीप कुमार , के अलावा कई वरीय पदाधिकारी ने गंभीरता से लेते मामले के समाधान करने के लिए लगे हुए हैं।

## झारखंडी अर्थव्यवस्था के बड़े वकील थे रमेश शरण : प्रमोद




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** बीमा कर्मचारी संघ हजारीबाग मंडल के तत्वाधान में प्रोफेसर रमेश शरण के सम्मान में भारतीय जीवन बीमा निगम के हजारीबाग मंडल कार्यालय में एक शोक सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम स्व.रमेश शरण के तस्वीर पर सामूहिक रूप से माल्यार्पण कर 1 मिनट का मौन रखकर शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि दी गई।शोक सभा को संबोधित करते हुए विनोबा भावे विश्वविद्यालय के राजनीति शास्त्र के प्राध्यापक प्रोफेसर प्रमोद कुमार ने कहा कि प्रोफेसर शरण एक व्यक्ति नहीं संस्था थे। उन्होंने विनोबा भावे विश्वविद्यालय में गांधी, जयप्रकाश, विनोबा चिंतन केंद्र की स्थापना की थी इसका मुख्य उद्देश्य था झारखंड के समस्याओं पर अध्ययन करना तथा उनका समाधान सरकार को बताना।उन्होंने राइट टू फूड पर भी कार्य किया था तथा सरकार को उसे संबंधित विस्तृत रिपोर्ट सौंपी थी। उन्होंने कहा कि उनके बताए गए आदर्श को जीवन में अपनाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

## खण्डेलवाल महिला संघ का हुआ गठन, महिलाओं ने समाज हित में कार्य करने का लिया संकल्प



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** खण्डेलवाल वैश्य पंचायत के द्वारा महिलाओं की एक आम बैठक रविवार को अतिथि भवन के सभागार में आयोजित की गई इस बैठक में समाज की महिलाएं सम्मिलित होकर बैठक को सफल बनाई, बैठक की अध्यक्षता उपाध्यक्ष जयप्रकाश खंडेलवाल एवं संचालन सचिव पवन रावत खंडेलवाल के द्वारा किया गया। बैठक की शुरुआत भगवान गणेश एवं खंडेलवाल समाज के अग्रणी संत सुंदर दास जी की जयकारों के साथ किया गया बैठक में मुख्य रूप से खंडेलवाल महिला संघ के गठन को लेकर विस्तार पूर्वक विचार विमर्श किया गया, विचार विमर्श के दौरान महिलाओं के सर्व सहमति से खंडेलवाल महिला संघ का गठन किया गया। खंडेलवाल महिला संघ के नव निर्वाचित सदस्य संरक्षक उषा कूलवाल, सह संरक्षक इंदु दुसाध,अध्यक्ष लूना भूखमारिया, उपाध्याय चंद्रकला ढ़ेकरिया,सचिव रूप वैध, सह सचिव विनीता पवन रावत,रचना दुसाध,कोषाध्यक्ष नितिका दुसाध, सह कोषाध्यक्ष राखी दुसाध शामिल है। चयन प्रक्रिया के उपरांत खंडेलवाल महिला संघ की सदस्यों के द्वारा नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दिया गया । नवनियुक्त पदाधिकारियों ने एक साथ समाज कल्याण के लिए कार्य करने का संकल्प लिया। खण्डेलवाल वैश्य पंचायत के अध्यक्ष राहुल वैध ने दूरभाष के माध्यम से खंडेलवाल महिला संघ के पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इसके बाद सचिव पवन रावत खंडेलवाल एवं उपाध्यक्ष जयप्रकाश खंडेलवाल ने समस्त नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दिया। खंडेलवाल वैश्य पंचायत के अध्यक्ष राहुल वैध ने बधाई देते हुए कहा कि महिलाओं का गठन समाज की विकास धारा को तेज करने के उद्देश्य से बनाया गया है साथ ही कहा की आगामी विभिन्न कार्यक्रमों में आप सभी की भरपूर सहयोग की समाज अपेक्षा करती है। वहीं सचिव पवन रावत खंडेलवाल ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि समाज में महिलाओं का विशेष महत्व होता है महिला संघ समाज में अपनी अहम भूमिका अदा करते हुए समाज की प्रगति के लिए कार्य करें। आप सभी की सक्रियता एवं जागरूकता से समाज का समग्र विकास निश्चित होगा ।आप सभी का भरपूर सहयोग और समाज एवं मार्गदर्शन से समाज एक नया आयाम स्थापित करेगा।

### माइनिंग ग्रैंड मास्टर शतरंज टूर्नामेंट का समापन



**केरेडारी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** एनटीपीसी केरेडारी कोयला खनन परियोजना ने स्पोर्ट्स कार्उंसिल हज़ारीबाग कोयला परियोजना के सहयोग से आयोजित ÷माइनिंग ग्रैंड मास्टर÷ शतरंज टूर्नामेंट का ग्रैंड फिनाले उत्साह पूर्वक समाप्त हुआ। यह कार्यक्रम 11 जुलाई से शुरू हुआ, जिसमें हजारीबाग कोयला खनन की परियोजनाओं के प्रतिभागियों, कर्मचारीगण, उनके जीवनसंगनी और महिला क्लब द्वारा संचालित जिज्ञासा बाल भवन के बच्चे शामिल थे, सभी ने अपनी प्रतिभा और प्रतिस्पर्धात्मक की भावना का प्रदर्शन किया।टूर्नामेंट के विजेताओं को केरेडारी कोयला खनन परियोजना के प्रमुख शिव प्रसाद द्वारा सम्मानित किया गया।

### ओकनी बड़ा शिव मंदिर में देवी-देवताओं की प्राण-प्रतिष्ठा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** ओकनी बड़ा शिव मंदिर में श्री श्री 1008 श्री शतचंडी महायज्ञ के छठे दिन सोमवार को देवी-देवताओं की प्राण-प्रतिष्ठा का अनुष्ठान संपन्न हुआ। शिवनगरी वाराणसी से पधारे यज्ञाचार्य अभिषेक शास्त्री के नेतृत्व में उपाचार्य पं. रंधीर और कथावाचक पंडित दिलीप पांडेय के सहयोग से वैदि रीति-रिवाज के साथ श्रीगणेश, गौरी व 'शिव-शक्ति' के साथ नंदी स्थापित हुए। इस दौरान महिला-पुरुष श्रद्धालुओं की खासी भीड़ उमड़ी रही। जय मां दुर्गे, हर हर महादेव, जयश्रीराम, जय वीर हनुमान के जयकारों से माहौल गुंजायमान होता रहा। श्रद्धालुओं ने स्थापित देवी-देवताओं से आशीर्वाद ग्रहण किया। इस दौरान महाआरती और महाप्रसाद वितरण कार्यक्रम भी हुआ। इस मौके पर आस्था, श्रद्धा और भक्तिभाव से मुंडन, यज्ञोपवित और गुरुमुख अनुष्ठान संपन्न हुआ। वहीं सोमवार की देर शाम देवघर से पधारीं प्रवचनकर्ता ज्योति शास्त्री ने शिव और शक्ति की आराधना के महत्व पर प्रवचन देकर भक्तों को भावविहोर कर दिया। ओकनी बड़ा शिव मंदिर प्रांगण में सात दिवसीय श्री श्री 1008 शतचंडी महायज्ञ का समापन मंगलवार को पूर्णाहुति, क्षमा प्रार्थना और महाभंडारे के साथ होगा। देर संध्या जय मां अंबे भजन मंडली के कलाकार भक्ति जागरण करेंगे।

## बेसहारा भाई-बहन के लिए आगे आई हजारीबाग कि डीडीसी प्रेरणा दीक्षित




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** पेलावल दक्षिणी स्थित अंबेडकर टोली के सोनू राम एवं उसकी बहन सिमरन कुमारी का वर्षो से उजड़ा व धंसा हुआ छत जो खंडहर बन चुका था उसकी ढलाई का काम पूर्ण हो गया। दोनों भाई-बहन वर्षो से गर्मी, जाड़ा,बरसात इसी उजड़े आशियाने में गुजर बसर कर रहे थे। पेलावल विकास मंच द्वारा इनकी इस स्तिथि को मुख्यमंत्री,अन्य झारखंड के मंत्रियों , हजारीबाग के प्रशासनिक पदाधिकारियों व कटकमसांडी बीडीओ आदि को अवगत कराते हुए उनके समक्ष इनके आवास की मरम्मती आदि के लिए गुहार लगाया अंततः 26 जून को हजारीबाग की उप विकास आयुक्त प्रेरणा दीक्षित ने संज्ञान लेते हुए मंच को सूचित किया कि बहुत जल्द इस गरीब परिवार के आवास को बना दिया जाएगा। उन्होंने दरवाजा खिड़की लगवाने का भी आश्वासन दिया। सोमवार को मकान की ढलाई हो गई। हजारीबाग की उप विकास आयुक्त प्रेरणा दीक्षित को इस कार्य हेतू पेलावल विकास मंच ने धन्यवाद अर्पित किया. इस मौके पर जिला परिषद के कार्यपालक अभियंता आशीष आनंद,विभागीय ठेकेदार मुंशी प्रसाद कुशवाहा, राजेंद्र प्रसाद यादव, मिस्त्री दिलीप साव एवं मंच के एम.हक भारती, सुधीर ठाकुर, अमित कुमार पासवान, चंद्रशेखर शर्मा, मो.आरिफ, इंजमामुल हक भारती तथा लाभुक सोनू-सिमरन उपस्थित थे।

### जीर्ण शीर्ण मकान में रह रहा है परिवार, कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा



**केरेडारी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** केरेडारी प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बेलतू में एक दंपति जीर्ण शीर्ण कच्चा मकान में रहने को विवश है! मकान इतना जर्जर है कि बारिश का पूरा पानी घर में ही गिरता है! कच्चे मकान की दीवार ऐसी खंडहर का रूप ले लिया है कि देख कर हीं डर लगता है! ऐसी मकान में रह कर परिवार जीते जी मौत के मुंह में जीवन यापन करने को विवश है! दरअसल बेलतू पंचायत का दसरथ साव अपने परिवार के साथ जर्जर हालत में पड़े कच्चे मकान में जीवन यापन करने को विवस है! इस बाबत दसरथ साव ने बताया कि कई वर्षो से कच्चे मकान का मामला वर्तमान मुखिया समेत अन्य सरकारी कर्मियों को अपने जर्जर कच्चे मकान दिखाया पर कोई पहल नहीं हो पाया! बारिश का पानी सीधे घर में गिरता है दीवार इतना जर्जर है कि घर कभी भी गिर सकता है! अबुआ आवास को लेकर मुखिया द्वारा जो भी बात बताया गया सभी प्रक्रियाओं को पूरा किए फिर भी आवास का इंतजार में हीं रहें हैं! मेरा अबूआ आवास सेंसन भी हुआ पर कैसे क्या हो जाता है नाम सूची में हीं दब कर रह जाता है! अगर समय रहते हम को आवास का लाभ नही मिला और हम और हमारा परिवार किसी आकस्मिक घटना का शिकार होते हैं तो सरकारी महकमा हीं इसके लिए जिम्मेवार होगा!

## रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी ने जांगी में डीएमएफटी मद से पीसीसी पथ का किया शिलान्यास

**गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी के द्वारा सोमवार को गोला प्रखंड के मगनपुर पंचायत स्थित जांगी गांव में डीएमएफटी मद से विश्वकर्मा स्थल से लेकर सोहन करमली के घर तक पीसीसी पथ का शिलान्यास हजारीबाग सांसद मनीष जयसवाल के कर कमलों के द्वारा शिलापट्ट का अनावरण करते हुए नारियल फोड़कर किया गया।पीसीसी का निर्माण 62,16,500/रूपये की लागत से बनेगा। इस दौरान उन्होंने कहा कि आए दिन यहां लोगों को आने जाने में बहुत कष्ट होता था। इस दौरान ग्रामीण महिलाओं ने विधायक का आभार प्रकट करते हुए उनका स्वागत फुलमाला पहनाकर किया गया। मौके पर आजसू पार्टी के अंगद महतो, गौतम महतो, महावीर महतो, लखी करमाली, संवेदक बासिक अंसारी सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

## कांग्रेस पार्टी की ग्राम स्वराज यात्रा से आम जनता को समस्याओं का समाधान का वादा

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कांग्रेस पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल ग्राम स्वराज यात्रा के सफल समापन के बाद यात्रा के दौरान आम जनता से मिली जानकारी के आधार पर रामगढ़ के उपयुक्त चंदन कुमार से मिलकर जनता के समस्याओं के निदान के लिए ज्ञापन दिया प्रतिनिधि मंडल में ग्राम स्वराज यात्रा के संयोजक झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव व प्रवक्ता शांतनु मिश्रा जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुन्ना पासवान रामगढ़ नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बलराम साहू रामगढ़ प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दिगंबर गुप्ता गोला प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष संतोष सोनी आदिवासी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष गगन करमाली सेवा दल के नगर अध्यक्ष जयकुमार अग्रवाल मंडल अध्यक्ष लखेश्वर महतो मंडल अध्यक्ष गुलाम सरवर रामगढ़ नगर कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष संजीव खंडेलवाल संजय वर्मा कौसर अंसारी आदि मौजूद थे।

## गोला और बरलंगा थाना परिसर में मोहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति की हुई बैठक

**गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सोमवार को पूर्वाह्न गोला थाना परिसर में आगामी मुहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार शांडिल्य ने की। इस दौरान बैठक में मुख्य रूप से अंचलाधिकारी समरेश प्रसाद भंडारी, आरक्षी निरीक्षक पंकज कुमार, गोला थाना प्रभारी हरिपद टुडू, जिला परिषद सदस्य जलेश्वर महतो शामिल हुए। सर्वप्रथम प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बैठक में मौजूद लोगों से पर्व को लेकर जानकारी ली इसके बाद उन्होंने पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर कई दिशा निर्देश दिए। वहीं बैठक में मौजूद लोगों ने भी पर्व को लेकर पदाधिकारियों को जानकारी दी। वहीं बरलंगा थाना में थाना प्रभारी अनंत कुमार सिंह के द्वारा किया गया।मौके पर मुखिया कमाल शहजादा, जाकिर अख्तर, संतोष सोनी, प्रदीप सिंह, मो.अफरोज, एहतेशामुद्दीन, सुनील कुशवाहा, ऐनुल हक, मो. अमानुल्लाह, दुलाल चन्द्र मिश्रा , ओम प्रकाश गुप्ता, हरिहर सिंह मुंडा सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

## भुरकुंडा हांथी दाढ़ी माइंस में महिला चोरों का आतंक से परेशान सीसीएल कर्मी ने चोरी करते महिलाओं को रंगेहाथ धरदबोचा

**भुरकुंडा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ जिले के बरका सयाल क्षेत्र में महिला चोरों का आतंक,दिन के उजाले में भुरकुंडा हांथी दाढ़ी माइंस में महिला चोरों द्वारा सीसीएल कैंपस में रखें बक्सा के ताला तोड़कर महंगें महंगें बेरिंग इत्यादि हजारों रुपए के समान की चोरी कर दिन दहाड़े बिना नंबर प्लेट ओटो में ले जाया जा रहा था,इस बीच ड्यूटी पर तैनात सीसीएल कर्मी इंजिनियर अंकुर विश्वनाथ,रवी कुमार सहित इत्यादि लोगों ने रंगेहाथ धरदबोचा और सीसीएल सुरक्षा कर्मी एवं पुलिस को सूचना दी गई, मौके पर सीसीएल सुरक्षाकर्मी ने पकड़े गए सभी महिला और ओटो को थाना ले जाया गया, जहां सीसीएल विभाग द्वारा लिखित शिकायत दर्ज कराई जा रही है।पकड़े गए सभी महिला हेहल बिरहोर क्लोनी की रहने वाली है जो किसी रामगढ़ कबाड़ी वाले के लिए काम करती है। पिछले कई दिनों से इन महिला चोरों का लगातार चोरी का आतंक सुनने को मिला जो आय प्रतिदिन भुरकुंडा परियोजना क्षेत्र के विभिन्न खदानों से लोहा चोरी करने की घटना को अंजाम दे रही थी।

## चोरी की बाइक के साथ बाइक लुटेरे गिरफ्तार

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पुलिस अधीक्षक रामगढ़ को गुप्त सूचना प्राप्त हुआ कि रामगढ़ बस स्टैण्ड के आस-पास दो संदिग्ध युवक मोटर साईकिल पर किसी अपराधिक घटना को अंजाम देने के नियत से घुम रहे है। पुलिस अधीक्षक रामगढ़ के द्वारा परमेश्वर प्रसाद, अनुगण्डल पुलिस पदाधिकारी रामगढ़ के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा पुलिस अधीक्षक रामगढ़ को मिली गुप्त सूचना के आधार पर रामगढ़ बस स्टैण्ड के पास छापामारी अभियान चलाया गया। छापामारी अभियान के दौरान रामगढ़ बस स्टैण्ड के पास से दो संदिग्ध शमशेर आलम एवं नौशाद अंसारी को पकड़ा गया। पकड़ाये व्यक्तियों के पास से बरामद मोटर साईकिल के संबंध में पुछताछ करने पर ज्ञात हुआ कि मोटर साईकिल यामहा स्रेस नं0 छ्‌॥24स-3158 बोकारो जिला से चोरी की गयी है जिस पर लगा नम्बर प्लेट फर्जी है एवं अभियुक्तों के पास से नगद 19780/रूपया, दो मोबाईल फोन, 04 सीम, मास्क, मुंह ढकने वाला काला कपड़ा आदि बरामद हुआ। चोरी के मोटर साईकिल के संबंध में आगे पुछताछ करने पर गिरोह के अन्य सदस्य अब्दुल रहमान के साथ मिलकर चोरी की घटना को अंजाम देने की बात बतायी गयी। पकड़ाये दोनो अभियुक्तों के बताये अनुसार अब्दुल रहमान को ललपनिया थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है।

# मुहर्रम पर्व के मद्देनजर उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रामगढ़ :** आगामी मुहर्रम पर्व के शांतिपूर्ण आयोजन के मद्देनजर सोमवार को उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक डॉक्टर विमल कुमार की उपस्थिति में समाहरणालय सभाकक्ष में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया।बैठक के दौरान उपायुक्त चंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक डॉ बिमल कुमार ने सभी को आगामी मुहर्रम पर्व की शुभकामनाएं देते हुए शांतिपूर्ण तरीके से पर्व के आयोजन में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने की अपील की। मौके पर उपायुक्त ने बिना वैध लाइसेंस के किसी भी प्रकार के जुलूस का आयोजन नहीं करने का निर्देश दिया वहीं उन्होंने सभी लाइसेंस धारी अखाड़ों को निर्धारित रूट से ही जुलूस आयोजित करने एवं किसी भी परिस्थिति में रूट ना बदलने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि पर्व के दौरान अगर किसी भी प्रकार की कोई अफवाह सामने आती है तो इसकी जानकारी त्वरित रूप से नजदीकी थाना अथवा जिला प्रशासन को दी जाए ताकि ससमय उसपर कार्रवाई की जा सके वही उन्होंने पर्व के दौरान किसी भी तरह से सांप्रदायिक सौहार्द बिगड़ने संबंधित कोई भी गतिविधि ना होने देना तथा कोई भी प्रकार की अखबार सामने आने पर पारित इसकी जानकारी जिला कंट्रोल रूम अथवा नजदीकी प्रशासन को देने की अपील की। मौके पर उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने शांति समिति के सभी सदस्यों को जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक के दौरान जो भी जानकारी उन्हें दी जा रही हैं उन्हें अपने-अपने क्षेत्रों में सभी अखाड़ों व अन्य लोगों तक पहुंचाने की अपील की। साथ ही उपायुक्त ने जुलूस के दौरान समय व सुरक्षा का विशेष ध्यान रखने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने वैसे थानों जिनमें अब तक शांति समिति की बैठक आयोजित नहीं की गई है वहां जल्द से जल्द शांति समिति की बैठक आयोजित करने एवं संबंधित क्षेत्र के सभी अखाड़ों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति बैठक में सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा सभी प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों को उनके उनके क्षेत्रों में अलर्ट मोड पर रहने, संवेदनशील क्षेत्रों में नियमित गश्ती करने एवं हर गतिविधि पर पैनी नजर रखने का निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने सोशल मीडिया पर विशेष ध्यान रखते हुए किसी भी प्रकार की अफवाह सामने आने पर त्वरित कार्रवाई करने व किसी भी प्रकार से सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

## मुहर्रम को लेकर भदानीनगर ओपी में शांति समिति की हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भुरकुंडा :** भदानीनगर ओपी परिसर में सोमवार को मुहर्रम के मद्देनजर शांति समिति की बैठक ओपी प्रभारी संजय कुमार की अध्यक्षता में हुई। बैठक में शांति समिति, निगरानी समिति और विभिन्न मुहर्रम कमेटी के लोग शामिल रहे। बैठक में ओपी प्रभारी संजय कुमार रजक ने मुहर्रम में निकलने वाले जुलूस के रूट की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जुलूस पूर्व निर्धारित रूट पर ही निकाला जाए, जुलूस के दौरान शरारती तत्वों पर निगाह रखें, सोशल मीडिया पर किसी प्रकार का विवादित पोस्ट न डालें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी पुलिस को तत्काल दें। उन्होंने कहा कि सभी मिलजुलकर सौहार्दपूर्ण माहौल में मुहर्रम मनाएं। पुलिस सहयोग के लिए पूरी तरह से तत्पर है। शांति व्यवस्था भंग करनेवालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में एसआई नूतन तिर्की, रामफल बेदिया, जगदीश बेदिया, टिकेशर महतो, आज़ाद अंसारी, रहीश अंसारी, शेरशाह आलम, जिलानी अंसारी, मंजूर अंसारी, मो आलम, जबर अंसारी, हमीद रशीद, अलाउद्दीन, इमामुल अंसारी, यासीन, अली नूर आलम, निजामुद्दीन, अब्दुल खलील, मुख्तार अंसारी, देवेंद्र सिंह, रुस्तम अंसारी, जमुना प्रसाद भोलटा, वहाब अंसारी सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे।

# उरीमारी पुल से 75 फिट नीचे नदी में गिरी सीसीएल की बोलेरो गाड़ी, ड्राइवर घायल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**उरीमारी :** जाको राखे साइयां मार सके ना कोई यहां कहावत चरितार्थ होता नजर आ रहा है। मामला सयाल और उरीमारी को जोड़ने वाले दामोदर नदी पुल पर सोमवार को साढ़े चार बजे घटी घटना का है। जहां सयाल से उरीमारी कि ओर तेज रफ्तार से जा रहे सीसीएल में चल रही बोलेरो गाड़ी जेएच01 डि क्यू 3420 असंतुलित होकर उरीमारी दामोदर नदी पुल से लगभग 75 फिट निचे नदी में जा गिरी। वहीं इस घटना में बोलेरो गाड़ी के परखच्चे उड़ गए। पर घटना में बोलेरो चालक उरीमारी हेसाबेडा निवासी सुरज बेसरा पिता धनीराम बेसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं बताया गया कि उक्त बोलेरो सौंदा बी साइडिंग मैनेजर नरेश वर्मा के अन्दर चलता है। घटना के प्रत्यक्षदर्शी लोगों ने बताया कि बोलेरो चालक पुरी तरह नशे में धुत था। गाड़ी कि गति तेज होने के कारण उरीमारी पुल पर बने गार्डवाल को तोडते हुए गाड़ी नदी में जा गिरी। वही सयाल निवासी समाजसेवी बिरेंद्र पासवान सयाल से उरीमारी कि ओर जा रहे थे। तभी उन्होंने देखा कि उरीमारी पुल से एक बोलेरो गाड़ी निचे नदी में गिरी है। उन्होंने तुरंत घटनास्थल पर पहुंच घायल युवक को अपने मोटरसाइकिल पर बैठाकर इलाज हेतु सयाल अस्पताल पहुंचाया। जहां डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज हेतु रामगढ़ सदर अस्पताल भेज दिया।जहां उसकी स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है।

## मारवाड़ी युवा मंच रामगढ कैंट शाखा का 9 दिवसीय कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मारवाड़ी युवा मंच रामगढ कैंट शाखा का सोमवार को 9 दिवसीय कार्यक्रम के तहत पहला कार्यक्रम झारखंड प्रांत के पूर्व प्रथम अध्यक्ष गोविंद मेवाड़ के सम्मान में किया गया जिसके तहत जरूरतमंदों के बीच रेनकोट एवं छाता वितरण किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ गोविंद मेवाड़ को पुष्पगुच्छ देकर उनके हाथों द्वारा वितरण किया गया। मारवाड़ी युवा मंच द्वारा करीब 100 छातो एवं रेनकोट का वितरण किया गया। यह कार्यक्रम मेन रोड सुभाष चौक में आयोजित किया गया था।मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष आशीष अग्रवाल एवं मीडिया प्रभारी राहुल अग्रवाल ने बताया इस 9 दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत हम अपने झारखंड प्रांत के अब तक के 9 पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष के सम्मान में समाज जन सेवा को समर्पित कर रहे है।उन्होंने आगे विस्तृत जानकारी देते हुए बताया इस 9 दिवसीय कार्यक्रम में प्रत्येक दिन अलग अलग जन सेवा, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा सेवा, रोजगार सेवा, खेलकूद विकास सेवा, आदि थे ।


### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल सं०–02, गढ़वा

**Cancellation (रद्द)**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि ई–निविदा सूचना संख्या– RDD/ SD/GARHWA/02/2024-25,PR No.328462 Rural Development(24-25):D द्वारा आमंत्रित निविदा के ग्रुप सं0–17, 19, 20, 21, 22 एवं ग्रुप सं0–23 को अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है। शेष सभी ग्रुप यथावत् बनी रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल सं0–02,
गढ़वा।

PR.NO.329646 Rural Development(24-25):D



### Civil Surgeon-cum-CMO Simdega
### Department of Health, Medical Education & Family Welfare
### Government of Jharkhand

**Procurement Notice**

**E- Tender No – 04/2024-25 Dated – 13.07.2024**

Procurement cell In charge on behalf of Civil Surgeon-cum-CMO, Simdega, Jharkhand invites Tender from eligible bidders for entering into rate contract for including supply & installation of **Clinical Materials, Tools and Equipment's** Blank tender documents with detailed conditions can be obtained through website www.simdega.nic.in / www.jharkhandtender.gov.in and hard copies of technical bid and financial bid should be submitted to the department on and before declared due date.

| Sl. No | Particulars | Details |
|---|---|---|
| 1 | Name of the work | **Clinical Materials, Tools and Equipment's** |
| 2 | Date of Publication of Tender on website | 15.07.2024 (The intending bidder may visit website:www.simdega.nic.in/ www.jharkhandtender.gov.in |
| 3 | Last date of receipt of Bids from intended bidders | On 30.07.2024 latest by 03.00 P.M. |
| 4 | Pre-Bid Meeting for discussion on various technical issues regarding term & conditions, specification Etc | 18.07.2024 **By 11:00 AM** |
| 5 | Date/Time for receipt of bids on website | **15.07.2024 to 30.07.2024 By 3:00 PM** |
| 6 | Hard Copy of Technical Bid should be Submitted In Office of Civil Surgeon-cum-CMO Simdega | Last Dated of Hard Copy Documents Submission Time:02.30 PM Dated 30.07.2024 Last Dated of Online Submission of Tender:03.00PM Dated 30.07.2024 |
| 7 | Bid Opening Date | 31.07.2024 |

Note: The specified dates and time may change due to declaration of holidays or any other unforeseen circumstances. The same shall be informed through web-portal as and when required.

Procurement In charge
Civil Surgeon-cum-CMO Simdega

PR 329594 (Health Med Edu and Family Welfare) 24-25 (D)



### उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, लातेहार
(पर्यटन)

**अति अल्पकालीन निविदा**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि से DMFT मद के अंतर्गत सभी पर्यटन स्थलों पर **ELECTRIC VEHICLE CHARGING STATIONS (EVCS)** का अधिष्ठापन किया जाना है। उक्त कार्य के लिए दर निर्धारण हेतु इच्छुक आपूर्तिकर्त्ता/कम्पनी/फर्म/पार्टनरशिप से अति अल्पकालीन निविदा के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। नियम एवं शर्तें तथा अन्य जानकारी कार्यालय के सूचना पटट अथवा लातेहार जिला के वेबसाइट Latehar.nic.in से प्राप्त की जा सकती है :–

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा समर्पित करने की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक 26.07.2024 को समय 02:00 अप0/पूर्वा0 तक |
| 2 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक 26.07.2024 को समय 03:00 अप0/पूर्वा0 तक |
| 3 | निविदा खोलने का स्थान | समाहरणालय, लातेहार के सभागार में |
| 4 | समर्पित की जाने वाली सभी दस्तावेजों का हार्ड कापी एवं डिमाण्ड ड्राफ्ट का मूल प्रति एवं नमूना कार्यालय में प्राप्त करने की तिथि एवं समय | दिनांक 26.02.2024 समय 03:00 बजे |

जिला पर्यटन नोडल पदाधिकारी,
लातेहार।

PR 329639 Tourism, Art Culture Sports And Youth Affairs (24-25)D



### झारखण्ड सरकार
### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग

**ई– अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा सं0 :– **RDSPL/SD/HZB/06/2024-25**

1.कार्य की विस्तृत विवरणी:

| ग्रुप सं0 | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | RDSPL/SD/HZB /06/2024-25 | बड़कागांव | Miscellaneous work in Megalithic park at Barkagaon. | 9867700.00 | 197400.00 | 10000.00 | 9 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 22.07.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 22.07.2024 से दिनांक 30.07.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –01.08.2024 अपराह्न 4:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9430154806
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,हजारीबाग

PR 329656 Rural Development(24-25).D



### कार्यालयः– जिला शिक्षा अधीक्षक, सिमडेगा
समाहरणालय भवन, 'सी' ब्लॉक, ग्राउण्ड फ्लोर, खुँटीटोली, सिमडेगा
Email Id- simdegamdm@gmail.comFax &Phone : 06525-226448

**आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि माननीय उच्च न्यायालय झारखण्ड राँची द्वारा एल0 पी0 ए0 संख्या – 203/2022 एवं अन्य संबंध तथा सदृश्य वादों में पारित न्यायादेश के अनुपालन के क्रम में विभागीय संकल्प संख्या 283 दिनांक 28.02.2024 के द्वारा कांउसिलिंग हेतु सिद्धांतों का निरूपण एवं कंडिका–13 में शर्तों का निर्धारण किया गया है, तथा संकल्प की कंडिका–14 के आलोक में निदेशक, प्राथमिक शिक्षा, झारखण्ड राँची के पत्रांक 771 दिनांक 13.06.2024 एवं 786 दिनांक 19.06. 2024 में निहित निदेश के आलोक में झारखण्ड प्रांरभिक शिक्षक नियुक्ति नियमावली–2012 (यथा संशोधित) एवं सिमडेगा जिला हेतु पूर्व प्रकाशित विज्ञापन संख्या 03/2015 एवं 04/2015 द्वारा विज्ञापित पदो पर दिनांक 03.06.2019 को आयोजित अंतिम काउंसिलिंग के उपरांत अवशेश रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु अंतिम काउंसिलिंग का कार्यक्रम निम्नवत् निर्धारित किया गया है। जिसमें "आवेदक द्वारा उपर्युक्त विज्ञापन के आलोक में पूर्व में समर्पित आवेदन के क्रम में (पारा/गैर–पारा कोटि, जिसके लिए भी उनके द्वारा आवेदन किया गया हो, यदि दोनो कोटि में अलग–अलग आवेदन किया गया हो, तो अलग–अलग साक्ष्य–स्पीड पोस्ट/निबंधित डाक की छायाप्रति सहित) दावा आवदेन प्राप्त करने का निदे[illegible]ा निर्गत किया गया है", को निदेशक, प्राथमिक शिक्षा, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 363 (विधि) दिनांक 11.07.2024 के द्वारा यह प्रावधान किया गया है कि आवेदक द्वारा दावा आवेदन समर्पित करने के क्रम में साक्ष्य के रुप से स्पीड पोस्ट/निबंधित डाक की छाया प्रति की अनुपलब्धता की स्थिति में आवेदक अपना दावा आवेदन के साथ पूर्व में आवेदन किए जाने संबंधी आशय का शपथ पत्र संलग्न करेगें शपथ पत्र में आवेदक अपना नाम, पिता का नाम, स्थायी पता, कोटि आदि का उल्लेख करेगें।

पत्राचार का पता– कार्यालय – जिला शिक्षा अधीक्षक सिमडेगा
समाहरणालय भवन, 'सी' ब्लॉक ग्राउण्ड फ्लोर खुंटीटोली सिमडेगा – 835223

कांउसिलिंग से संबंधित विस्तृत सूचना एवं शर्तें सिमडेगा जिले के आधिकारिक वेबसाईट **www.simdega.nic.in** पर देखा जा सकता है।

जिला शिक्षा
अधीक्षक,

PR 329615 Primary Education(24-25)#D



### झारखण्ड सरकार
### कार्यालय: जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, लोहरदगा

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

निदेशक मत्स्य, झारखण्ड राँची के पत्रांक 219/दिनांक 05.02.2024 के आलोक में वित्तीय वर्ष 2024–25 में तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास एवं जीर्णोद्धार योजना अंतर्गत विज्ञापन प्रकाशन कराने का निदेश प्राप्त है, लोहरदगा जिला के प्रशिक्षित मत्स्य बीज उत्पादको को जाल/हापा उपलब्ध कराने हेतु आपूर्तिकर्त्ता से मुहरबंद निविदा आमांत्रित की जाती है।

1. निविदा की राशि – 4.40/– (चार लाख चालीस हजार) रू0 मात्र।
2. अग्रधन की राशि – 8800.00 (आठ हजार आठ सौ) –रू0 डिमांड ड्राफ्ट जो राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी के पदनाम से हो एवं लोहरदगा में भुगतेय हो।
3. निविदा प्राप्ति का स्थान एवं अतिम तिथिः– जिला मत्स्य कार्यालय, लोहरदगा दिनांक 22.07.2024 को पूर्वाह्न 11:30 बजे तक निविदा स्वीकार किया जाएग।
4. निविदा खुलने की तिथि एवं समय – 22.07.2024 एवं अपराह्न 12:00 बजे।
5. निविदा खुलने का स्थान – उप विकास आयुक्त, लोहरदगा के कार्यालय कक्ष में।
6. दिनांक 22.07.2024 को अपराह्न 12:00 बजे उपायुक्त महोदय, लोहरदगा द्वारा गठित समिति के समक्ष निविदा खोली जाएगी।
7. निविदा की विस्तृत शर्तें कार्यालय के सूचनापट्ट पर कार्यालय अवधि/एवं lohardaga.nic.in में देखा जा सकता है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह– मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
लोहरदगा।

PR.NO.329609 Fish(24-25):D



### कार्यालय, जिला पशुपालन पदाधिकारी, रामगढ़।
New Collectorate Building Ground Floor, Block-c, Chhatarmandu, Ramgarh. Pin-825101.
Phone No. – 06553-291183 G-Mail = dahoahyram@gmail.com

**सूचना**

सरकार के सचिव कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (पशुपालन प्रभाग) झारखण्ड राँची के राज्यादेश संख्या–13 रा0 (वि0) दिनांक–01.07.2024 के आलोक में वित्तीय वर्ष 2024–25 में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना अन्तर्गत पशुपालन प्रक्षेत्र की योजना/कार्यक्रमों के लिए रामगढ़ जिला के पात्र लाभुक वर्ग का ग्राम सभा द्वारा चयन किया जाना है। ग्राम सभा की अनुशंसा के साथ पूर्ण विवरण सहित आवेदन संबंधित प्रखण्डों के प्रखण्ड स्तरीय समिति के माध्यम से जिला पशुपालन पदाधिकारी, रामगढ़ द्वारा आमंत्रित किया जाता है।

| क्रसं | कार्यक्रम/योजना का नाम | योजना लागत | अनुदान प्रतिशत | लक्ष्य | लाभुक वर्ग |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बकरा विकास योजना (4+1) | 24800/– | 75% अधिकतम 18600/– | 658 | अन्य सभी वर्ग के लाभुकों को |
| | | | 90% अधिकतम 22320/– | 376 | अनु0 ज0जा0/अनु0 जा0/असहाय विधवा औरतें/दिव्यांग/निःसंतान दम्पति (जिसका उम्र कम से कम 50 वर्ष हो) |
| 2 | सूकर विकास योजना (4+1) | 57800/– | 75% अधिकतम 43350/– | 144 | अन्य सभी वर्ग के लाभुकों को |
| | | | 90% अधिकतम 52020/– | 62 | अनु0 ज0जा0/अनु0 जा0/असहाय विधवा औरतें/दिव्यांग/निःसंतान दम्पति (जिसका उम्र कम से कम 50 वर्ष हो) |
| 3 | बैक्यार्ड लेयर (लो इनपुट लेयर कुक्कुट पालन) की योजना (400) | 118200/– | 75% अधिकतम 88650/– | 78 | अन्य सभी वर्ग के लाभुकों को |
| | | | 90% अधिकतम 106380/– | 42 | अनु0 ज0जा0/अनु0 जा0/असहाय विधवा औरतें/दिव्यांग/निःसंतान दम्पति (जिसका उम्र कम से कम 50 वर्ष हो) |
| 4 | ब्रायलर कुक्कुट पालन योजना (500) | 67500/– | 75% अधिकतम 50625/–रू0 | 145 | अन्य सभी वर्ग के लाभुकों को |
| | | | 90% अधिकतम 60750/–रू0 | 76 | अनु0 ज0जा0/अनु0 जा0/असहाय विधवा औरतें/दिव्यांग/निःसंतान दम्पति (जिसका उम्र कम से कम 50 वर्ष हो) |
| 5 | बत्तख चुजा वितरण की योजना (15) | 1700/– | 75% अधिकतम 1275/–रू0 | 698 | अन्य सभी वर्ग के लाभुकों को |
| | | | 90% अधिकतम 1530/–रू0 | 388 | अनु0 ज0जा0/अनु0 जा0/असहाय विधवा औरतें/दिव्यांग/निःसंतान दम्पति (जिसका उम्र कम से कम 50 वर्ष हो) |
| | कुल | | | 2667 | |

सादे कागज पर आवेदन का प्रारुप संबंधित BAHO/TVO के पास निःशुल्क उपलब्ध है।

**पशुपालन क्षेत्र की योजना के लिए लाभुक चयन हेतु अहर्ता एवं शर्तें :–**

1. पशुपालक झारखण्ड राज्य के रामगढ़ जिला के स्थानीय निवासी होना अनिवार्य है।
2. मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना अन्तर्गत लाभुकों का चयन ग्राम सभा/पंचायत स्तरीय समिति की अनुशंसा प्राप्त करते हुए **प्रखण्ड स्तरीय समिति** के अनुशंसा के उपरांत चयनित लाभुकों की सूची **जिला स्तरीय समिति** को उपलब्ध कराई जाएगी। तत्पश्चात् जिला स्तर पर उपायुक्त की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा अन्तिम रुप से लाभुको का चयन किया जाएगा।
3. लाभुकों के चयन के साथ योजनानुसार आवश्यक पशु शेड हेतु भी अनुशंसा संबंधित ग्राम सभा/पंचायत स्तरीय समिति द्वारा निश्चित रुप से किया जाएगा
4. योजनान्तर्गत पशु/पक्षी के निवास के लिए शेड, आवास आदि की व्यवस्था मनरेगा के अभिसरण (Convergence) के तहत की जाएगी।
5. प्रखण्ड स्तरीय समिति में प्रखण्ड प्रमुख (अध्यक्ष), प्रखण्ड विकास पदाधिकारी (उपाध्यक्ष), प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी, (संयोजक सदस्य), प्रखण्ड कल्याण पदाधिकारी (सदस्य), स्थानीय विधायक या उनके प्रतिनिधि (सदस्य) संबंधित जिला परिषद सदस्य (सदस्य) होंगे।
6. जिला स्तरीय समिति में उपायुक्त (अध्यक्ष), उप विकास आयुक्त (उपाध्यक्ष), विधायक या उनके प्रतिनिधि (सदस्य), जिला परिषद अध्यक्ष द्वारा नामित जिला परिषद सदस्य (सदस्य) जिला कल्याण पदाधिकारी/PD.ITDA (सदस्य), जिला पशुपालन पदाधिकारी (संयोजक सदस्य), जिला गव्य पदाधिकारी (सह संयोजक सदस्य), JSLPS के प्रतिनिधि/जिला प्रोग्राम मैनेजर (सदस्य) होंगे।
7. विगत्त पाँच वर्षों में जिन परिवारों (JSFSS/NFHS) अन्तर्गत परिभाषित) द्वारा अनुदान का लाभ लिया गया है उन्हे पुनः अनुदान अनुमान्य नहीं होगा।
8. मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना अन्तर्गत चयनित प्रत्येक लाभुकों का Escrow Account संबंधित DAHO के द्वारा अनिवार्य रुप से खोला जएगा एवं अनुदान की राशि Escrow Account में हस्तांतरित की जाएगी। अंतिम रुप से चयनित होने के उपरांत लाभुकों को भी अपना अंशदान Escrow Account में (01) एक माह के अन्दर जमा करना अनिवार्य होगा। लाभुक अंशदान जमा होने के उपरांत ही लाभुकों को पशुओं के क्रय/प्राप्त करने की अहर्ता प्राप्त होगी। पंचायत स्तरीय समिति/ग्राम सभा के द्वारा लाभुक अंशदान संबंधित Escrow Account में जमा करना सुनिश्चित किया जाएगा। पशुधन/पक्षी इत्यादि के आपूर्ति के उपरांत लाभुक अंशदान एवं अनुदान की राशि एकमुश्त अपूर्तिकर्ता के बैंक खाता में हस्तांतरित की जाएगी।
9. विगत वर्ष 2023–24 अंतिम रुप से चयनित लाभुक जिनका DBT नहीं हो सका : सूची पर वर्तमान समय में लाभुक की पात्रता एवं योजना लेने इच्छा, वर्ष 2024–25 के लिए विचारणीय होगा।
10. बत्तख चूजा वितरण की योजना से लाभन्वित लाभुकों को भी मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजनान्तर्गत अन्य योजनाएं (यथा बकरा विकास, सूकर विकास, बैक्यार्ड लेयर/लो इनपुट लेयर कुक्कुट पालन की योजना तथा ब्रायलर कुक्कुट पालन ईकाई की योजना) के लिए योग्य माने जायेंगे। जबकि बकरा विकास, सूकर विकास, बैक्यार्ड लेयर/लो इनपुट लेयर कुक्कुट पालन की योजना तथा ब्रायलर कुक्कुट पालन ईकाई की योजना में से किसी भी योजना का लाभ मिलने पर लाभुक अन्य योजनाओं के लिए योग्य नहीं होंगे।
11. **नोट :– उपरोक्त योजनाओं में दिनांक–27.07.2024 तक आवेदन करने एवं अधिक जानकारी हेतु संबंधित प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी/भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी/जिला पशुपालन कार्यालय, रामगढ़ से सम्पर्क किया जा सकता है।**

निवेदक
ह०/–
जिला पशुपालन पदाधिकारी ,रामगढ़।

PR 329678 (Animal Husbandry) 24-25 (D)

## पुल के नीचे गिरा टैंकर, बाल-बाल बचे चालाक

**बगोदर(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बगोदर थाना क्षेत्र के औंरा पुल रिलिंग से टक्कराई टैंकर बाल बाल बचे चालक टैंकर केबिन पुल के नीचे झुल गया घटना को लेकर बताया जाता है बरही की और आ रही टैंकर पुल के रिलिंग से टकराते हुए पुल के निचे टैंकर का केबिन नीचे झुल गया इस दौरान पुल के नीचे चालाक गिर गया हलाकि ग्रामीणों के सहयोग से चालाक को नदी से ऊपर कर प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया । घटना के बाद ग्रामीणों की काफी भीड़ लग गई। वहीं बगोदर पुलिस ने कैरान के सहारे से टैंकर को पुल के निचे बाहर किया जाने का प्रयास जारी था तीन कैरान लगाया गया था




## लर्न एंड प्ले स्कूल में बच्चों ने लगाए पौधे अभिभावकों ने लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** ग्रीन लाइफ झरिया एवं यूथ कॉन्सेप्ट के संयुक्त तत्वावधान में चल रहे मिशन दस हजार पौधारोपण के तहत सोमवार को फुलरीबाग झरिया स्थित लर्न एंड प्ले स्कूल के बच्चों ने विद्यालय परिसर में आंवला, अमरूद, गोल्डमोहर, शीशम, नारियल, बेल आदि के पौधे लगाए। पौधे के सामने लगाने वालों के नाम का बोड लगाया गया। बच्चों को पौधे के लाभ के बारे में बताया गया। मौके पर बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित थे। मौके पर उपस्थित समाजसेवी अविनाश शर्मा ने कहा कि बच्चों को पर्यावरण संरक्षण का संस्कार देने की आवश्यकता है ताकि आने वाली पीढ़ी पेड़ पौधों की रक्षा कर सके। उन्होंने कहा की इस विद्यालय में खेल खेल में जीवन शैली को बच्चों के जेहन में डालने का प्रयास किया जा रहा है। विद्यालय के निदेशक आयुष कुमार शर्मा ने कहा कि इन पौधों को बच्चों की तरह ही देख भाल की जाएगी ताकि हमारे बच्चे प्राकृतिक वातावरण में शिक्षा प्राप्त कर सकें। विद्यालय परिसर में ग्रीन लाइफ के संयोजक डॉ मनोज सिंह, यूथ कॉन्सेप्ट के संयोजक अखलाक अहमद, अविनाश शर्मा, आयुष कुमार शर्मा, अनिल जैन, शिक्षिका ज्योति प्रसाद, अनुराधा शर्मा, पेरेंट्स - सुभाजित मंडल, रवि साहू, पंकज रजक, दिलीप विश्वकर्मा, रोहित रजक, रुद्रारजक, धनविका, ज्ञान, जानवी, विशाल, विधान, सौम्यदीप मंडल, कृष, सक्षम, सनी रवानी ने अपने नाम पर एक एक पौधे लगाए।

## 108 दयाल राधा कृष्ण मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह भक्तिमय माहौल में हुआ संपन्न



**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** धनबाद जिला के धनबाद बाघमारा प्रखंड अंतर्गत महुदा मोड़ कांड्रा में 108 दयाल राधा कृष्ण मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह भक्तिमय माहौल में हुआ संपन्न । मंदिर परिसर में गिरिडीह और धनबाद के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी व ढुलू महतो ने मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना की और क्षेत्र की सुखशांति और तरक्की के लिए कामनाएं की। राधा कृष्ण रथ के साथ ढोल नगाड़े के साथ नगर भ्रमण किया गया ,जिसमे सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी शामिल हुए। पूजा के अंतिम दिन सांसद ढुलू महतो के भाई सह प्रतिनिधि शरथ महतो ने भी मंदिर पहुंच कर पूजा अर्चना किया। तीन दिवसीय 108 दयाल राधा कृष्ण मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अंतिम दिन आचार्य ने यजमान पूर्व मुखिया धनेश्वर महतो और उनकी पत्नी वर्तमान मुखिया रिंकू देवी, शिवा महतो और उनकी पत्नी सोनिया देवी के साथ पूजा अर्चना करते हुए प्राण प्रतिष्ठा पूजन किया गया। अंतिम में ब्राह्मण भोजन और प्रसाद वितरण किया गया।

### ई0 प्रोक्यूरमेंट सेल, कार्यपालक अभियता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–02, रॉची

**अल्पकालिन ई–प्रोक्योरमेन्ट नोटिस**

ई–टेन्डर रेफरेन्स नं0–02/2024-25/EE/BCD/DIV-2,RANCHI.दिनांक–15.07.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | Supplying and Installation of Wi-Fi Network at Ground Floor to Second Floor of Advocate Block 1, Ground Floor of Advocate Block 2, and First Floor of Typist Block 2 Building in the Campus of New High Court, Dhurwa, Ranchi. |
| 2. | प्राक्कलित राशि (रू0) | राशि रू0 70,40,700.00/– ( सत्तर लाख चालिस हजार सात सौ ) रूपये मात्र। |
| 3. | कार्य पूर्ण की अवधि | 1 (एक) माह |
| 4. | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 22.07.2024 को 11:00 बजे |
| 5. | बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय | 07.08.2024 को 11:00 बजे तक |
| 6. | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–02, रॉची। |
| 7. | निविदा खोलने की तिथि/समय एवं स्थान | 08.08.2024 को 11:30 बजे नोडल पदाधिकारी, ई0 प्रोक्यूरमेंट सेल, अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल संख्या–02, रॉची। |
| 7. | प्रोक्योरमेन्ट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 6203309676 |
| 8. | ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 7992430721 |

9. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
10. सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेस विभाग, झारखण्ड, सरकार के आदेश ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के द्वारा निर्गत SOP (मानक संचालन प्रकिया) एवं भवन निर्माण विभाग, झारखण्ड, सरकार के पत्रांक 2229 दिनांक 06.10.2023 के आलोक में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल **Online Mode** द्वारा स्वीकार्य होगी।
11. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, SOP के तहत अग्रधन की राशि उसी खाते में वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी संपूर्ण जवाबदेही निविदादाता की होगी।

- अन्य किसी भी प्रकार के बदलाव की सूचना http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

Note:- UCAN Registration is mandatory for the Bidders.

कार्यपालक अभियंता
भवन निर्माण विभाग,
भवन प्रमण्डल संख्या–02, रॉची।

PR 329657 (Building) 24-25 (D)

# मुहर्रम : 16 जुलाई की दोपहर 2:00 बजे से 18 जुलाई की सुबह 6:00 बजे तक कार्यरत रहेगा जिला नियंत्रण कक्ष

## सभी थाना व ओपी में रहेंगे दंडाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी

**1** 7 जोनल दंडाधिकारी व पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति

**2** जिला नियंत्रण कक्ष का दूरभाष संख्या 2311217, 2311807 व 100

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** इस वर्ष मुहर्रम 17 जुलाई 2024 को मनाये जाने की संभावना है। मुहर्रम को शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा, वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन तथा अपर समाहर्ता (विधि व्यवस्था) हेमा प्रसाद ने संयुक्त आदेश जारी कर जिले को 7 जोन में बांटा है। मुहर्रम के अवसर पर जिले को धनबाद, कतरास, चिरकुंडा, झरिया, गोविंदपुर, टुंडी एवं तोपचांची ज़ोन में बाटा गया है। सभी जोन में जोनल दंडाधिकारी एवं वरीय पुलिस पदाधिकारी तथा सभी थाना व ओपी में पुलिस पदाधिकारी के साथ दंडाधिकारी मौजूद रहेंगे।

## सुनीता सिंह का महिला कल्याण संगठन की ओर से किया गया स्वागत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हाजीपुर :** पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन की नवागंतुक अध्यक्षा सुनीता सिंह के प्रथम बार पटना आगमन पर महिला कल्याण संगठन की ओर से उनका स्वागत किया गया। सुनीता सिंह आगरा विश्वविद्यालय से अंग्रेजी साहित्य में स्नातक एवं एमए की डिग्री पूरी की हैं तथा एमए में गोल्डमेडलिस्ट हैं। आप चक्रधरपुर मंडल में महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा तथा दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर में महिला कल्याण संगठन की महासचिव रह



चुकी हैं। आपके कार्यकाल में महिला कल्याण संगठन द्वारा विभिन्न सामाजिक उत्थान गतिविधियों जैसे स्कूलों की बेहतरी और महिला प्रशिक्षण केन्द्रों की स्थापना एवं सुधार इत्यादि जैसे कार्यक्रमों का सफलतापूर्वक कार्यन्यवन किया गया। आप नृत्य, संगीत, कला, पुस्तकों जैसे रचनात्मक अभिव्यक्ति के विभिन्न रूपों को प्रोत्साहित करती हैं। बागवानी और फूलों की बेहद शौकीन हैं। साथ ही यात्रा करना तथा नई संस्कृतियों के बारे में उनके स्मारकों, वस्त्रों और भोजन के माध्यम से सीखने में विशेष रूचि रखती हैं । विदित हो कि पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन जनहित कार्यों में हमेशा रचनात्मक सहयोग देता है ।

### कार्यालय, जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, हजारीबाग

(जिला निर्वाचन शाखा)

–: **मतदान केन्द्र के नाम परिवर्तन की आम सूचना** :–

मतदाता सूची का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के पूर्व पुनरीक्षण गतिविधि के क्रम में मतदान केन्द्रों के भौतिक सत्यापन के पश्चात् निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों से प्राप्त प्रस्ताव के आलोक में निर्वाची पदाधिकारी की हस्तपुस्तिका–2023 के अध्याय–2 के कंडिका 2.11.1 के आलोक में 20–बरकट्ठा, 21–बरही एवं 24–माण्डू विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के निम्नलिखित मतदान केन्द्रों के (Nomenclature) नाम में संशोधन की स्वीकृति दी गयी है। मतदान केन्द्रों के नाम में यह परिवर्तन विद्यालय/सरकारी भवनों के विलय/उत्क्रमण के कारण हुआ है, इसमें भवन के स्थान में कोई परिवर्तन नहीं है। नाम परिवर्तन वाले मतदान केन्द्रों की सूची निम्नवत् आम सूचनार्थ प्रकाशित की जा रही है :–

| क्र0 | विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र संख्या एवं नाम | मतदान केन्द्र संख्या | वर्तमान में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचित मतदान केन्द्र का नाम | नाम संशोधन हेतु प्रस्तावित मतदान केन्द्र का नाम | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 20–बरकट्ठा | 2 | उत्क्रमित मध्य विद्यालय, बिरसोडीह | उत्क्रमित मध्य विद्यालय, बिरसोडीह (पश्चिम भाग) | नाम में आंशिक परिवर्तन के कारण |
| 2 | 20–बरकट्ठा | 12 | मध्य विद्यालय, कांको (पूर्वी भाग) | मध्य विद्यालय, कांको | नाम में आंशिक परिवर्तन के कारण |
| 3 | 21–बरही | 172 | उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय, छतारा दक्षिण भाग | उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय, छतारा | नाम में आंशिक परिवर्तन के कारण |
| 4 | 24–माण्डू | 29 | म0वि0 चरही, नया भवन | म0वि0 चरही, प0 भाग | नाम में आंशिक परिवर्तन के कारण |

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–उपायुक्त, हजारीबाग।

PR 329665 Election(24-25)D

### समाहरणालय, खूँटी (जिला भू–अर्जन शाखा)

**–:आदेश:–**

भूत हुटार लोधमा नगड़ी पथ चौड़ीकरण परियोजना के लिए मौजा बेलांगी, थाना न0 228, मौजा चॉपी, थाना न0 125, मौजा गुटजोरा, थाना न0 163, मौजा तिग्गा, थाना न0 236, मौजा खिजुरी, थाना नं0 230, अंचल खूँटी एवं कर्रा, जिला खूँटी का भूमि अधिग्रहण हेतु दिनांक 19.08.2023, 19.08.2023, 25.07.2023, को प्रारंभिक अधिसूचना धारा 11(1) की जा चुकी है।

झारखण्ड भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार नियमावली, 2015 का नियम 25 (1),(2),(3),(4) के तहत पुर्नवासन एवं पुनर्व्यवस्थापन स्कीम के तहत निम्नलिखित तिथि को भू–अर्जन पदाधिकारी, खूँटी के नेतृत्व में जनसुनवाई का आयोजन किया गया है।

| क्र0 | तिथि | अंचल | मौजा | थाना सं0 | समय | स्थल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 30.07.2024 | खूँटी | बेलांगी | 228 | 11:00 पूर्वाहन | बेलांगी, इमली पेड़ के पास |
| 2 | 30.07.2024 | खूँटी | गुटजोरा | 230 | 02:00 अपराहन | सामुदायिक भवन, गुटजोरा |
| 3 | 31.07.2024 | कर्रा | तुमना | 127 | 11.00 पूर्वाहन | सामुदायिक भवन, तुमना |
| 4 | 31.07.2024 | कर्रा | चॉपी | 125 | 02:00 अपराहन | सामुदायिक भवन, चॉपी |
| 5 | 01.08.2024 | कर्रा | तिग्गा | 163 | 11.00 पूर्वाहन | सामुदायिक भवन, तिग्गा |
| 6 | 01.08.2024 | कर्रा | चाँदापारा | 156 | 02:00 अपराहन | सामुदायिक भवन, चाँदापारा |
| 7 | 02.08.2024 | कर्रा | पदमपुर | 168 | 11.00 पूर्वाहन | सामुदायिक भवन, पदमपुर |
| 8 | 02.08.2024 | कर्रा | सिरका | 126 | 02:00 अपराहन | सामुदायिक भवन, सिरका |
| 9 | 03.08.2024 | खूँटी | खिजुरी | 236 | 11.00 पूर्वाहन | सामुदायिक भवन, खिजुरी |

अतः सभी संबंधित रैयतों/वार्ड सदस्यों/ग्राम प्रधान/ग्राम सभा सदस्यों/ मुखिया/ प्रमुख/ पंचायत समिति सदस्य, संबंधित प्रखण्ड से अनुरोध है कि निर्धारित तिथि एवं समय में जनसुनवाई हेतु उपस्थित होने की कृपा करेंगे।

ह0/–
प्रशासक,
पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन स्कीम
–सह– अपर समाहर्त्ता, खूँटी

PR 329624 Land Reforms(24-25)#D

### पुलिस अधीक्षक यातायात का कार्यालय, रॉची

–: **आवश्यक सूचना** :–

इस वर्ष मुहर्रम पर्व दिनांक–17.07.2024 को मनाया जाऐगा। दिनांक–17.07.2024 को रॉची शहर के विभिन्न अखाड़ों से मुहर्रम के अवसर पर जुलूस निकाली जाऐगी। दिनांक–17.07.2024 को निजी एवं यात्री वाहनों का परिचालन विभिन्न मार्गो में पूर्वाहन 10:00 बजे से जुलूस समाप्ति तक निम्न प्रकार होगा :–

01. किशोरी यादव चौक से अपर बाजार, महाबीर मंदिर चौक होकर शहीद चौक के तरफ सामान्य वाहनों का परिचालन बन्द रहेगा।
02. शहीद चौक से अपर बाजार, महाबीर मंदिर चौक के तरफ सामान्य वाहनों का परिचालन बन्द रहेगा।
03. सुभाष चौक से अपर बाजार महाबीर मंदिर के तरफ सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा।
04. कचहरी चौक से शहीद चौक, अल्बर्ट एक्का चौक आने वाले मार्ग में सामन्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा।
05. चडरी तलाब से अल्बर्ट एक्का चौक के तरफ आने वाले सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा।
06. प्लाजा चौक से अल्बर्ट एक्का चौक आने वाले मार्ग में सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा।
07. पुरूलिया रोड से सर्जना चौक आने वाले मार्ग में सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा।
08. एस0एन0 गागुंली रोड/विष्णु गली/बुद्यिया गली एवं राधेश्याम गली से मेन रोड आने वाली सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा।
09. सुजाता चौक से मेन रोड के तरफ आने वाले सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा।
10. उल हाउस के पास से मेन रोड के तरफ आने वाले सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा।
11. कर्बला चौक से रतन पी0पी0 चौक आने वाले सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा।
12. कडरू से रेडिशन ब्लू होटल होकर मेन रोड आने वाले सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा।
13. कमाण्डेन्ट आवास मोड़ से राजेन्द्र चौक आने वाले सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा।
14. मेकॉन चौक से राजेन्द्र चौक आने वाले सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा।
15. तुलसी चौक से अम्बेदकर चौक आने वाले सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा।

रॉची शहर के अन्य मार्गो में मुहर्रम जुलूस के अवसर पर यातायात को आवश्यकतानुसार डायवर्ट किया जाएगा।

पुलिस अधीक्षक, यातायात
राँची

PR 329645 Police(24-25).D

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग,पथ प्रमंडल, राँची।

**निविदा रद्द सूचना**

टेन्डर रेफरेंन्स नं0:– प0नि0वि0/राँची–03/2024–25

पथ प्रमंडल, राँची अन्तर्गत PRNo.326580 से विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित "खेलगांव से नामकोम आर. ओ.बी. पथ के कि0मी0 0.00 से कि0मी0 6.275 (कुल लम्बाई–6. 275 कि0मी0) के 4–लेन/ 2–लेन पेव्ड सोल्डर का निर्माण कार्य वर्ष 2024–25" कार्य के निविदा सूचना को अपरिहार्य वश तत्काल रद्द किया जाता है।

**कार्यपालक अभियंता**
पथ निर्माण विभाग,पथ प्रमंडल,राँची।

PR 329674 (Road Construction Dept Road Division Ranchi) 24-25 (D)

### कार्यालय, जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, हजारीबाग

(जिला निर्वाचन शाखा)

–: **मतदान केन्द्र के स्थल परिवर्तन की आम सूचना** :–

भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के पत्रांक–64/पूर्व0 अनु0–1/झार0वि0स0/2024, दिनांक 09.07.2024 द्वरा दी गई सहमति तथा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी–सह–सचिव, मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक–02/नि0म0के0पु0–18–01/2023/4214, राँची दिनांक 09.07.2024 के द्वारा दी गई संसूचना के आलोक में सूचित किया जाता है कि हजारीबाग जिला अंतर्गत 20–बरकट्ठा, 21–बरही, 24–माण्डू एवं 25–हजारीबाग विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के निम्नलिखित मतदान केन्द्रों के स्थल परिवर्तन हुए हैं :–

| क्र0 सं0 | विधान सभा क्षेत्र संख्या एवं नाम | पूर्व में अनुमोदित मतदान केन्द्र का संख्या एवं नाम | नव अनुमोदित/परिवर्तित मतदान केन्द्र का संख्या एवं नाम |
|---|---|---|---|
| 01 | 20–बरकट्ठा | 01–ऑगनबाडी केन्द्र, हरली | 01–उत्तक्रमित मध्य विद्यालय, बिरसोडीह (पूर्वी भाग) |
| 02 | 20–बरकट्ठा | 10–उत्तक्रमित प्राथमिक विद्यालय, बन्दाचक | 10–उत्तक्रमित मध्य विद्यालय, पिपराडीह (दक्षिण भाग) |
| 03 | 20–बरकट्ठा | 13–मध्य विद्यालय, कांको पश्चिम भाग | 13–उच्च विद्यालय, कांको |
| 04 | 20–बरकट्ठा | 62–उर्दू प्रा0वि0 सांथ (पुराना) | 62–परियोजना बालिका उच्च विद्यालय, जयनगर। |
| 05 | 20–बरकट्ठा | 104–अम्बेदकर भवन तैतरौन | 104–उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय, अम्बाडीह |
| 06 | 20–बरकट्ठा | 136–उ0प्रा0वि0, घुरमुण्डा | 136–उत्क्रमित मध्य विद्यालय, घुरमुण्डा |
| 07 | 20–बरकट्ठा | 309–राजकीयकृत कन्या उ0म0 विद्यालय, चौबे (पश्चिमी भाग) | 309–उत्तक्रमित +2 उच्च विद्यालय, चौबे। |
| 08 | 20–बरकट्ठा | 330–प्राथमिक विद्यालय, गोबरबन्दा उत्तरी भाग | 330–पंचायत भवन, गोबरबन्दा |
| 09 | 20–बरकट्ठा | 390–हॉली क्रॉस सामुदायिक भवन फुफुन्दी | 390–उत्तक्रमित मध्य विद्यालय गरडीह |
| 10 | 20–बरकट्ठा | 430–राजकीयकृत प्रा0 वि0 कनौदी (कमरा नं0–02) | 430–रा0उत्क्रमित मध्य विद्यालय, जमुआ |
| 11 | 20–बरकट्ठा | 451–उ0 प्रा0 वि0 करमा, उ0 भाग | 451–उत्क्रमित उच्च विद्यालय खैरा–करमा (पूर्वी भाग) |
| 12 | 20–बरकट्ठा | 452–उ0 प्रा0 वि0 करमा, प0 भाग | 452–उत्क्रमित उच्च विद्यालय खैरा–करमा (पश्चिमी भाग) |
| 13 | 21–बरही | 25–गर्ल्स प्रा0वि0 चयकला द0 भाग | 25–पंचायत भवन चयकला कमरा नं0–1 |
| 14 | 21–बरही | 26–गर्ल्स प्रा0 वि0 चयकला प0 भाग | 26–पंचायत भवन चयकला कमरा नं0–2 |
| 15 | 21–बरही | 29–पर्दानसीन गर्ल्स स्कूल जवनपुर पू0 भाग | 29–मॉडल आंगनबाडी–सह– नर्सरी स्कूल महराजगंज–01 |
| 16 | 21–बरही | 30–पर्दानसीन गर्ल्स स्कूल जवनपुर प0भाग | 30–राजकीय प्राथमिक विद्यालय जवनपुर–01 |
| 17 | 21–बरही | 159–सामुदायिक भवन चक | 159–उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय, चक |
| 18 | 21–बरही | 173–उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय, छतारा प0भाग | 173–उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय, बोंगादाग |
| 19 | 21–बरही | 209–मध्य विद्यालय, मदनगुण्डी उ0भाग | 209–पंचायत भवन, मदनगुण्डी |
| 20 | 21–बरही | 221–ऑगनबाडी केन्द्र, पथलगडा | 221–पंचायत भवन, पथलगडा |
| 21 | 24–माण्डू | 3–राजकीयकृत उ0म0वि0 रचंगा उ0भाग | 3–राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय, रचंगा नया भवन |
| 22 | 24–माण्डू | 4–राजकीयकृत उ0म0वि0 रचंगा द0भाग | 4–राजकी प्राथमिक विद्यालय, रहमदगा |
| 23 | 24–माण्डू | 65–आंगनबाड़ी केन्द्र बलसगरा - II (छोट बखरी) | 65–किसान मजदूर उच्च विद्यालय, बलसगरा |
| 24 | 24–माण्डू | 69–आंगनबाड़ी केन्द्र हुवाग - I | 69–पंचायत सचिवालय, हुवाग |
| 25 | 24–माण्डू | 94–आदर्श राजकीयकृत मध्य विद्यालय गिद्दी ए0 बालक प0 भाग | 94–नव प्राथमिक विद्यालय, टेहरा टांड़ |
| 26 | 24–माण्डू | 96–आदर्श राजकीयकृत मध्य विद्यालय गिद्दी ए0 बालक म0 भाग | 96–पंचायत सचिवालय, गिद्दी 'A' |
| 27 | 24–माण्डू | 130–सामुदायिक भवन दुरुकस्मार | 130–सामुदायिक भवन बिरहोर टोला दुरूकसमार |
| 28 | 24–माण्डू | 143–श्री गुरुनानक पब्लिक स्कूल, अमरनगर, घाटो, कमरा सं0 02 | 143–राजकीय मध्य विद्यालय वेस्ट बोकारो, नं0–9 भेलगढ़ा कमरा सं0–05 |
| 29 | 24–माण्डू | 160–नव सृजित प्रा0 वि0 पिण्डरा, पूर्वी भाग | 160–पंचायत भवन पिण्डरा |
| 30 | 24–माण्डू | 170–ओरियन इण्टरनेशनल स्कूल केदला 2 नं0 | 170–पंचायत भवन केदला, उतरी |
| 31 | 24–माण्डू | 180–.पब्लिक उच्च विद्यालय केदलानगर 9 नं0, कमरा सं0–02 | 180–उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोसी |
| 32 | 24–माण्डू | 183–आदर्श उ0वि0 लइयो, कमरा सं0–1 | 183–राजकीय मध्य विद्यालय लईयो, कमरा सं0–01 |
| 33 | 24–माण्डू | 184–आदर्श उ0वि0 लइयो, कमरा सं0–6 | 184–राजकीय मध्य विद्यालय लईयो, कमरा सं0–02 |
| 34 | 24–माण्डू | 185–आदर्श उ0वि0 लइयो, कमरा न0–2 | 185–राजकीय मध्य विद्यालय लईयो, कमरा सं0–03 |
| 35 | 24–माण्डू | 186–आदर्श उ0वि0 लइयो, कमरा सं0– 03 | 186–नव प्राथमिक विद्यालय दुधीबांध, कमरा सं0–01 |
| 36 | 24–माण्डू | 187–आदर्श उ0वि0 लइयो, कमरा सं0– 07 | 187–नव प्राथमिक विद्यालय दुधीबांध, कमरा सं0–02 |
| 37 | 24–माण्डू | 192–म0 वि0 पुण्डी, पू0भाग | 192–आंगनबाड़ी केन्द्र पुण्डी |
| 38 | 24–माण्डू | 199–मणिपाल इन्टरनेशनल स्कूल, माण्डूडीह क0 स0 02 | 199–नव प्राथमिक विद्यालय भुईयांटोला, माण्डूडीह, कमरा सं0–01 |
| 39 | 24–माण्डू | 201–मणिपाल इन्टरनेशनल स्कूल, माण्डूडीह कमरा सं0 04 | 201–नव प्राथमिक विद्यालय भुईयांटोला, माण्डूडीह, कमरा सं0–02 |
| 40 | 20–माण्डू | 211–प्रा0 वि0 तोयरा | 211–आगनबाड़ी केन्द्र तोयरा–1 |
| 41 | 24–माण्डू | 216–सामुदायिक भवन बनवार | 216–नव प्राथमिक विद्यालय बनवार |
| 42 | 24–माण्डू | 217–प्रा0 वि0 डटमा | 217–नव प्राथमिक विद्यालय पिण्डरा टोला, डटमा |
| 43 | 24–माण्डू | 231–पंचायत भवन, कुजू कमरा न0 02 | 231–नया पंचायत भवन, कुजू बाजारटांड़ |
| 44 | 24–माण्डू | 237–वन विभाग कार्यालय नया भवन कुजू प0 भाग | 237–पंचायत भवन कुजू दक्षिणी, कमरा संख्या–01 |
| 45 | 24–माण्डू | 238–वन विभाग कार्यालय नया भवन कुजू उ0 भाग | 238–पंचायत भवन, कुजू दक्षिणी, कमरा संख्या–02 |
| 46 | 24–माण्डू | 248–उत्क्रमित मध्य विद्यालय आरा पूर्वी भाग | 248–पंचायत भवन आरा उत्तरी |
| 47 | 24–माण्डू | 256–डीएवी प्रा0 वि0 सारूबेडा | 256–नव प्राथमिक विद्यालय मांझी बस्ती, सारूबेड़ा |
| 48 | 24–माण्डू | 291–उ0 म0 वि0 छोटका चुम्बा कमरा न0 1 | 291–उत्क्रमित मध्य विद्यालय बरवाडीह, छोटकाचुम्बा |
| 49 | 24–माण्डू | 310–सामुदायिक भवन सोनडीहा | 310–राजकीय प्राथमिक विद्यालय सोनडीहा |
| 50 | 24–माण्डू | 312–पंचायत भवन सोनडीहा (पुराना) | 312–आंगनबाड़ी केन्द्र, सोनडीहा (अलगडीहा) |
| 51 | 24–माण्डू | 320–म0 वि0 बड़गॉव म0 भाग | 320–तहसील भवन बड़गांव |
| 52 | 24–माण्डू | 325–प्राथमिक विद्यालय चैनपुर बस्ती (पुराना भवन) | 325–सामुदायिक भवन चैनपुर |
| 53 | 24–माण्डू | 326–प्राथमिक विद्यालय चैनपुर बस्ती (पुराना भवन) कमरा संख्या – 02 | 326–आंगनबाड़ी केन्द्र, चैनपुर |
| 54 | 24–माण्डू | 337–पटेल भवन अम्बाडीह, करमा, पू0 भाग | 337–उत्क्रमित मध्य विद्यायल, अंबाटाड़ करमा, कमरा सं0 01 |
| 55 | 24–माण्डू | 338–पटेल भवन अम्बाडीह, करमा, प0 भाग | 338–उत्क्रमित मध्य विद्यायल, अंबाटाड़ करमा, कमरा सं0 02 |
| 56 | 24–माण्डू | 343–उ0म0 वि0 रतवे प0 भाग | 343–नव प्राथमिक विद्यालय नावाटांड़ |
| 57 | 24–माण्डू | 367–उ0म0 वि0 कोल्हू, (मध्य भाग, कमरा नं0 1) | 367–उत्क्रमित मध्य विद्यालय, बेडम |
| 58 | 24–माण्डू | 378–उ0 उ0 वि0 टाटीझरिया, मध्य भाग | 378–उत्क्रमित मध्यम विद्यालय, मुरकी |
| 59 | 24–माण्डू | 481–उत्क्रमित मध्य विद्यालय, करगालो, नया भवन, पूर्वी भाग | 481–पंचायत भवन करगालो |
| 60 | 24–माण्डू | 482–उत्क्रमित मध्य विद्यालय, करगालो, नया भवन, मध्य भाग | 482–सामुदायिक भवन, करगालो |
| 61 | 24–माण्डू | 483–उत्क्रमित मध्य विद्यालय, करगालो, नया भवन, पश्चिमी भाग | 483–आंगनबाडी केन्द्र, लोटवा बांध, करगालो |
| 62 | 24–माण्डू | 484–उत्क्रमित मध्य विद्यालय, खरकटो पूर्वी भाग | 484–राजकीय प्राथमिक विद्यालय, चिरूडीह |
| 63 | 25–हजारीबाग | 111–प्राथमिक विद्यालय, कस्तुरीखाप, द0भाग पुराना भवन | 111–उत्क्रमित मध्य विद्यालय, कदमा (मध्य भाग) |
| 64 | 25–हजारीबाग | 129–प्राथमिक विद्यालय बेंदी, प0भाग | 129–राजकीय मध्य विद्यालय, झगरबॉध |
| 65 | 25–हजारीबाग | 131–रा0 उत्क्रमित मध्य विद्यालय अडरा, प0भाग | 131–प्राथमिक विद्यालय, कुबा |
| 66 | 25–हजारीबाग | 133–रा0 प्राथमित विद्यालय मेयातु, प0भाग | 133–ऑगनबाड़ी केंद्र, मयातु–2 |
| 67 | 25–हजारीबाग | 138–उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय बांका, पुराना भवन, पू0 भाग | 138–समुदायिक भवन बॉका, कटकमदाग |
| 68 | 25–हजारीबाग | 139–उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय, बांका पुराना भवन प0भाग | 139–तहसील कचहरी (पुराना अंचल कार्यालय कटकमदाग) |
| 69 | 25–हजारीबाग | 158–उ0म0वि0 मसरातु नया भवन, पूर्वी भाग | 158–पंचायत भवन मसरातु |
| 70 | 25–हजारीबाग | 171–उ0 उच्च विद्यालय, खपरियावां, पश्चिमी भाग | 171–राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, सिरसी, (मध्य भाग) |
| 71 | 25–हजारीबाग | 175–पंचायत भवन नवादा, पू0भाग | 175–उत्क्रमित मध्य विद्यालय नवादा (पूर्वी भाग) |
| 72 | 25–हजारीबाग | 176–रा0 उर्दू प्रा0 विद्यालय, बनहा, पूर्वी भाग | 176–प्राथमिक विद्यालय, बनहों (हिन्दी), नवादा पूर्वी भाग |
| 73 | 25–हजारीबाग | 177–रा0 उर्दू प्रा0 विद्यालय, बनहा, पश्चिमी भाग | 177–प्राथमिक विद्यालय, बनहों (हिन्दी), नवादा पश्चिमी भाग |
| 74 | 25–हजारीबाग | 178–पंचायत भवन नवादा, प0भाग | 178–उत्क्रमित मध्य विद्यालय नवादा (उत्तरी भाग) |
| 75 | 25–हजारीबाग | 193–कार्यपालक अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण संगठन कार्यालय इन्द्रपुरी चौक के निकट | 193–वार्ड विकास केन्द्र, नुरा |
| 76 | 25–हजारीबाग | 196–युनियन लाईबरेरी लेपो रोड पूर्वी भाग | 196–राजकीयकृत प्राथमिक विद्यालय, ओकनी, (उत्तरी भाग) |
| 77 | 25–हजारीबाग | 197–युनियन लाईबरेरी लेपो रोड पश्चिमी भाग | 197–राजकीयकृत प्राथमिक विद्यालय, ओकनी, (दक्षिणी भाग) |
| 78 | 25–हजारीबाग | 306–किसान भवन, ओमपुरी | 306–संत रोबर्ट बालक मध्य विद्यालय होली क्रोस रोड, (मध्य भाग) |
| 79 | 25–हजारीबाग | 310–संत कोलम्बस कॉलेज कॉमन रूम, पूर्वी भाग | 310–बी0एड0न्यु बिल्डिंग, संत कोलंबा महाविद्यालय, हजारीबाग (पूर्वी भाग) |
| 80 | 25–हजारीबाग | 311–संत कोलम्बस कॉलेज कॉमन रूम, मध्य भाग | 311–बी0एड0न्यु बिल्डिंग, संत कोलंबा महाविद्यालय, हजारीबाग (मध्य भाग) |
| 81 | 25–हजारीबाग | 312–संत कोलम्बस कॉलेज कॉमन रूम, पश्चिमी भाग | 312–बी0एड0न्यु बिल्डिंग, संत कोलंबा महाविद्यालय, हजारीबाग (पश्चिमी भाग) |
| 82 | 25–हजारीबाग | 315–प्राथमिक विद्यालय हुड़हुडू बस्ती | 315–वार्ड विकास केन्द्र हुरहुरू |
| 83 | 25–हजारीबाग | 337–पुराना आंगनबाड़ी केन्द्र, मंडईकला | 337–मणिपाल स्कुल, मंडई कला |
| 84 | 25–हजारीबाग | 350–मध्य विद्यालय, केन्द्रीय कारा | 350–सुधार विद्यालय, कोलघटी, (दक्षिणी भाग) |
| 85 | 25–हजारीबाग | 351–मध्य विद्यालय केंद्रीय कारा, प0भाग | 351–सुधार विद्यालय, कोलघटी, (उतरी भाग) |
| 86 | 25–हजारीबाग | 375–प्रा0 वि0 सिंघानी पु0 भाग | 375–पंचायत सचिवालय सिंघानी (सभा कक्ष) |
| 87 | 25–हजारीबाग | 376–प्रा0 वि0 सिंघानी प0 भाग | 376–ऑंगनबाडी केन्द नर्सरी स्कूल सिंघानी–2 |
| 88 | 25–हजारीबाग | 433–प्रा0 वि0 पौता उ0 भाग | 433–मॉडल ऑंगनबाडी केन्द्र–सह– नर्सरी स्कूल पौता–2 |
| 89 | 25–हजारीबाग | 443–सामुदायिक भवन बभनी | 443–नव प्राथमिक विद्यालय बभनी |
| 90 | 25–हजारीबाग | 465–नव सृजित प्रा0वि0 तिलैया प0भाग | 465–ऑंगनबाड़ी केन्द्र गोपलो–1 |
| 91 | 25–हजारीबाग | 473–ग्रामीण सेवा केन्द्र, दारू प0भाग | 473–राजकीय मध्य विद्यालय, दारू बालक |
| 92 | 25–हजारीबाग | 482–सामुदायिक भवन ईरगा | 482–ऑंगनबाड़ी केन्द्र बड़का ईरगा |
| 93 | 25–हजारीबाग | 485–प्रा0वि0 पिपचो (पुराना भवन) | 485–ऑंगनबाड़ी केन्द्र पिपचो |

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–उपायुक्त, हजारीबाग।

PR 329663 Election(24-25)D

# हम सभी को एक साथ मिलकर सभी समाज का त्योहार मानना चाहिए : डॉ रामेश्वर उरांव

## मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव ने भंडरा एवं कैरो ब्लॉक में किया वाद्य यंत्र का वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सोमवार को भंडरा एवं कैरो प्रखंड मुख्यालय में माननीय विधायक लोहरदगा सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव के द्वारा वाद्य यंत्र डंका, तासा का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि का स्वागत प्रखंड प्रशासन के द्वारा किया गया। मौके पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा की हम सभी को मिल कर सभी समाज के त्योहार को मिलजुल कर हर्षोल्लास के साथ मनाना चाहिए। जिसका एक उदाहरण आज यह वाद्य यंत्र का वितरण के माध्यम से लोगों को त्यौहार में शामिल होने का एक माध्यम है।इस प्रकार के कार्यक्रम से आपसी सद्भाव समाज में बढ़ती है। एवं समाज में संस्कृति को बढ़ावा मिलता है। अपने समाज संस्कृति के संरक्षित रखना हमारा परम कर्तव्य है। आज इस वाद्य यंत्र वितरण कार्यक्रम के माध्यम से हम एक दूसरे समाज के बीच प्रेम एवं सद्भाव के साथ त्योहार मना रहे है। आगामी आने वाले मोहर्रम पर्व में मुस्लिम समुदाय के बीच कुछ वाद्ययंत्र का वितरण का किया जा रहा है। इससे पूर्व में भी इस प्रकार के सामाजिक कार्य किया गया है जिससे संस्कृति को बढ़ावा मिलता है जिससे समाज में सद्भाव बढ़ता है। हम सभी जाति धर्म को एक साथ लेके चलने का काम कर रहे हैं। इस प्रकार के सामाजिक कार्य से से संस्कृति को बढ़ावा मिलता है जिससे समाज में सद्भाव बढ़ता है। हम सभी जाति धर्म को एक साथ लेके चलने काम कर रहे हैं। इससे पूर्व मांदर,नगाड़ा आदि वाद्य यंत्रों का भी वितरण किया गया है। इस मौके पर मुख्य रूप से कार्यकारी जिलाध्यक्ष हाजी शकील अहमद, रोहित प्रियदर्शी उरांव, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, नाजिमे आला हाजी अब्दुल जबारुल अंसारी, हैदर अंसारी, जुगल भगत, तनवीर गौहर, अनीस खान, संदीप मिश्रा, विशाल डुंगडुंग, असलम अंसारी, इम्तियाज अंसारी, मुर्सिद खान, इंतेखाब आलम, जुबैर अंसारी, इम्तियाज अंसारी, हातिम अंसारी, फारुख हुसैन, आफताब अंसारी, रसीद अंसारी, समीम अंसारी, एजाज अंसारी, इम्तियाज अंसारी, जमील अंसारी, मकदूम अंसारी, मंजूर अली, जुल्फान अंसारी, विजय उरांव, काले उरांव, हसबूल खान, मंसूर आलम, नारायण उरांव, हरिदास उरांव, शशिकांत उरांव, जलील खान, रसीद अंसारी, नाजिम अंसारी, जियायुल अंसारी, नयुम अंसारी, जावेद अंसारी, विजय एक्का आदि उपस्थित थे।

## दिव्यांग छात्र छात्रओं के बीच सहायक उपकरण का किया गया वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड क्षेत्र स्थित मध्य विद्यालय अरु में समावेशी शिक्षा अंतर्गत दिव्यांग बच्चो का समग्र शिक्षा अभियान के तहत स्वास्थ जांच कर सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर समग्र शिक्षा अभियान लोहरदगा के सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी अशोक पाण्डेय ने कहा की सरकारी निर्देशानुसार समय समय पर दिव्यांग बच्चो का दिव्यांगता जांच किया जाता है। तथा जांच के उपरांत आवश्यकता अनुसार सहायक उपकरण यंत्र भी दिया जाता है। वर्ष 2024-25 के लिये दिव्यांग बच्चो का जांच कर सूची तैयार किया गया है। और वित्तिय वर्ष जांच में आये 28 दिव्यांग बच्चो को ट्राई साइकिल एवं अन्य दिव्यांग यंत्र दिया गया। सरकार सभी बच्चों को शिक्षा से जोड़कर मानसिक और शाररिक स्तर पर विकसित कर रही है। जिस के लिए समावेशी शिक्षा की व्यवस्था की गई है। वही यंत्र व उपकरण पाकर बच्चे बच्चियाँ और अभिवावक काफी खुश हुए। मौके पर सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी अशोक पाण्डेय, अभिनाश कुमार, विपिन कुमार, अंबिका पाण्डेय, सोनामती कुजूर सहित छात्र छात्राएँ और अभिभावक उपस्थित थे।

## मुहर्रम पर्व को लेकर कैरो थाना परिसर में शांति समिति की हुई बैठक



**कैरो-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आगामी 17 जुलाई मुहर्रम का त्योहार को लेकर 14 जुलाई रविवार को थाना परिसर कैरो में शांति समिति की बैठक थाना प्रभारी नीरज कुमार झा की अध्यक्षता में हुई।मौके पर मिलजुलकर शांति पुर्वक त्योहार मनाने पर विचार विमर्श किया गया।मौके पर विभिन्न मुहर्रम अखाड़ो के मोजावर, अध्यक्ष सचिव के द्वारा मेला जुलूस ,व रूट के बारे विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई।थाना प्रभारी नीरज कुमार झा ने कहा कि आपसी मेल मिलाप भाईचारे सौहार्द पूर्ण वतावरण में पर्व त्योहार मनाए।त्योहार के दौरान पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहेगी परन्तु मेला आयोजन समिति भी अपनी जिम्मेवारी समझते हुए शांति व्यवस्था बनाने में सहयोग करें।उन्होंने कहा लोग नशा पान से दूर रहें किसी प्रकार का कोई अनहोनी होने पर तुरन्त ही थाना को सूचना दें।दोषी को किसी भी हाल में बक्सा नही जाएगा।मौके पर एस आई संजय कुमार सिंह, प्रखण्ड बिससूत्री कार्यान्वयन समिति सह केंद्रीय मुहर्रम कमिटी कैरो के अध्यक्ष अनीश अहमद खान, सचिव समीद अंसारी, कोषाध्यक्ष जमील अख्तर, मेम्बर अख्तर अंसारी, मोजहिर अंसारी, इम्तियाज अंसारी के अलावे नाजिर आलम खान, विशेश्वर प्रसाद दीन, सूरज मोहन साहू, कृष्णा यादव, बलराम साहू, परवीन साहू, छेदी अंसारी, चरकु सरदार, खुर्शीद अंसारी, आजाद अंसारी, नसीम अंसारी आदि उपस्थित थे।

# सड़क दुर्घटना में वृद्ध महिला घायल अस्पताल में कराया भर्ती सदर रेफर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** सड़क दुर्घटना में वृद्ध महिला घायल निजी वाहन के माध्यम तथा ग्रामीणों के सहयोग से परिजनों ने सेन्हा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कराया भर्ती विदित हो की सेन्हा थाना क्षेत्र के कंडरा चौक के समीप 70 वर्षीय वृद्ध महिला को बोलोरो संख्या जे एच 01 डी 1254 के चालक अपने गाड़ी के चपेट में लेते हुए सड़क दुर्घटना को अंजाम दिया। घायल महिला की पहचान कंडरा चौक बुटी मोड निवासी स्वर्गीय पारसनाथ भगत की 75 वर्षीय पत्नी फुलमनी उराँव के रूप में किया गया। सड़क दुर्घटना के उपरांत स्थानीय ग्रामीणों ने सहयोग करते हुए निजी वाहन टेम्पू से अस्पताल भेजवाया। वहीं परिजनों ने प्राथमिक उपचार हेतु सेन्हा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां चिकित्सक बिनोद सुरीन के निगरानी में प्राथमिक उपचार के उपरांत बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल लोहरदगा रेफर किया गया। चिकित्सक बिनोद सुरीन ने बताया कि महिला के दाहिने पैर में गम्भीर चोटें है और चेहरा पर भी चोट आया है। फिलहाल घटना की जानकारी सेन्हा थाना को ग्रामीणों द्वारा प्राप्त होते ही पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई। स्थानीय लोगो ने बताया कि बोलोरो संख्या जे एच 01 डी 1254 बुटी निवासी सिन्दू साहु का होने की बात बताई जा रही है। साथ ही बताया गया कि सिन्दू साहु का दामाद बोलोरो चलाना सिख रहा था। उसी दौरान कंडरा चौक के समीप बुटी मोड़ में अनियंत्रित हो वृद्ध महिला फुलमनी उराँव को अपने चपेट में लेते हुए गढे में जा फसा। घटना की सूचना पर पुलिस जांच पड़ताल करते हुए अग्रतर कारवाई में जुट गई।

# झारखंड में आज महिलाएं अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रहीं हैं : बबीता सिंह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखण्ड के कैरो डोल टांड में सोमवार को भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा कैरो मण्डल की बैठक महिला मोर्चा के मण्डल उपाध्यक्ष चांदो देवी की अध्यक्षता में बैठक हुई बैठक में आगामी 12 अगस्त 2024 को महिला मोर्चा द्वारा लोहरदगा में आयोजित होने वाले धरना प्रदर्शन को सफल बनाने पर विचार विमर्श किया गया। मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित प्रदेश महिला मोर्चा के कार्यालय मंत्री बबिता सिंह ने कहा कि झारखण्ड में जे एम एम कांग्रेस राष्ट्रीय जनता दल की गठबंधन सरकार हर मोर्चे पर विफल है, झारखण्ड के चारो ओर भ्र्ष्टाचार का बोलबाला है, आज महिलाएं अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रहीं हैं। झारखण्ड में विकास की गति रुक सी गई है। आने वाले विधान सभा चुनाव में झारखण्ड की जनता इनको सबक सिखाने का काम करेगी।भा ज पा ही झारखण्ड का विकास कर सकती है, उन्होंने सभी को मिलजुलकर पार्टी संगठन को मजबूत बनाने और लोहरदगा विधान सभा क्षेत्र से जीत दिलाने की अपील की। मौके पर महिला मोर्चा के जिला अध्यक्ष कलावती देवी, उपाध्यक्ष सामेला भगत, सुमित्रा उरांव, मण्डल अध्यक्ष लखन उरांव, उपाध्यक्ष विवेक प्रजापति, यशोदा देवी, साबिता देवी, सुप्रिया देवी, बिंदु कुमारी, शांति देवी, कलावती महली, मुनिया देवी, देवंती देवी, पूनम देवी, आरती देवी, अंजली देवी, बबिता देवी, शांति उरांव, शुशीला कुजूर, रीना देवी, शुशीला देवी आदि उपस्थित थे।

## डायन कुप्रथा, बाल विवाह, भ्रूण हत्या व लिंग भेद विषयक पर एक दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन



**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार में झारखण्ड सरकार के बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग के निर्देशानुसार डायन कुप्रथा, बाल विवाह प्रथा, भ्रूण हत्या तथा लिंग भेद विषयक पर एक दिवसीय कार्यशाला सह प्रशिक्षण शिविर का आयोजन अंचलाधिकारी सह सीडीपीओ राकेश कुमार तिवारी की अध्यक्षता में आयोजन किया गया। आयोजित कार्यशाला सह प्रशिक्षण शिविर अंचलाधिकारी सह सीडीपीओ राकेश कुमार तिवारी ने आंगनबाड़ी सेविका और सहायिकाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि डायन कुप्रथा,बाल विवाह प्रथा,भ्रूण हत्या और लिंग भेद कानून अपराध जिसे ग्रामीण क्षेत्रो में रोक थाम के लिये आंगनबाड़ी सेविकाएँ और सहायिका का सहयोग आवश्यक है। सेविका और सहायिका के माध्यम से समजिक कुप्रथा और बुराइयों का रोक थाम के लिये ग्रामीण क्षेत्र में जागरूकता अभियान चलाया जा सकता है। अशिक्षा और जागरूकता के कारण ग्रामीण क्षेत्र में डायन कुप्रथा, बाल विवाह, भ्रूण हत्या और लिंग भेद की घटनाएं होती है। इसे मिटाने और रोक थाम के लिये सरकार द्वारा एक जुलाई से चार जुलाई तक कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। जिस निमित प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायत व गाँवों में जिला प्रशासन और समाज कल्याण के निर्देश पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। वही मौके पर प्रमुख फुलझरी देवी द्वारा सभी सेविका और सहायिकाओं को पोशाक दिया गया। मौके पर महिला पर्यवेक्षिका परमुनी देवी, अंगनी बेक के अलावे टिंकी देवी, शहनाज बानो, शांता मिंज, रजनी देवी, अहिल्या, देवी, यशोदा कुमारी, किरण कुमारी, हुमा समरीन, अनिता उराँव सहित अन्य सभी सेविकाएँ और सहायिका उपस्थित थे।

## मारवाड़ी समाज सामाजिक कार्यो के साथ-साथ हर क्षेत्र में अग्रसर है : बसंत कुमार मित्तल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिला मारवाड़ी सम्मेलन की बैठक निर्माणाधीन राणी सती मंदिर परिसर में जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ के अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक पर झारखंड प्रांतीय अध्यक्ष श्री बसंत कुमार मित्तल, प्रांतीय मंत्री प्रकाश बजाज,श्याम सुंदर शर्मा,राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य शिवप्रसाद राजगढ़िया,अजय शर्मा उपस्थित हुए। सभी को जिला सम्मेलन के सदस्यों के द्वारा पुष्प गुच्छा एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। बैठक पर प्रांतीय अध्यक्ष बसंत मित्तल ने कहा कि मारवाड़ी समाज सामाजिक कार्यो के साथ-साथ हर क्षेत्र में अग्रसर है, और 21 जुलाई 2024 को खुंटी में हो रहे प्रांतीय प्रमंडलीय अधिवेशन पर जिला से अधिक से अधिक लोगों को उपस्थित होने का आग्रह किया एवं राँची में बन रहे मारवाड़ी सम्मेलन के अत्याधुनिक एवं भव्य कार्यालय भवन के संबंध में जानकारी देते हुए इसमें ट्रस्टी बनने का भी आग्रह किया, और कहा कि आप सभी लोग ही हमारी ताकत है। प्रकाश बजाज, श्याम सुंदर शर्मा, शिव प्रसाद राजगढ़िया आदि ने भी सशक्त समाज बनाने को लेकर अपने-अपने विचार दिये,जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा कि जिला में मारवाड़ी समाज ने सामाजिक कार्यो में अपनी अलग पहचान बनाई हुई है। और कहा राष्ट्रीय स्तर से आजीवन सदस्यता शुल्क में वृद्धि किए जाने का प्रस्ताव अनुचित है।

## आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर आजसू पार्टी लोहरदगा की बैठक आज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** आजसू पार्टी जिला कमिटी के तमाम पदाधिकारियों, सभी प्रखंड के तमाम पदाधिकारियों, जिले में निवास करने वाले केंद्रीय समिति के तमाम पदाधिकारियों, सदस्यों, 21 सदस्यी संयोजक मंडली के तमाम सँयोजक, अल्पसंख्यक मोर्चा आजसू के तमाम पदाधिकारियों, महिला मोर्चा आजसू के तमाम जिला एवं प्रखंड के पदाधिकारियों, श्रमिक संघ के तमाम पदाधिकारियों, बुद्धिजीवी मंच के तमाम पदाधिकारियों, नगर कमेटी के तमाम पदाधिकारियों एवं युवा मोर्चा के तमाम संयोजकों की एक बैठक आजसू पार्टी मुख्य कार्यालय कचहरी रोड में आज दिनांक 16. 7.2024 दिन मंगलवार को दिन के 11:00 बजे से रखी गई है। जिसमें सभी प्रखंड एवं जिला के केंद्र के पदाधिकारियों को शामिल होना अनिवार्य है। बैठक में आगे के कार्यक्रम की रूपरेखा सहित अन्य संगठनात्मक मुद्दों पर विशेष चर्चा होगी एवं चुनाव की तैयारी की समीक्षा भी होगी। आज पार्टी कार्यालय में 21 सदस्यी संयोजक मंडली की बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में मुख्य रूप से विधानसभा प्रभारी सह केंद्रीय महासचिव श्रीमती नीरू शांति भगत शामिल हुई। बैठक में सभी पंचायत में बनाए जा रहे चूल्हा प्रमुखों की समीक्षा की गई एवं केंद्रीय समिति द्वारा दिए गए कार्यक्रमों पर विशेष रूप से चर्चा हुई।

## अभाविप के नगर अध्यक्ष प्रदीप महतो और नगर मंत्री बने जय कुमार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद लोहरदगा इकाई द्वारा नगर इकाई का पूर्ण गठन किया गया। इसमें जिला प्रमुख मनोज्ञा पांडे, जिला संयोजक आदित्य कुमार साहू, पूर्व जिला प्रमुख छवि सिंह, उपाध्यक्ष जानवी गोयल, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विवेक सिंह उपस्थित थे। नवगठित कमिटी में नगर अध्यक्ष प्रदीप महतो, नगर मंत्री जय कुमार, नगर सह मंत्री का दायित्व अजीत साहू, राहुल पासवान, रोशन साहू, प्रभात साहू तथा प्रेम चंद्रा को सौंपा गया। मीडिया प्रभारी विवेक कुमार सिद्धार्थ को मनोनीत किया गया। विभाग संयोजक आदित्य कुमार ने कहा कि छात्रशक्ति ही राष्ट्रशक्ति होती है। विद्यार्थी परिषद् का मूल उद्देश्य राष्ट्रीय पुनर्निर्माण है। जिला प्रमुख मनोज्ञा पांडेय ने सभी नवनियुक्त सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है। इसका मुख्य उद्देश्य राष्ट्र का पुनर्निर्माण है। ज्ञान शील एकता परिषद की विशेषता पर हम सभी कार्यकर्ताओ कोआगे बढ़कर कार्य करना है। विद्यार्थी परिषद ने देश को कई प्रमुख एवं महत्वपूर्ण समस्याओं का समाधान दिया है। यहां पद नहीं दायित्व होता है, नेता नहीं नेतृत्व होता है, व्यक्ति नहीं समूह होता है।

## टाटा मैजिक ने बाइक सवार को मारी टक्कर मौत, ग्रामीणों ने मैजिक चालक को जम कर पीटा



**भंडरा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची लोहरदगा मुख्य पथ के पझरी गांव के समीप सोमवार को दर्दनाक हादसा हो गया। दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई। पूरा मामला सोमवार को लगभग साढ़े आठ बजे का है,जहां पझरी सियार टोली निवासी 19 वर्षीय महावीर उरांव पिता लिट्टू उरांव की दुर्घटना में जान चली गई।जानकारी के अनुसार महावीर अपने दोस्त प्रेम उरांव के साथ अपनी बाइक से दुध लेने पझरी बड़की टोली की ओर जा रहा था। इसी बीच बिपरीत दिशा से तेज गति से आ रहे टाटा मैजिक छ्ग़ 01क्च्य 5546 ने महावीर को ठोंकर मर दी। टक्कर में महावीर का शिर फट गया वही घटना के बाद मैजिक चालक काफ़ी तेजी से भागने की कोशिश की पर मैजिक के आगे की टायर फट जाने से मैजिक चालक ग्रामीणों के हत्थे चढ़ गया। और ग्रामीणों ने मैजिक चालक की जमकर पिटाई कर दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मैजिक चालक की ग्रामीणों की चंगुल से छुड़ाया और घायल महावीर व मैजिक चालक को भंडरा स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहाँ चिकित्स्कों ने दोनों को सदर लोहरदगा रेफर कर दिया। सदर अस्पताल मे चिकित्सक ने महावीर को मृत घोषित कर दी जबकि मैजिक चालक को रिम्स रेफर कर दिया। इधर मृतक के माता पिता के परिजन जब घटना स्थल पहुंचे और पुत्र को देखा तो उनकी रोने की चीत्कार से पूरा माहौल गमगीन हो गया। महावीर दोनों भाइयों में छोटा था।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में मोहर्रम व घूरती रथ यात्रा को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आज दिन सोमवार को आगामी 17 जुलाई को मुहर्रम पर्व एवं घुरती रथ यात्रा को लेकर सुरक्षा तथा विधि व्यवस्था से संबंधित बैठक जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा स्थित सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक के दौरान जिले में मुहर्रम एवं घुरती रथ को लेकर शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि शांति समिति के सदस्यों के सहयोग की वजह से ही पूरे जिले में शांति व्यवस्था कायम है। पिछले 02 वर्षो से ये पर्व शांतीपूर्वक सम्पूर्ण हुई है। पूर्ण भरोसा है कि मुहर्रम का त्यौहार भी शांतिपूर्ण सम्पन्न होगा। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि शांति समिति के सदस्य जिला में शांति व्यवस्था बनाये रखने में अपनी भूमिका सही तरीके से निभाये। आनेवाले मुहर्रम एवं घुरती रथ को भी हमें जिम्मेवारीपूर्वक मनाये जाने की जरूरत है। किसी प्रकार की दुर्घटना से बचने के लिए तजिया के झंडो की ऊंचाई कम रखें ताकि वो बिजली के तारो को छू न सके और कोई दुर्घटना न घटे। असामाजिक तत्वों को चिन्हित कर प्रशासन को अवगत कराने के लिए कहा गया। मुहर्रम के जुलूस में मुहर्रम का ही झंडा रहे। किसी दूसरी चीज का नही। इस पर शांति समिति अपनी दृष्टि बनाये रखें। सुरक्षा के दृष्टि से मेला के दिन बिजली व्यवस्था बंद रहेगा। सोशल मीडिया के अफवाहों पर विशेष नजर रखी जाएगी। आज की बैठक में सभी प्रखण्डों से आये शांति समिति के सदस्यों ने अपने-अपने क्षेत्र की समस्याएं रखीं और मुहर्रम के अवसर पर लगने वाले मेले व निकाले जाने वाले जुलूस से अवगत कराया। आज की बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी,सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी, कार्यपालक दण्डाधिकारी, सभी थाना प्रभारी, सभी प्रखंडों के अधिकारी व शान्ति समिति के सदस्य सहित अन्य उपस्थित थे।

## संवेदक अपने कार्य में गुणवता लाये अन्यथा घटिया निर्माण का विरोध सड़क से सदन तक किया जाएगा : सूरज अग्रवाल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** पेशरार प्रखंड अंतर्गत पेशरार पंचायत के ग्राम केरार से लेकर दुग्गू मोड़ तक हो रहे पीसीसी पथ निर्माण में भारी अनियमितता पाई गई ग्रामीणों द्वारा बार-बार शिकायत करने के बाद आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव सूरज अग्रवाल ने आज स्थल पहुंचकर निरीक्षण किया। ग्रामीणों द्वारा शिकायत की घटिया निर्माण की बातें सत्य साबित हुई। संवेदक द्वारा 8 इंच की जगह 3 से 4 इंच ढलाई की जा रही है और साथ ही ढलाई में जो प्राक्कलन में निहित एस्टीमेट के विपरीत कार्य किया जा रहा है कार्य इतना घटिया है की सड़क कुछ ही दिनों में खराब हो जाएगी जो होने लगी है एक तरफ सड़क बन रही है दूसरे तरफ टूट रही है। ग्रामीणों में काफी आक्रोश है लेकिन चुकी नक्सल प्रभावित क्षेत्र होने के कारण कोई भी ग्रामीण विरोध नहीं कर पाते हैं क्योंकि उन्हें यह डर हमेशा रहता है कि अगर हम लोग बोलेंगे तो झूठे केस में हमें फसाया जा सकता है। आज स्थल का निरीक्षण जब किया गया तो काफी घटिया निर्माण का कार्य सामने चल रही थी कार्य के एजेंसी और कार्य के इंजीनियर दोनों की मिली भगत से जंगली क्षेत्र में सड़क पर बिना त्सक्किडाले कार्य मिट्टी के ऊपर ही जल्दी-जल्दी पीसीसी कर निपटारा किया जा रहा है। शायद सड़क बनने के कुछ ही दिनों के बाद सड़क का नामो निशान मिट जाएगा। मैं विभागीय पदाधिकारी एवं जिला प्रशासन के वरिष्ठ पदाधिकारी से आग्रह करता हूं कि एक बार निर्माण हो रहे सड़क की स्थल निरीक्षण कर ले आपको सारा सच सामने आ जाएगी। अगर इसी तरह का सड़क निर्माण चलता रहा तो आजसू पार्टी सारे ग्रामीणों को लेकर निर्माण कार्य बंद कराते हुए लोहरदगा समाहरणालय के समक्ष धरना प्रदर्शन करेगी और इसकी शिकायत उपायुक्त से लेकर विभागीय मंत्री एवं मुख्यमंत्री के साथ साथ आवश्यकता पड़ने पर न्यायालय की शरण लेगी क्योंकि मैं खुद संवेदक संघ का अध्यक्ष हूं लेकिन इस तरह का घटिया निर्माण को देखकर मैं भी आहत हूं। संवेदक अपने कार्य में गुणवता लाये अन्यथा मजबूरन में घटिया निर्माण का विरोध करते हुए विभाग के पदाधिकारी से मिलकर इस सड़क का जांच कराऊंगा।

# कचरवा पार्क मेरे कार्यकाल का बड़ा सौगातः अरुणा शंकर

## दो मंजिला आधुनिक सब्जी मार्केट का निर्माण जल्द होगा शुरू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगरः** प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने सांसद वीडी राम को कचरवा डैम पार्क शिलान्यास के लिए बधाई देते हुए कहा कि यह योजना मेरे कार्यकाल एवं निगम का सबसे बड़ा प्रोजेक्ट है। जिसे भारत सरकार के अमृत योजना के तहत सांसद के प्रयास से स्वीकृत कराया गया। प्रथम महापौर ने कहा कि यह योजना टेंडर में विलंब होने के चलते काफी लेट हो गया। इस योजना के तहत पार्क, कैफेटेरिया, जिम, सेल्फी प्वाइंट, बच्चों का गेम्स जोन और वाटर गेम्स की व्यवस्था की गई है। प्रथम महापौर ने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि कचरवा पार्क भी मेरे कार्यकाल में बना कोयल रिवर फ्रंट और गांधी उद्यान की तरह चर्चित और लोगों को आकर्षित करेगा। प्रथम महापौर ने कहा कि कचरवा पार्क के साथ-साथ बहुत जल्द शहर को बड़े शहरों की तर्ज पर बड़ा तालाब के बगल में आधुनिक वेजिटेबल मार्केट भी मिलने जा रहा है। जिसकी स्वीकृति मैंने अपने बोर्ड से दे दी थी और सरकार से फंड भी उपलब्ध करा दिया था। जल्द इसका भी निर्माण प्रारंभ होगा। इसके बनने से फुटपाथ एवं नाली के ऊपर बैठकर बेच रहे सब्जी वेंडर को सम्मान से व्यवसाय करने का एक स्थान मिलेगा एवं निगम क्षेत्र में रहने वाले लोगों को स्वच्छता के साथ सब्जी उपलब्ध होगा।



### कोयल रिवरफ्रंट को बचाना सबों का कर्तव्य अरुणा शंकर

मेदिनीनगर शहर का धरोहर कोयल रिवर फ्रंट के ग्रिल को एक स्थानीय चिन्हित लड़के द्वारा तोड़े जाने की सूचना पाकर प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने कोयल रिवर फ्रंट पहुंची और दुख व्यक्त करते हुए कहा कि मैंने शहर को सुंदर बनाने के साथ एक अलग पहचान देने की। लेकिन कुछ असमाजिक तत्वों द्वारा बार-बार उसे तोड़ा जा रहा जो दुखद है। उन्होंने कहा कि निगम में महापौर पद छोड़ें लगभग 1 वर्ष से ज्यादा हो गया।

लेकिन आज भी मैं अपने निजी खर्च से इतनी भीषण गर्मी के बाद भी हर चौक चौराहा ,कोयल रिवर फ्रंट, डिवाइडर गांधी उद्यान में लगे पौधे मैं गाड़ी, ड्राइवर, माली रखकर पानी पटवाती,लाइट मैन रख कर सभी जगह के लाइट को मरम्मत करवाती। गांधी उद्यान की देखरेख करती, अपना निजी मशीन खरीद करके फागिंग करवाती। ताकि शहर के लोगों को अपना शहर स्वच्छ एवं सुंदर शहर मिल सके। लेकिन इस तरह असामाजिक तत्व शहर को तहस-नहस करेंगे तो यह खूबसूरती बहुत दिनों तक नहीं बनी रहेगी। प्रथम महापौर ने नगर आयुक्त से अनुरोध किया है कि कोयल रिवर फ्रंट के किनारे बसे युवाओं का एक कमेटी बनाया जाए जो इसका देखरेख कर सके। प्रथम महापौर ने कहा कि कोयल रिवर फ्रंट सिर्फ घूमने का ही स्थान नहीं बल्कि सैकड़ो लोगों को रोजगार दे रहा है। इसे बचाना हम सबों का कर्तव्य है।

## चलते चलते एक नजर

### एसपीडी कॉलेज में एनएसयूआई संगठन विस्तारित, निश्चल बने अध्यक्ष



**गढ़वा (प्रभात मंत्र संवाददाता)ः** एनएसयूआई जिलाध्यक्ष ऋषभ चन्द्रवंशी द्वारा संगठन का विस्तार करते हुए स्थानीय सूरत पाण्डेय डिग्री कॉलेज में एनएसयूआई के कॉलेज अध्यक्ष पद पर निश्चल तिवारी को मनोनित किया गया। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. निकलेश चौबे से मुलाकात भी की। साथ ही छात्रों की समस्याओं पर कदम से कदम मिलाने की बात भी कही। जिलाध्यक्ष ने बताया कि एनएसयूआई के झारखंड प्रभारी कुणाल शेरावत और प्रदेश अध्यक्ष सैयद आमिर हाशमी के द्वारा प्राप्त निर्देश के आलोक में संगठन का विस्तार करते हुए निश्चल तिवारी को महाविद्यालय का अध्यक्ष मनोनित किया गया है। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष पीयूष कुमार चौबे, अफसर अली, बलजीत यादव, इजहार अंसारी, शशि सिंह आदि मौजुद थे।

### लायंस क्लब ऑफ गढ़वा विशाल द्वारा कई कार्यक्रम हुए आयोजित




**गढ़वा (प्रभात मंत्र संवाददाता)ः** लायंस क्लब ऑफ गढ़वा विशाल के नये अध्यक्ष नन्दलाल प्रसाद के नेतृत्व में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान गढ़वा में गोद लिये हुए टीबी मरीजों के बीच पोष्टिक आहार का वितरण भी किया गया। इस संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार लायंस विशाल के दो पदाधिकारी डॉ यासीन अंसारी एवं डॉ एनके रजक को लायंस इंटरनेशनल से मेम्बर्सशीप पीन अवार्ड से सम्मानित किया गया। साथ ही क्लब कार्यालय गढ़वा में गोद लिये हुए टीबी मरीजों के बीच पोष्टिक आहार का वितरण किया गया और मरीजों को नियमित दवा और पौष्टिक आहार लेते रहने और जरुरत पढ़ने पर चिकित्सक से सम्पर्क करने कि उन्हें उचित परामर्श दिया गया। इसके अतिरिक्त फरठिया में बेशकिमती एवं फलदार पौधे लगाए गए। इस मौके पर लायंस क्लब ऑफ विशाल के पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर डॉ आरएनएस दिवाकर, डॉ कमलेश कुमार, डॉ यासीन अंसारी समेत कई अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# कार्यकर्ताओं का समर्पण व एकजुटता ही पार्टी की ताकत है : मंत्री

## जेएमएम गढ़वा नगर मंडल का गठन, आशीष बने अध्यक्ष



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** झारखंड मुक्ति मोर्चा गढ़वा नगर मंडल का गठन किया गया है। इसमें आशीष अग्रवाल को नगर मंडल अध्यक्ष, वसीम को सचिव तथा अविनाश दुबे को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। इन्हें पार्टी में नई जिम्मेवारी मिलने पर गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बधाई दिया है। साथ ही इनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि सभी नये पदाधिकारी काफी उर्जावान हैं। इनमें संगठन को बहुत आगे तक ले जाने की क्षमता है। इन्हें नई जिम्मेवारी मिलने से पार्टी को काफी लाभ होगा। मंत्री ने कहा कि कार्यकर्ताओं का समर्पण एवं एकजुटता की झारखंड मुक्ति मोर्चा की ताकत है। उन्होंने कहा कि सभी नये पदाधिकारी पूरे जोश-खरोश के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, विधायक प्रतिनिधि कंचन साहु, सचिव मनोज ठाकुर, नीलू खान, मुन्ना सिंह सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# तसरार उच्च विद्यालय परिसर में पर्यावरण परिवार द्वारा 150 पौधे लगाए गए

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** पर्यावरण परिवार द्वारा रविवार को उत्क्रमित उच्च विद्यालय तसरार में करीब 150 पौधे लगाए गए। इस मौके पर 40 नीम के पौधों का नीम कॉरिडोर भी बनाया गया। उक्त जानकारी पर्यावरण परिवार के वरिष्ठ सदस्य नितिन तिवारी ने दी।

उन्होने बताया कि उत्क्रमित विद्यालय तसरार में आज नीम के पौधे के अतिरिक्त बेल, करंज, गुलमोहर, कचनार, अशोक, बरगद इत्यादि पौधे लगाए गए। उन्होने कहा कि पेड़ पौधों का क्या महत्व है इसे गढ़वा जिले के लोग अब पुरी तरह से वाकिफ हो चुके हैं क्योंकि इस वर्ष गढ़वा के लोगों को गर्मी में 48 डिग्री तापमान में जीवन बसर करना पड़ा।



उन्होने कहा कि पर्यावरण परिवार का मुख्य उददेश्य पर्यावरण की रक्षा करना है जिससे जन-जीवन सामान्य हो सके साथ ही जल की समस्या से भी निजात मिले। उन्होने कहा कि पर्यावरण परिवार द्वारा गत कई वर्षो से पर्यावरण संरक्षण का कार्य किया जा रहा है।

इसके तहत ऐसे स्थानों पर पौधरोपण किया जा रहा है जहां पौधे सुरक्षित रहें जिससे लोगों को उसका लाभ मिल सके। इस क्रम में कई विद्यालय, महाविद्यालय, सार्वजनिक स्थलों तथा अन्य सुरक्षित स्थलों पर प्रत्येक वर्ष पौधरोपण किया जाता है। इस मौके पर विनोद पाठक, अमित शुक्ला, देवराज उपाध्याय, मनोज द्विवेदी, शैलेश तिवारी आदि शामिल हुए।

## भाजपा विश्रामपुर विधानसभा के सभी मंडलों के सोशल मीडिया के संयोजक व सह संयोजको की हुई बैठक

# प्रत्येक बूथ पर 2 सोशल मीडिया वॉरियर्स तैयार करने का है लक्ष्य : सोमेश सिंह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** झारखंड में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी विश्रामपुर विधानसभा के सभी मंडलों के सोशल मीडिया के संयोजक एवं सह संयोजको की बैठक आयोजित की गई। इसमें विधानसभा चुनाव में कार्य करने के लिए रणनीति बनाई गई। बैठक की अध्यक्षता सोशल मीडिया के जिला सह संयोजक सूरज विश्वकर्मा एवं संचालन विश्रामपुर ग्रामीण मंडल के सोशल मीडिया संयोजक उपेंद्र तिवारी ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में जिला सोशल मीडिया के संयोजक सोमेश सिंह उपस्थित रहे। साथ ही बैठक में प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉक्टर ईश्वर सागर चंद्रवंशी, ओबीसी मोर्चा के जिला महामंत्री मनोज विश्वकर्मा, बिश्रामपुर ग्रामीण मंडल के अध्यक्ष




अमरेश तिवारी की गरिमामय उपस्थिती रही।बैठक की शुरुआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं मंचासीन अतिथियों को माला एवं अंग वस्त्र देकर स्वागत कर किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सोमेश सिंह ने कहा की प्रत्येक बूथ स्तर पर कम से कम 2 सोशल मीडिया वॉरियर्स तैयार करने का लक्ष्य रखना तय किया गया है. जिससे कि बेहतर ढंग से हम सरकार और पार्टी की गतिविधियों को जन-जन तक पहुंचाने का काम कर सके. वहीं उन्होंने बैठकों में कार्यकर्ताओं को बताया कि सोशल मीडिया का उपयोग कहां-कहां और किस तरह करना है, इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव से पहले हमें अभी से सक्रिय होने की आवश्यकता है, ताकि चुनाव मे बेहतर परिणाम आ सके।प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ. ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने मौके पर कहा की जिस तरह से वर्तमान समय में सोशल मीडिया का महत्व बड़ा है. उसे नजरंदाज नहीं किया जा सकता है।

**बैठक में इनकी रही उपस्थिति**

इस बैठक में मुख्य रूप से विक्रम यादव जितेंद्र कुमार यादव दीपक चौहान रितेश कुमार ठाकुर अजीत कुमार चंद्रवंशी वीरेंद्र ठाकुर दिनेश मेहता शंकर चंद्रवंशी उपेंद्र यादव संजय चंद्रवंशी धनंजय तिवारी आदर्श कुमार विजेंद्र कुमार चौहान सुनील कुमार चौहान श्यामदेश्वर मेहता आदि उपस्थित रहे।

## विदेश मंत्री कल से दो दिन की मॉरीशस की आधिकारिक यात्रा पर

**नई दिल्ली :** विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर 16 से 17 जुलाई तक मॉरीशस की आधिकारिक यात्रा करेंगे। यह दोबारा मंत्रीपद संभालने के बाद उनकी पहली द्विपक्षीय यात्रा होगी। मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जुगनाथ मोदी 3.0 में नई कैबिनेट और मंत्रिपरिषद के शपथ ग्रहण समारोह के लिए भारत आए थे। विदेश मंत्री इससे पहले फरवरी 2021 में मॉरीशस गए थे। यात्रा के दौरान विदेश मंत्री जयशंकर मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद जुगनाथ से मुलाकात करेंगे और मॉरीशस सरकार के अन्य वरिष्ठ मंत्रियों के साथ द्विपक्षीय बैठकें करेंगे। इसके अलावा वह मॉरीशस के अन्य प्रमुख नेताओं के साथ भी बातचीत करेंगे। विदेश मंत्रालय के अनुसार यह यात्रा दोनों पक्षों को द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं का व्यापक रूप से जायजा लेने का अवसर प्रदान करेगी। यह यात्रा भारत की नेबरहुड फर्स्ट पॉलिसी, विज़न सागर और ग्लोबल साउथ के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतिबिंब है।

# सुखबीर बादल की बढ़ी मुश्किलें, श्री अकाल तख्त साहिब ने मांगा 15 दिनों के अंदर स्पष्टीकरण

**एजेंसी**

**चंडीगढ :** पंजाब में अकाली नेता सुखबीर सिंह बादल की मुश्किलें बढ़ गई हैं। सोमवार को जत्थेदार ज्ञानी रघबीर सिंह के नेतृत्व में पांच सिंह साहिबान की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। इसमें सुखबीर सिंह बादल को कुछ दिन पहले बागी अकाली नेताओं द्वारा लगाए गए आरोपों के संबंध में स्पष्टीकरण देने के लिए 15 दिनों के भीतर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने का आदेश दिया गया। इसके अनुसार शिरोमणि अकाली दल के कुछ वरिष्ठ नेताओं की ओर से श्री अकाल तख्त साहिब पर पहुंची शिकायत के अनुसार शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर बादल ने सांप्रदायिक भावनाओं को उचित रूप से व्यक्त नहीं किया। इसके मद्देनजर सुखबीर बादल को इन आरोपों पर 15 दिन के अंदर श्री अकाल तख्त साहिब पर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर लिखित में स्पष्टीकरण देने को कहा गया है। सुखबीर बादल से शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी से 90 लाख के



विज्ञापन संबंधी कुछ अकाली नेताओं द्वारा लगाए गए आरोपों पर स्पष्टीकरण मांगा है। इसके साथ ही गुरुद्वारा साहिबों में दिन-प्रतिदिन बढ़ रही बेअदबी की घटनाओं को रोकने के लिए सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि प्रत्येक गुरुद्वारा साहिब में स्थाई रूप से 24 घंटे सेवादारों की ड्यूटी सुनिश्चित की जाए। किसी भी कोताही या बेअदबी की स्थिति में संबंधित गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी जिम्मेदार होगी और उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। एक अन्य निर्णय के अनुसार बाबा दया सिंह जी मुखी सम्प्रदाय दल बाबा बिधि चंद जी, चलदा वहीर चक्रवर्ती निहंग सिंघां, हेड क्वार्टरर सूरसिंह, जिला श्री तरनतारन साहिब की सेवाओं को देखते हुए उन्हें श्री अकाल तख्त साहिब द्वारा पंथ सेवक का विशेष सम्मान देने की घोषणा की गई। इसके साथ ही ग्लोबल वार्मिंग और वैश्विक स्तर पर हो रहे खतरनाक जलवायु परिवर्तन को देखते हुए पर्यावरण और जल संरक्षण, पक्षियों की लुप्तप्राय प्रजातियों पर चिंता व्यक्त करते हुए यह आदेश जारी किया गया है प्रत्येक सिख को अपने जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए, जल का संरक्षण करना चाहिए ताकि पर्यावरण को प्रदूषण से बचाया जा सके।

## सुप्रीम कोर्ट में फिर से अडानी ग्रुप की जीत

# हिंडनबर्ग मामले में आई याचिका हुई खारिज



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने अडानी ग्रुप पर शेयरों की कीमतों में हेराफेरी के संबंध में लगे आरोपों की जांच का जिम्मा केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो या विशेष जांच दल को सौंपने से इनकार करने के अपने तीन जनवरी के फैसले की समीक्षा का अनुरोध करने वाली याचिका खारिज कर दी है। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने तीन जनवरी के फैसले के खिलाफ जनहित याचिका दायर करने वालों में शामिल अनामिका जायसवाल की तरफ से दायर समीक्षा याचिका को खारिज कर दिया। पीठ ने पांच मई के अपने आदेश में कहा,समीक्षा याचिका पर गौर करने के बाद रिकॉर्ड में कोई त्रुटि नहीं दिखाई देती है। उच्चतम न्यायालय नियम 2013 के आदेश 47 नियम एक के तहत समीक्षा का कोई मामला नहीं बनता है। लिहाजा समीक्षा याचिका खारिज की जाती है। इस याचिका पर न्यायाधीशों ने चैंबर में विचार किया। इसके पहले इस साल तीन जनवरी को शीर्ष अदालत ने शेयर कीमतों में हेराफेरी के आरोपों की सीबीआई या एसआईटी से जांच कराने का आदेश देने से इनकार कर दिया था। उच्चतम न्यायालय ने कहा था कि बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड आरोपों की व्यापक जांच कर रहा है और इसका आचरण भरोसा जगाता है। समीक्षा याचिका में दावा किया गया था कि इस फैसले में गलतियां और त्रुटियां थीं और याचिकाकर्ता के वकील को हासिल कुछ नई सामग्री के आलोक में फैसले की समीक्षा के लिए पर्याप्त कारण थे।

## केपी शर्मा ओली ने ली नेपाल के प्रधानमंत्री पद की शपथ

**काठमांडू :** के पी शर्मा ओली ने सोमवार को चौथी बार नेपाल के प्रधानमंत्री पद की शपथ ली है। बता दें कि नेपाल की सबसे बड़ी कम्युनिस्ट पार्टी के नेता को राष्ट्रपति राम चंद्र पौडेल ने रविवार को एक नई गठबंधन सरकार का नेतृत्व करने के लिए नेपाल का प्रधानमंत्री नियुक्त किया, जो हिमालयी राष्ट्र में राजनीतिक स्थिरता प्रदान करने की कठिन चुनौती का सामना कर रही है। 72 वर्षीय ओली, पुष्प कमल दहल प्रचंड का स्थान लेंगे, जो शुक्रवार को प्रतिनिधि सभा में विश्वास मत हार गए। जिसके बाद अब केपी शर्मा ओली के नेतृत्व में नई सरकार का गठन हुआ। केपी शर्मा ओली संसद में सबसे बड़ी पार्टी नेपाली कांग्रेस के समर्थन से प्रधानमंत्री बने हैं। ओली को राष्ट्रपति पौडेल ने राष्ट्रपति भवन के मुख्य भवन शीतल निवास में शपथ दिलाई। ओली को अब संवैधानिक आदेश के अनुसार नियुक्ति के 30 दिनों के भीतर संसद से विश्वास मत हासिल करना होगा।

# इस्कॉन ने किया दावा : भगवान जगन्नाथ ने बचाई डोनाल्ड ट्रंप की जान

**एजेंसी**

**कोलकाता :** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर हाल ही में हुए हमले को लेकर दुनिया भर में चर्चाएं हो रही हैं। कोई ट्रंप की सुरक्षा में लगे कर्मचारियों पर सवाल खड़े कर रहा तो कोई हमलावर की उम्र पर बात कर रहा। इस बीच, इस्कॉन की तरफ से एक बड़ा दावा किया गया है। कहा जा रहा है कि ट्रंप की जान भगवान जगन्नाथ ने बचाई है। इस्कॉन मंदिर कोलकाता के उपाध्यक्ष राधारमण दास ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक लंबा सा पोस्ट साझा किया है। उन्होंने कहा कि सच में ट्रंप की जान बचने के पीछे भगवान का हाथ है। ट्रंप को भगवान जगन्नाथ ने बचाया है।



इसके लिए उन्होंने 1976 की रथयात्रा का जिक्र किया।गौरतलब है कि रविवार सुबह-सुबह ये जानकारी सामने आई थी कि पेंसिल्वेनिया में एक चुनावी रैली के दौरान डोनाल्ड ट्रंप के ऊपर गोलियां चलाई गई थीं। हालांकि, वह बाल-बाल बच गए। इस घटना में उनके कान में चोट लगी थी।इस्कॉन मंदिर के प्रवक्ता ने कहा, ठीक 48 साल पहले डोनाल्ड ट्रंप ने जगन्नाथ रथयात्रा उत्सव को बचाया था। अब उन्हीं की कृपा से ट्रंप की जान बची है। आज जब पूरी दुनिया जगन्नाथ रथयात्रा उत्सव मना रही है, ऐसे में ट्रंप पर हमला किया गया। जगन्नाथ ने उनके सुकर्मों का फल दिया और ट्रंप की जान बच गई।राधारमण दास ने कहा कि जुलाई 1976 में डोनाल्ड ट्रंप ने रथों के निर्माण के लिए मुफ्त में अपना ट्रेन यार्ड देकर इस्कॉन भक्तों को रथयात्रा आयोजित करने में मदद की थी। आज जब दुनिया नौ दिवसीय जगन्नाथ रथयात्रा उत्सव मना रही है, तो वहीं उन पर यह भयानक हमला और उनका बाल-बाल बचना जगन्नाथ की ईश्वरीय करुणा को दर्शाता है।उन्होंने कहा कि करीब 48 साल पहले, जब इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर कृष्णा कॉन्शियसनेस (इस्कॉन) न्यूयॉर्क शहर में पहली रथ यात्रा आयोजित करने की योजना बना रही थी, तो चुनौतियां बहुत अधिक थीं। उन्होंने आगे कहा कि फिफ्थ एवेन्यू में परेड परमिट देना किसी चमत्कार से कम नहीं था।